

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 304 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 12 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 14 मूल्य 05 रुपया

## वायदा कारोबार में खुदरा निवेशकों का घाटा 18 प्रतिशत घटा

*2025-26 में नुकसान 91,685 करोड़ रुपये रहा, निवेशकों की संख्या भी घटी*

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के नियामकीय कदमों के बाद वायदा एवं विकल्प कारोबार में खुदरा निवेशकों का कुल नुकसान वित्त वर्ष 2025-26 में 18 प्रतिशत घटकर 91,685 करोड़ रुपये रह गया। सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत निवेशकों का शुद्ध नुकसान 1,11,788 करोड़ रुपये था। वहीं, इस क्षेत्र में सक्रिय विशिष्ट खुदरा निवेशकों की संख्या भी करीब 20 प्रतिशत घटकर 78.6 लाख रह गई, जो एक साल पहले 98.1 लाख थी।

हालांकि, कुल नुकसान घटने के बावजूद प्रति निवेशक औसत नुकसान बढ़कर 1,16,654 रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 1,13,913 रुपये था।

नियामकीय उपायों के बाद वायदा एवं विकल्प कारोबार का कुल मूल्य भी घटकर 202 लाख करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 213 लाख करोड़ रुपये था। वहीं, इस कारोबार से मिलने वाला प्रतिभूति लेनदेन कर 7,893 करोड़ से बढ़कर 27,695 करोड़ रुपये हो गया।

सेबी ने जोखिम कम करने के लिए अनुबंध का आकार बढ़ाने, विकल्पों के प्रीमियम की अग्रिम वसूली, समाप्ति दिवस पर जोखिम निगरानी मजबूत करने और स्थिति सीमा की निगरानी जैसे कई कदम उठाए हैं। (इनपुट : आईएएनएस)

## ग्रेटर नोएडा में भारत जैव ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

**कचरे को समस्या नहीं, ऊर्जा, रोजगार और आर्थिक विकास का अवसर मानने की जरूरत : ए.के. शर्मा**

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 11 अगस्त। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में मंगलवार को भारत जैव ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने देश-विदेश से आए विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, संपीड़ित जैव गैस उत्पादन और विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी है। उन्होंने देश-विदेश के निवेशकों का प्रदेश में निवेश के लिए आह्वान करते हुए कहा, "आप उत्तर प्रदेश आइए और कहीं भी अपना संयंत्र लगाइए।"

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। सुरक्षित, शांतिपूर्ण और




निवेश के अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के निवेशकों के लिए भरोसेमंद स्थान बनकर उभरा है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जैव ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था, गन्ना उत्पादन, कृषि अवशेष, जैविक कचरा और नगरों से निकलने वाला ठोस कचरा जैव ऊर्जा उत्पादन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराते हैं। इनका वैज्ञानिक और तकनीकी उपयोग कर स्वच्छ ऊर्जा के साथ किसानों, युवाओं और उद्योगों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि कचरे को समस्या नहीं, बल्कि ऊर्जा, रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर के रूप में देखा जाए। संपीड़ित जैव गैस, जैव गैस, जैव ईंधन और कचरे से ऊर्जा बनाने जैसी तकनीकें स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ कचरा प्रबंधन को भी मजबूत कर सकती हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि जैव ऊर्जा में निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों के कृषि अवशेषों का बेहतर उपयोग होने से उनकी अतिरिक्त आय बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इससे प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। **पेज 3 — विस्तार**

## विश्व कप 2027 के लिए 10 टीमें तय, अफगानिस्तान ने भी बनाई जगह

**आयरलैंड को हराकर सीधे प्रवेश, वेस्टइंडीज के सामने फिर क्वालीफायर की चुनौती**

समाज जागरण

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2027 के लिए अब तक 10 टीमों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ पांच मैचों की एक-दिवसीय श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज कर विश्व कप के लिए सीधे प्रवेश हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान की इस जीत के साथ ही विश्व कप 2027 के लिए सीधे प्रवेश पाने वाली टीमों की संख्या 10 हो गई है। अफगानिस्तान इससे पहले भारत में आयोजित 2023 विश्व कप में भी शामिल हुआ था और वहां अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को प्रभावित किया था।



### 2023 में बड़े दिग्गजों को दी थी शिकस्त

अफगानिस्तान ने 2023 विश्व कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी पूर्व विश्व विजेता टीमों को हराकर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी जीत के करीब पहुंची थी, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल की ऐतिहासिक दोहरे शतक वाली पारी ने मुकाबले का रुख बदल दिया था। ऐसे में 2027 विश्व कप में भी अफगानिस्तान से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

### वेस्टइंडीज को फिर खेलना होगा क्वालीफायर

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज एक-दिवसीय विश्व कप 2027 के लिए सीधे प्रवेश हासिल नहीं कर सकी है। अब उसे अगले वर्ष फरवरी में होने वाले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में खेलना होगा। इस प्रतियोगिता के विजेता को 2027 विश्व कप के दूसरे दौर में सीधे प्रवेश मिलेगा, जबकि दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को ह्यसुपर सीरीजह्व के पहले दौर में खेलना होगा।

### लगातार दूसरी बार संकट में वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज के लिए यह लगातार दूसरा अवसर है जब उसे विश्व कप में जगह बनाने के लिए क्वालीफायर का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। 2023 में भी टीम मुख्य विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। यह उसके क्रिकेट इतिहास में पहली बार था, जब वेस्टइंडीज एकदिवसीय विश्व कप के मुख्य चरण से बाहर रही।

# सीएम योगी ने गिनाई कानून-व्यवस्था और विकास की उपलब्धियां

## बोले- अब त्योहारों पर नहीं लगता डर, पूर्वांचल से इंसेफेलाइटिस का खात्मा किया


समाज जागरण

संत कबीर नगर, 11 अगस्त। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संत कबीर नगर में 684 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 201 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस की समस्या, कानून-व्यवस्था, धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा और क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तथा पिछली सरकारों पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस का प्रकोप बच्चों और उनके परिवारों के लिए भय का कारण बना रहता था। संत कबीर नगर, गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, देवरिया, गोंडा और बलरामपुर सहित कई जिलों में बीमारी के मौसम में परिवार बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। उन्होंने दावा किया कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

### कांग्रेस-सपा सरकारों पर साधा निशाना

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को लंबे समय तक प्रदेश और देश में शासन करने का अवसर मिला, लेकिन इंसेफेलाइटिस की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। समाजवादी पार्टी को भी प्रदेश में चार बार सरकार बनाने का



अवसर मिला, लेकिन बीमारी के खिलाफ प्रभावी और स्थायी कदम नहीं उठाए गए।

उन्होंने कहा, "मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त कर दिया।"

### अब त्योहारों पर नहीं लगता भय

मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था में सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले पर्व और त्योहारों के दौरान प्रशासन को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ता था। मेंहदावल, बखिरा और खलीलाबाद में दुर्गापूजा पंडाल, मूर्ति विसर्जन और रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर उन्हें स्वयं हस्तक्षेप करना पड़ता था। योगी ने कहा, "अब मैं लखनऊ से ही देख सकता हूं कि आपकी मूर्ति, दुर्गापूजा का पंडाल सुरक्षित है। किसी को भय नहीं है।" उन्होंने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को लेकर लोगों के मन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

### तामेश्वरनाथ धाम के विकास पर जोर

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक विकास का उल्लेख करते हुए तामेश्वरनाथ धाम और प्रस्तावित गलियारे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के पास विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। सरकार धार्मिक स्थलों के विकास के साथ सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है।

### पिछली सरकारों की प्राथमिकताओं पर सवाल

योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले भी सरकारी खजाने में धन उपलब्ध था, लेकिन विकास की प्राथमिकताएं अलग थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय धन कब्रिस्तान की चहारदीवारी के नाम पर खर्च हो जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार विकास और विरासत संरक्षण को साथ लेकर चल रही है तथा योजनाओं का उद्देश्य आम लोगों का जीवन आसान बनाना और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### 684 करोड़ की परियोजनाओं से विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर नगर में शुरू की जा रही 201 विकास परियोजनाओं पर 684 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।




## चांद पर भारत-अमेरिका की बढ़ी दोस्ती, नासा ने इसरो को दिया न्योता

नई दिल्ली। चंद्रमा पर भविष्य की मानव बस्तियों की तैयारी के बीच भारत और अमेरिका के अंतरिक्ष सहयोग को नई गति मिलने जा रही है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो को चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम में सहयोग के लिए आमंत्रित किया है। यह पहल आर्टेमिस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करेगी। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस संबंध में जानकारी साझा की है। निसार मिशन की सफलता के बाद दोनों देशों ने वैज्ञानिक अभियानों और मानव अंतरिक्ष उड़ान से जुड़ी तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई है। वहीं, चंद्रमा पर अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए चीन भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में भारत-अमेरिका की बढ़ती अंतरिक्ष साझेदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## पुरानी पेंशन योजना पर सरकार ने स्थिति की साफ

**केंद्र ने कहा- ओपीएस की जगह एकीकृत पेंशन योजना विकल्प**

समाज जागरण

नई दिल्ली। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली की मांग के बीच केंद्र सरकार ने संसद में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि पुरानी पेंशन योजना को फिर लागू करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार ने नई पेंशन व्यवस्था की जगह कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को विकल्प के रूप में पेश किया है।

सरकार के अनुसार, पुरानी पेंशन योजना से सरकारी खजाने पर लंबे समय में असहनीय वित्तीय बोझ पड़ सकता है। वहीं, राज्य सरकारें अपने स्तर पर ओपीएस बहाल करने का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।



### यूपीएस में क्या है खास?

केंद्र सरकार का कहना है कि एकीकृत पेंशन योजना कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसमें महंगाई से जुड़ी सुनिश्चित पेंशन का प्रावधान है और पात्र कर्मचारियों को कम से कम 10,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलने का प्रावधान बताया गया है। सरकार ने यह भी कहा कि राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के फैसले के दीर्घकालिक वित्तीय प्रभावों को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों में चिंता जताई गई है।

## वाराणसी एयरपोर्ट पर दो घंटे थमी उड़ानें

**रनवे में तकनीकी खराबी के बाद कई विमान डायवर्ट, यात्रियों में मची अफरा-तफरी**

समाज जागरण

वाराणसी, 11 अगस्त। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार दोपहर रनवे में तकनीकी खराबी सामने आने के बाद करीब दो घंटे तक विमानों का संचालन पूरी तरह रोक दिया गया। इस दौरान कई उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर मोड़ना पड़ा, जबकि यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दिल्ली से वाराणसी पहुंची एक उड़ान के पायलट ने रनवे में गड़बड़ी की जानकारी अधिकारियों को दी। इसके बाद तकनीकी दल ने रनवे की जांच की, जिसमें शिकायत सही पाई गई। एहतियात के तौर पर दोपहर करीब एक बजे से तीन बजे तक उड़ानों का आवागमन बंद रहा। तकनीकी विशेषज्ञों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद खराबी को दूर कर दिया, जिसके बाद रनवे पर विमानों की आवाजाही बहाल की गई। इस दौरान यात्रियों में अपनी उड़ानों की स्थिति जानने को लेकर असमंजस और अफरा-तफरी का माहौल रहा।



## ग्रामीण आवास योजना में 4.18 करोड़ घरों का लक्ष्य

**अब तक 1.21 करोड़ आवास पूरे, यूपी में 14.69 लाख घर बने**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत देश में 4.18 करोड़ आवासों का लक्ष्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित किया गया है। इनमें से अब तक 1.21 करोड़ आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने लोकसभा में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच योजना के तहत केंद्र ने 1.31 लाख करोड़ रुपये की सहायता जारी की। सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2029 तक ग्रामीण क्षेत्रों में 4.95 करोड़ आवासों के निर्माण में सहायता देना है।

उत्तर प्रदेश को करीब 42.77 लाख आवासों का लक्ष्य मिला है, जबकि राज्य में अब तक 14.69 लाख आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।

## 10 और 20 रुपये के पॉलीमर नोटों का होगा परीक्षण

**सरकार ने दो अरब नोटों के क्षेत्रीय परीक्षण को दी मंजूरी**

नई दिल्ली। भारत में जल्द ही पॉलीमर नोटों का परीक्षण शुरू हो सकता है। केंद्र सरकार ने 10 और 20 रुपये मूल्यवर्ग के एक-एक अरब यानी कुल दो अरब पॉलीमर नोटों के क्षेत्रीय परीक्षण को मंजूरी दे दी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर यह मंजूरी दी गई है। परीक्षण सफल रहने पर पॉलीमर नोटों को कागज आधारित मौजूदा नोटों के साथ समानांतर रूप से चलाने की योजना है।

पॉलीमर नोट विशेष प्रकार के प्लास्टिक से बनाए जाते हैं। ये सामान्य कागजी नोटों की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं और नमी, धूल व घिसावट का बेहतर सामना कर सकते हैं।

इनमें उन्नत सुरक्षा विशेषताएं शामिल करना भी आसान होता है।

# गोमूत्र से कमाई मॉडल या चुनावी चमक

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर से गोमूत्र खरीद का जो पायलट मॉडल सामने आया है, उसे केवल गाय, गांव और संस्कृति की कहानी मानना आसान है, लेकिन असली सवाल इससे कहीं बड़ा है। सवाल यह है कि क्या सरकार गोमूत्र को सचमुच ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया उत्पाद बनाना चाहती है, या फिर ऐसी घोषणा कर रही है जिसकी चमक कुछ समय बाद सरकारी कागजों तक सिमट जाएगी। 15 गांवों से रोज करीब 500 लीटर गोमूत्र एकत्र करने का लक्ष्य सुनने में छोटा है, लेकिन इसी आंकड़े में योजना की ताकत और कमजोरी दोनों छिपी हैं। 500 लीटर प्रतिदिन का मतलब साल भर में करीब 1.82 लाख लीटर है। दस रुपये लीटर की दर से केवल खरीद पर सालाना लगभग 18.25 लाख रुपये खर्च होंगे। दर बीस रुपये हुई तो यही खर्च 36.5 लाख रुपये पहुंच जाएगा। अब सवाल यह है कि इस कच्चे माल से तैयार उत्पादों की बिक्री कितनी होगी और सरकारी खरीद के मुकाबले बाजार से कितनी आमदनी आएगी। बुलंदशहर में यह प्रयोग बिल्कुल शून्य से शुरू नहीं हुआ है। नरसेना क्षेत्र में पिछले वर्षों से महिला समूह गोमूत्र संग्रह कर रहे हैं। 2023 में वहां किसानों से 10 से 15 रुपये लीटर तक खरीद और जैविक खाद तथा कीटनाशक तैयार करने का दावा सामने आया था। उस समय एक साल में 10 हजार लीटर खरीद के बाद अगले चरण में 50 हजार लीटर का लक्ष्य बताया गया था। 2024 की रिपोर्टों में दर्जन से अधिक गांवों में महिला समूहों के संग्रह केंद्र और 20 हजार लीटर से अधिक संचयन का उल्लेख मिला। इसका मतलब साफ है कि सरकार के सामने कोई काल्पनिक प्रयोग नहीं, बल्कि पहले से चल रही स्थानीय गतिविधि को बड़े ढांचे में बदलने का अवसर है। यही कारण है कि नई योजना की असली परीक्षा घोषणा नहीं, पुराने अनुभव से सीख लेने में होगी।

छत्तीसगढ़ का उदाहरण सबसे महत्वपूर्ण है। जुलाई 2022 में वहां गोधन न्याय योजना के विस्तार के रूप में चार रुपये लीटर की दर से गोमूत्र खरीद शुरू हुई। उद्देश्य था उससे ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक कीटनाशक और जीवामृत जैसे कृषि इनपुट बनाना। उस समय राज्य में आठ हजार से अधिक गौठानों का ढांचा भी बताया गया था। फिर भी किसी योजना की सफलता केवल खरीद केंद्रों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। यदि संग्रहित सामग्री का नियमित प्रसंस्करण, पैकेजिंग, प्रमाणन और बिक्री नहीं होती, तो खरीद अपने आप में टिकाऊ कारोबार नहीं बनती। यही वह बिंदु है जहां उत्तर प्रदेश को उत्साह से ज्यादा व्यवस्था दिखानी होगी।गुजरात का हालिया मॉडल इस बहस को एक और दिशा देता है। बनास डेयरी ने 2025 में देशी कांकरेज गाय पालने वाले करीब 150 पशुपालकों से पांच रुपये लीटर की दर पर गोमूत्र खरीदने का पायलट शुरू किया। राधनपुर के संयंत्र में इसे मृदा कंडीशनर और पौध वृद्धि से जुड़े उत्पादों में बदलने की व्यवस्था की गई। यहां महत्वपूर्ण बात खरीद की कीमत नहीं, बल्कि खरीद से पहले प्रसंस्करण और बिक्री का ढांचा है। डेयरी के पास संग्रह, परिवहन, संयंत्र, ब्रांड और बाजार की क्षमता है। उत्तर प्रदेश को भी इसी सवाल का जवाब देना होगा कि बुलंदशहर से निकलने वाला 500 लीटर प्रतिदिन आखिर किस संयंत्र में जाएगा, कितने घंटे में पहुंचेगा, किस तापमान और किस गुणवत्ता मानक पर रखा जाएगा और तैयार उत्पाद कौन खरीदेगा।

गोमूत्र के कृषि उपयोग को पूरी तरह खारिज करना भी उतना ही गलत होगा जितना उसे हर बीमारी की दवा मान लेना। वैज्ञानिक साहित्य में गोबर और गोमूत्र आधारित जीवामृत जैसे मिश्रणों पर खेत परीक्षण हुए हैं और कुछ परिस्थितियों में इनके पोषक तथा सूक्ष्मजीवी प्रभाव दर्ज किए गए हैं। लेकिन खेत में किसी जैविक घोल का उपयोग और मानव औषधि के रूप में उसका सेवन दो अलग बातें हैं। इसलिए सरकार यदि गोमूत्र से दवाएं बनाने की बात करती है तो उसे आयुर्वेदिक औषधि नियमों, परीक्षण, बैच गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा के मानकों से गुजरना होगा। परंपरा बाजार की शुरूआत कर सकती है, प्रमाणन ही उसे विश्वसनीय बाजार बनाता है।सबसे बड़ी चुनौती संग्रहण है। ताजा गोमूत्र कोई दूध नहीं है जिसे सामान्य दुग्ध श्रृंखला की तरह तुरंत उठाकर हर जगह पहुंचा दिया जाए। गांव में स्वच्छ संग्रह पात्र, ढक्कनयुक्त टैंक, फिल्ट्रेशन, बैच पहचान, परिवहन और प्रसंस्करण की समयसीमा तय करनी होगी। गाय की नस्ल, पशु का स्वास्थ्य, आहार, पानी, दवाओं का इस्तेमाल और मिलावट जैसी बातें गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती हैं। यदि एक गांव का माल दूसरे गांव के माल से अलग है तो तैयार उत्पाद की गुणवत्ता भी बदल सकती है। इसलिए खरीद के साथ गुणवत्ता ग्रेडिंग जरूरी है। केवल दस या बीस रुपये की कीमत तय कर देना गुणवत्ता नियंत्रण नहीं है।

300 महिलाओं को शेयरहोल्डर बनाना योजना का सबसे आकर्षक हिस्सा है, लेकिन यहीं सबसे बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। यदि 500 लीटर रोज पर दो रुपये प्रति लीटर कमीशन का प्रावधान है, तो कुल कमीशन एक हजार रुपये प्रतिदिन और करीब 3.65 लाख रुपये सालाना होगा। 300 महिलाओं में बराबर बांटें तो औसतन लगभग 1,217 रुपये सालाना, यानी करीब 101 रुपये महीना बैठता है। इसलिए इसे महिला आर्थिक सशक्तीकरण का बड़ा मॉडल बताने से पहले यह स्पष्ट करना होगा कि महिलाओं की वास्तविक आय कितनी होगी, शेयर का स्वामित्व कैसे तय होगा, लाभांश मिलेगा या नहीं और संग्रह, प्रसंस्करण तथा बिक्री में उनका हिस्सा कितना रहेगा। सिर्फ कमीशन से आत्मनिर्भरता का दावा कमजोर पड़ जाएगा।सरकार के लिए सबसे जरूरी काम खरीद दर बढ़ाना नहीं, मांग पैदा करना होना चाहिए। यदि आज दस रुपये और कल बीस रुपये देने का वादा है, तो उसके साथ यह भी बताया जाना चाहिए कि उत्पाद कितने रुपये में बिकेगा और बाजार कितना बड़ा है। कृषि विभाग, आयुर्वेद संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, सहकारी समितियां और निजी कंपनियां मिलकर परीक्षण करें। किसानों के खेतों पर नियंत्रित प्रदर्शन हों। उत्पादों की लागत, फसल पर असर, रासायनिक विकल्पों के मुकाबले लाभ और बाजार में दोबारा खरीद की दर सार्वजनिक की जाए। तभी पता चलेगा कि यह सब्सिडी है या कारोबार।

योजना को चुनावी चश्मे से देखना भी आसान है, खासकर जब उत्तर प्रदेश 2027 की विधानसभा चुनावी तैयारी में प्रवेश कर चुका है। लेकिन केवल इसी आधार पर इसे खारिज करना जल्दबाजी होगी। गायों से जुड़ी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समस्या वास्तविक है। अनुपयोगी पशु किसान के लिए खर्च हैं और गोसंरक्षण तभी टिकेगा जब पशुपालन आर्थिक रूप से व्यवहार्य बने। गोबर, गोमूत्र, दूध, जैविक खाद और प्राकृतिक कृषि इनपुट को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था में बदलना इसलिए उपयोगी विचार हो सकता है।मगर अच्छी योजना वही है जो नारे के बाद भी चलती रहे। बुलंदशहर के 500 लीटर प्रतिदिन को 5,000 या 50,000 लीटर तक ले जाना आसान घोषणा है; उसके लिए दस गुना संग्रह केंद्र, परिवहन, परीक्षण, प्रसंस्करण और बाजार चाहिए। सरकार को हर छह महीने खरीद, भुगतान, प्रसंस्करण, बिक्री और किसानों की आय के आंकड़े सार्वजनिक करने चाहिए।

योजना का असली पैमाना होगा कि सरकारी पैसा बाजार बनाए, बाजार सरकार नहीं। अगर उत्पाद बाजार में बिकता है, किसानों को समय पर पैसा मिलता है, महिलाओं की आय बढ़ती है और पशुपालन का खर्च घटता है, तो इसे पूरे प्रदेश में फैलाने में कोई हर्ज नहीं। लेकिन अगर सरकारी पैसा कच्चा माल खरीदता रहे और बाजार तैयार न हो, तो यह भी उन योजनाओं की सूची में जुड़ जाएगा जिनमें शुरूआत बहुत बड़ी और परिणाम बहुत छोटे थे।

# छात्र आंदोलनों में लोगों का दोहरा मापदंड क्यों?

महेन्द्र तिवारी



राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर जब देश भर के छात्रों की आवाज गूंज रही थी, तब पूरे भारत में शिक्षा व्यवस्था की खामियों, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और कथित रूप से प्रश्नपत्र के अवैध तरीके से सार्वजनिक होने को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गई थी। उस समय दिल्ली में चले उस आंदोलन ने बहुत जल्द राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले लिया था। सत्ता के गलियारों से सीधे और तीखे सवाल पूछे गए, शिक्षा व्यवस्था की पूरी जवाबदेही तय करने की मांग उठी और देश के भविष्य को लेकर बड़े और आदर्शवादी बयान सामने आए। उस आंदोलन के समर्थन में देश के कई नामी, प्रतिष्ठित और प्रभावशाली चेहरे भी दिखाई दिए, जिन्होंने छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का दावा किया। समाचार पत्रों के मुख्य पृष्ठों से लेकर हर वैचारिक मंच पर केवल युवाओं के अधिकारों की बात हो रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा देश छात्रों के दर्द को अपना दर्द मान चुका है।

लेकिन आज जब वही सवाल, वैसी ही विसंगतियां और वैसा ही दर्द रांची की सड़कों पर खुले आसमान के नीचे खड़ा है, तो वह राष्ट्रीय आक्रोश कहीं खोया हुआ सा लगता है। झारखंड की राजधानी रांची में राज्य लोक सेवा आयोग और राज्य कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्र बहुत लंबे समय से कड़ाके की ठंड और तमाम प्रशासनिक दुश्वारियों के बीच लगातार आंदोलन कर रहे हैं। उनका यह संघर्ष 17 दिनों का लंबा सफर तय कर चुका है। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और छात्रों के बीच बातचीत के कई दौर भी आयोजित हुए हैं, लेकिन विवाद पूरी तरह से समाप्त नहीं हो सका है और छात्रों का गहरा असंतोष जस का तस बना हुआ है। झारखंड जैसे राज्य में जहां अधिकतर छात्र ग्रामीण और अत्यंत सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं, उनके लिए सरकारी नौकरी केवल रोजगार नहीं बल्कि पूरे परिवार के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का एकमात्र साधन होती है।

ऐसे गंभीर समय में यह सवाल उठना पूरी तरह से स्वाभाविक है कि राजधानी दिल्ली में छात्रों के साथ हुए अन्याय पर अपनी आवाज बुलंद करने वाले वे तमाम नामी लोग और विचारक अब कहां छिपे हैं? क्या किसी छात्र की पीड़ा और उसका दर्द दिल्ली की सीमा समाप्त होते ही अचानक से कम हो जाता है? क्या परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता का सवाल केवल देश की राजधानी में ही अधिक महत्वपूर्ण होता है और रांची या किसी अन्य प्रांतीय शहर तक पहुंचते ही उसका महत्व पूरी तरह से शून्य हो जाता है? यह एक ऐसा कड़वा विरोधाभास है जो हमारी बौद्धिक और सामाजिक चेतना पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। प्रसिद्ध अभिनेता पीयूष मिश्रा ने रांची पहुंचकर इस पूरी बहस को एक नई और अत्यंत तीखी धार दे दी है। उन्होंने रांची में आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच जाकर न केवल उनका खुला समर्थन किया, बल्कि दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की एक पुरानी टिप्पणी के संदर्भ में बहुत ही तीखा कटाक्ष भी किया।

अभिनेता की भाषा, उनके तेवर और उनके शब्दों के चयन पर अलग से एक लंबी बहस हो सकती है और शायद एक स्वस्थ व लोकतांत्रिक समाज में यह बहस होनी भी चाहिए। लेकिन उन्होंने जिस मूल सवाल को पूरे देश के सामने लाकर खड़ा कर दिया है, उसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब यह सवाल केवल इस बात तक सीमित नहीं रह गया है कि कौन सा अभिनेता या कौन सा प्रसिद्ध चेहरा किस वैचारिक गुट के साथ खड़ा है। असल और सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या देश में छात्र आंदोलन भी अब केवल किसी राजनीतिक सुविधा का विषय बन गए हैं? क्या अब केवल यह देखा जाएगा कि सत्ता के सिंहासन पर कौन बैठा है और उसी के आधार पर यह तय होगा कि किस राज्य के छात्र के लिए आंसू बहाने हैं और किस राज्य के छात्र को उसके हाल पर बेसहारा छोड़ देना है?

जब दिल्ली में आंदोलन सत्ता के शीर्ष केंद्र के ठीक सामने हो रहा था, तब उसकी गूंज राष्ट्रीय समाचार माध्यमों तक बहुत आसानी से और तेज गति से पहुंच गई थी। हर तरफ निरंतर चर्चा हो रही थी। लेकिन हमें यह बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए कि रांची के छात्र भी इसी देश के उतने ही महत्वपूर्ण नागरिक हैं। वे भी अपने जीवन के कई बहुमूल्य वर्ष छोटी छोटी कोठरियों में बंद रहकर पढ़ाई करते हुए गुजारते हैं। वे भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अपना खून पसीना एक करते हैं। उनके माता पिता भी अपनी गाढ़ी कमाई का एक एक पैसा, और कई बार तो कर्ज लेकर भी, अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में लगाते हैं। यदि उन्हें अपनी परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार, पक्षपात या धांधली दिखाई देती है, तो उनके सवालों का और उनके आक्रोश का महत्व दिल्ली के छात्रों के आक्रोश से एक प्रतिशत भी कम कैसे आंका जा सकता है? अन्याय का पैमाना भौगोलिक स्थान के आधार पर नहीं बदला जा सकता।

यहां दिल्ली के आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संगठन और उसके संयोजक अभिजीत दिपके को लेकर भी कई सामाजिक मंचों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कुछ आलोचकों का कहना है कि वे रांची के मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। लेकिन उपलब्ध ताजा सूचनाएं और जमीनी तथ्य स्पष्ट रूप से बताते हैं कि वे पूरी तरह से चुप नहीं बैठे हैं। उन्होंने रांची के छात्रों के समर्थन में सार्वजनिक रूप से अपनी एकजुटता जताई है और उनके संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल भी स्थिति का जायजा लेने तथा समर्थन देने के लिए रांची पहुंच चुका है। इसलिए बिना पूरे तथ्य जाने केवल यह कह देना कि वे पूरी तरह से गायब हो गए हैं या उन्होंने इस प्रांतीय मुद्दे से अपनी आंखें मूंद ली हैं, पूरी तरह से न्यायसंगत नहीं होगा। फिर भी एक बहुत बड़ा और समाज को चुभने वाला प्रश्न हमारे सामने खड़ा रहता है। दिल्ली के आंदोलन में जिस आक्रामकता, व्यापक दृश्यता और राष्ट्रीय स्तर की लामबंदी का अभूतपूर्व प्रदर्शन देखने को मिला था, क्या वही ऊर्जा और वही उत्साह रांची के छात्रों के लिए भी दिखाई दे रहा है?

यदि इसका उत्तर नहीं है, तो हमें रुककर इसके मूल कारणों पर बहुत गहराई से विचार करना होगा। यहीं से यह सवाल भी जन्म लेता है कि क्या दिल्ली का वह चर्चित आंदोलन किसी विशेष राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित था या क्या यह कोई षड्यंत्र था? लेकिन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में षड्यंत्र का आरोप हमेशा ठोस प्रमाण मांगता है। केवल किसी आंदोलन की तीव्रता में अंतर होने या किसी प्रसिद्ध चेहरे की अनुपस्थिति को सीधे तौर पर किसी बड़े षड्यंत्र का अकाट्य प्रमाण मान लेना सर्वथा अनुचित होगा। लोकतांत्रिक विमर्श में किसी की नीयत पर संदेह अवश्य किया जा सकता है, व्यवस्था से कड़े सवाल भी पूछे जा सकते हैं, लेकिन अंतिम निष्कर्ष हमेशा तथ्यों और ठोस सबूतों के आधार पर ही निकाला जाना चाहिए। छात्रों का दर्द न तो किसी सत्ताधारी दल की बपौती हो सकता है, न ही किसी विपक्षी दल की जागीर है और न ही किसी अन्य क्षेत्रीय दल का राजनीतिक हथियार हो सकता है। यह विशुद्ध रूप से भारत के युवाओं का और देश के भविष्य का दर्द है।

परीक्षा चाहे राष्ट्रीय स्तर की हो या राज्य स्तर की, न्याय की गुहार और अन्याय का पैमाना पूरे देश में एक समान होना चाहिए। किसी भी युवा के साथ उसकी भौगोलिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसलिए आज यह सवाल उन तमाम नामी हस्तियों, साहित्यकारों, अभिनेताओं और विचारकों से भी है जो दिल्ली में छात्रों की बुलंद आवाज बन रहे थे। यह सवाल उन सभी राजनीतिक शक्तियों से भी है जो अपनी सुविधा और अपने चुनावी गणित के अनुसार छात्र आंदोलनों को अपना समर्थन देते हुए दिखाई देते हैं। देश के छात्रों को किसी के उपकार या झूठी सहानुभूति की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल एक निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली, एक पारदर्शी व्यवस्था तथा अपने भविष्य के प्रति सच्चा न्याय चाहिए। यदि कोई आंदोलन सचमुच छात्रों के कल्याण के लिए है, तो उसकी अग्नि का ताप देश की राजधानी दिल्ली से लेकर झारखंड की राजधानी रांची तक बिल्कुल एक समान होना चाहिए। वरना आने वाली पीढ़ियां इतिहास के पन्नों में यही सवाल पूछेंगी कि क्या उस दौर में उठी आवाजें वास्तव में छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए उठी थीं, या फिर वे केवल किसी खास राजनीतिक मौसम का फायदा उठाने के लिए रची गई एक सुविधाजनक पटकथा का हिस्सा मात्र थीं।

# बसपा के युवा नेता की 'राहुल-अखिलेश अंकल' वाली सनसनी

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**
वरिष्ठ पत्रकार

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने एक बार फिर अपने सबसे भरोसेमंद युवा चेहरे आकाश आनंद पर दांव खेला है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के शंखनाद के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले की सादाबाद सीट पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में आकाश आनंद ने जिस आक्रामक अंदाज में वापसी की, उसने प्रदेश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। कुछ समय के राजनीतिक वनवास और मायावती द्वारा किनारे किए जाने के बाद राष्ट्रीय समन्वयक की भूमिका में लौटे आकाश इस बार अधिक परिपक्व, सधे हुए और रणनीतिक रूप से तीखे नजर आए। उन्होंने भाजपा, सपा और कांग्रेस तीनों को एक ही तराजू में तौलते हुए बहुजन समाज के सामने उन्हें जनविरोधी नीतियों वाली ताकतों के रूप में पेश किया। लेकिन इस जनसभा की सबसे बड़ी गूंज किसी नीतिगत घोषणा से नहीं, बल्कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव के लिए इस्तेमाल किए गए एक शब्द से हुईह्यअंकलह्न।आकाश आनंद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को ह्यभैयाह्न कहने से इनकार करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के लिए वे ह्यअंकलह्न हैं। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव लंबे समय से मायावती को ह्यबुआ जीह्न कहकर संबोधित करते रहे हैं। आकाश ने उसी रिश्ते की राजनीतिक भाषा को पलटते हुए खुद को ह्यभतीजेह्न की अगली पीढ़ी और अखिलेश-राहुल को पुरानी पीढ़ी के नेता के रूप में पेश करने की कोशिश की। हमला उम्र से ज्यादा राजनीतिक ब्रांडिंग पर था।आकाश आनंद की नई राजनीति यहीं दिखाई देती है। लगभग तीस वर्ष की उम्र में वह खुद को ऐसे नेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं जो युवाओं से उनकी भाषा में बात कर सके। पेपर लीक, बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं का संकट, महंगी शिक्षा और भविष्य को लेकर असुरक्षा जैसे सवाल आज उत्तर प्रदेश के युवा मतदाताओं की राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ह्यअंकलह्न वाला तंज इसी रणनीति का प्रचारयोग्य हिस्सा है।

बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ भाजपा या समाजवादी पार्टी नहीं, बल्कि उसका अपना सिकुड़ता हुआ सामाजिक आधार है। 2007 में मायावती ने सोशल इंजीनियरिंग के दम पर पूर्ण बहुमत हासिल कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में इतिहास रचा था। दलित आधार के साथ ब्राह्मणों और दूसरे सामाजिक समूहों को जोड़कर बनाई गई वह रणनीति बसपा की सबसे बड़ी चुनावी सफलता बनी। लेकिन 2012 के बाद पार्टी का ग्राफ लगातार नीचे गया। 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा 19 सीटों पर सिमट गई, जबकि उसका वोट शेयर लगभग 22 प्रतिशत रहा। 2022 में स्थिति और खराब हुई, जब पार्टी सिर्फ एक सीट जीत सकी और उसका वोट शेयर लगभग 12.8 प्रतिशत रह गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता नहीं खुला। यह परिणाम संगठन और सामाजिक गठजोड़ के संकट का संकेत था।इस संकट का सबसे बड़ा राजनीतिक असर दलित वोटों के भीतर दिखाई दिया। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद ने दलित युवाओं के बीच एक आक्रामक और प्रतिरोध की राजनीति वाली छवि बनाई। लोकसभा चुनाव में उनकी सफलता ने यह संकेत दिया कि बसपा का पारंपरिक वोट बैंक अब हमेशा अपने पुराने नेतृत्व के साथ स्वतः नहीं रहने वाला। हाथरस जैसे क्षेत्र में पहली बड़ी सभा करना इस बात का संकेत है कि बसपा दलित युवाओं के बीच अपनी जमीन पर सीधी लड़ाई लड़ना चाहती है।2024 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान आकाश के कुछ आक्रामक बयानों के बाद मायावती ने उन्हें राष्ट्रीय समन्वयक और उत्तराधिकारी की भूमिका से हटा दिया था। चुनावी नतीजों के बाद पार्टी के सामने यह सवाल खड़ा हुआ कि बिना युवा चेहरे के वह नई पीढ़ी तक कैसे पहुंचेगी। इसी दबाव ने आकाश की वापसी की जमीन तैयार की। इस बार उन्हें आक्रामकता के साथ अनुशासन का संतुलन साधना होगा। मायावती ने उन्हें मैदान में उतरने की जिम्मेदारी दी है।



2027 के लिए बसपा की रणनीति का पहला लक्ष्य अपने कैडर को फिर से सक्रिय करना है। पार्टी जानती है कि केवल सोशल मीडिया या बड़ी रैलियों से चुनाव नहीं जीते जा सकते। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता, सेक्टर कमेटियां और मतदाता संपर्क उसका असली आधार हैं। इसलिए संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए युवाओं को अधिक जिम्मेदारी देने की कोशिश की जा रही है। आकाश सोशल मीडिया, डिजिटल अभियान और नई राजनीतिक भाषा के जरिए बसपा की पारंपरिक छवि को बदलने की कोशिश कर सकते हैं। सफल होने पर पार्टी का संदेश पुराने कैडर से आगे जाएगा।दूसरी बड़ी चुनौती समाजवादी पार्टी का पीडीए समीकरण है। लोकसभा चुनाव में सपा ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक सामाजिक गठजोड़ को अपनी राजनीति का केंद्रीय आधार बनाया। बसपा के लिए यह सीधी चुनौती है, क्योंकि दलित वोट उसके सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार रहे हैं। आकाश आनंद का सपा पर हमला केवल अखिलेश यादव पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है। इसके पीछे संदेश है कि दलित प्रतिनिधित्व का वास्तविक अधिकार बसपा के पास है।कांग्रेस भी बसपा की रणनीति में महत्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी है। राहुल गांधी के संविधान, सामाजिक न्याय और आरक्षण से जुड़े अभियान ने विपक्षी राजनीति में नई जगह बनाई है। ह्यअंकलह्न कहना उनके राजनीतिक आकर्षण को चुनौती देने की कोशिश है। संदेश साफ है नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व जमीन पर संगठन और बहुजन मुद्दों के साथ खड़े होने से तय होगा।

लेकिन असली परीक्षा भाषण के बाद शुरू होगी। बसपा के सामने तीन मोर्चे एक साथ हैं वोटरों का भरोसा लौटाना, संगठन को बूथ तक मजबूत करना और यह धारणा बदलना कि पार्टी चुनावी मुकाबले में कमजोर पड़ चुकी है। आकाश आनंद की लोकप्रियता तभी राजनीतिक पूंजी बनेगी, जब वह नियमित जनसंपर्क, स्थानीय मुद्दों और मजबूत उम्मीदवारों के जरिए दिखाई दे।मुस्लिम-दलित समीकरण भी बसपा की संभावित रणनीति का अहम हिस्सा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दोनों समुदायों के बीच राजनीतिक दूरी कम करने की कोशिश पार्टी के लिए नए अवसर पैदा कर सकती है। बसपा को यह साबित करना होगा कि वह सिर्फ तीसरा विकल्प नहीं, बल्कि सत्ता परिवर्तन की वास्तविक ताकत बन सकती है। इसके लिए संगठन, उम्मीदवार चयन और स्थानीय सामाजिक समीकरणों पर मेहनत करनी होगी।इसलिए हाथरस से निकला ह्यअंकलह्न वाला संदेश केवल एक वायरल बयान मानना राजनीतिक भूल होगी। यह बसपा की पीढ़ीगत राजनीति बदलने की कोशिश है। मायावती अपने अनुभव और नियंत्रण के साथ पार्टी की रीढ़ बनी रहना चाहती हैं, जबकि आकाश आनंद को नई पीढ़ी का चेहरा बनाया जा रहा है। भाजपा के मजबूत संगठन, सपा के पीडीए और कांग्रेस के संविधान वाले विमर्श के बीच बसपा को अपनी अलग जगह बनानी है। 2027 में उसके सामने सबसे बड़ा सवाल सीटों की संख्या से पहले यह होगा कि क्या वह अपने बिखरे हुए सामाजिक आधार को फिर से एक राजनीतिक पहचान दे सकती है। यही 2027 में बसपा की वापसी की असली कसौटी होगी। अगर आकाश आनंद युवाओं, दलितों और बहुजन समाज के बीच भरोसा पैदा करने में सफल होते हैं, तो ह्यअंकल पॉलिटिक्सह्न एक जुमले से आगे बढ़कर बसपा की चुनावी रणनीति का हथियार बन सकती है।

## जाति की दीवारें से आगे...

जाति के नाम बँटी हुई, "राहों" को अब मोड़ दो,
इंसान को इंसान समझ, दिल से रिश्ते जोड़ दो।
ना कोई ऊँचा-कोई नीचा, ना जन्म बने पहचान,
प्रेम जहाँ पर सच्चा हो जाए, वहीं मिले सम्मान।
दो दिल मिलकर कहते हैं-"हम साथ निभाएँगे",
तो समाज की दीवारें कब तक राह रोक पाएँगे?
बेटी हो या बेटा कोई भी फैसला हो सम्मान से,
रिश्ते बनें विश्वास के, न जाति के अभिमान से।
सरकारी सहायता अच्छी, सोच बदलना जरूरी,
कागजी योजनाएँ काफी नहीं, दिल से मिटे दूरी।
अंतजार्तीय लग्न सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं,
भारत की तस्वीर, भेदभाव का कोई चिन्ह नहीं।
चलो वो सुबह जगाएँ, जहाँ जाति न रिश्ते तौले,
प्रेम, समानता, मानवता के दीप आँगन में डोले।
(संदर्भ - सरकारें अंतरजातीय विवाह पर 5 लाख देगी)



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# जैव ऊर्जा से किसानों की आय और ग्रामीण रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

## 150 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने लगाए प्रदर्शनी स्थल

पेज 3 — विस्तार

ग्रेटर नोएडा। भारत जैव ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी-2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश में जैव ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के जैव ऊर्जा परिवर्तन में महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य के विशाल कृषि संसाधन, बढ़ता संपीड़ित जैव गैस तंत्र और मजबूत नीतिगत सहयोग इसके प्रमुख आधार हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि और नगरों के कचरे को ऊर्जा में बदलना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण रोजगार पैदा करने का बड़ा अवसर है। प्रदेश सरकार संपीड़ित जैव गैस और अन्य जैव ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के साथ आधारभूत ढांचे, तकनीक और कुशल मानव संसाधन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर भी काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की




जैव ऊर्जा राजधानी के रूप में उभर रहा है। देश के 30 प्रतिशत से अधिक संपीड़ित जैव गैस संयंत्र प्रदेश में हैं और उत्तर प्रदेश देश का दूसरा सबसे बड़ा एथेनॉल उत्पादक राज्य है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 84 संपीड़ित जैव गैस और 8 जैव-कोयला संयंत्र निर्माण की प्रक्रिया में हैं। सरकार का उद्देश्य कृषि अवशेषों और जैव पदार्थों को ऊर्जा, आर्थिक मूल्य और किसानों के लिए टिकाऊ आय के साधन में बदलना है।

### 150 से अधिक कंपनियों के प्रदर्शनी स्थल

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने फीता काटकर 150 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्थलों का शुभारंभ किया और उनका अवलोकन किया। उन्होंने जैव ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा, नई तकनीक और नवाचार से जुड़े उत्पादों एवं समाधानों की जानकारी ली।

इस अवसर पर मंत्री ने 'भारत जैव ऊर्जा दिशा-सूचक' नामक वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। यह मंच जैव ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े निवेशकों, उद्योगों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों को आवश्यक जानकारी और अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी के महानिदेशक संजय गंजू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जैव ऊर्जा निवेश के लिए आवश्यक कृषि आधार, संसाधन और नीतिगत क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी सरकार, उद्योग और निवेशकों के बीच सहयोग बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच है।

भारत जैव ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी-2026 उत्तर प्रदेश की कृषि शक्ति, जैविक संसाधनों और ऊर्जा संभावनाओं को आधुनिक तकनीक, निवेश और नवाचार से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच बन रही है। इससे किसानों की अतिरिक्त आय, ग्रामीण रोजगार, उद्यमिता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नए अवसरों को गति मिलने की उम्मीद है।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

## सावन की शिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ धाम से अयोध्या तक उमड़ा आस्था का सैलाब

लखनऊ, 11 अगस्त। सावन की शिवरात्रि पर मंगलवार को पूरा उत्तर प्रदेश शिवभक्ति में डूबा नजर आया। काशी विश्वनाथ धाम से लेकर अयोध्या और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख शिवालयों तक भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। बारिश के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। गंगाजल, बेलपत्र और दूध लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब

काशी विश्वनाथ धाम में लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से पूरी काशी गूंजती रही। मृत्युंजय महादेव, तिलभांडेश्वर महादेव, मार्कंडेय महादेव, गौरी केदारेश्वर और शूलटंकेश्वर महादेव सहित प्रमुख शिवालयों में भी भक्तों की भारी भीड़ रही।

### अयोध्या में शिवभक्ति के साथ रामलला के दर्शन

रामनगरी अयोध्या में भी शिवालयों के साथ



रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। भक्तों ने सरयू में स्नान के बाद प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और चरणबद्ध प्रवेश की व्यवस्था की गई।

### प्रमुख मंदिरों में कड़ा सुरक्षा घेरा

मेरठ के औघड़नाथ मंदिर में तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं की कतार लग गई। प्रशासन ने बड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। बागपत के पुरा महादेव मंदिर में तेज बारिश के बावजूद भक्तों की भीड़ बनी रही। गाजियाबाद के दूधेश्वरनाथ मंदिर में मध्यरात्रि से ही जलाभिषेक शुरू हो गया था।

मुरादाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न शिवालयों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कांवड़ियों के लिए विशेष मार्ग और यातायात व्यवस्था की गई।

### चार प्रहर की पूजा में उमड़ी श्रद्धा

प्रयागराज के मनकामेश्वर, ब्रह्मेश्वर, सोमेश्वर और पड़िला महादेव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। सावन की शिवरात्रि पर व्रत, जलाभिषेक और रात्रि जागरण का विशेष महत्व माना जाता है। रात्रि के चार प्रहरों में भगवान शिव की पूजा की परंपरा भी श्रद्धालुओं ने विधिवत निभाई।




टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्ग पर जमा हुआ था पानी, एयरपोर्ट टीमों ने तत्काल संभाला मोर्चा

# मूसलाधार बारिश के बीच नोएडा एयरपोर्ट की तत्परता, 30 मिनट में दूर हुआ जलभराव

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 11 अगस्त। जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश के दौरान टर्मिनल को पार्किंग क्षेत्र से जोड़ने वाले मार्ग पर कुछ समय के लिए जलभराव की स्थिति बन गई। अत्यधिक तेज बारिश के कारण मार्ग पर पानी जमा होने की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन की टीमें तत्काल सक्रिय हो गईं। टीमों ने तेजी से जल निकासी का काम शुरू किया और करीब 30 मिनट के भीतर जमा पानी को निकालकर मार्ग को सामान्य कर दिया।

एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, कम समय में अत्यधिक तेज बारिश होने के कारण टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र के बीच आने-जाने वाले मार्ग पर अस्थायी रूप से पानी जमा हुआ था। स्थिति की जानकारी मिलते ही संचालन और रखरखाव से जुड़ी टीमों ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी की प्रक्रिया शुरू कर दी। त्वरित कार्रवाई के कारण थोड़े ही समय में मार्ग पर आवाजाही सामान्य हो गई।

### आधे घंटे में स्थिति पर नियंत्रण

एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि जलभराव की स्थिति को गंभीर होने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। टीमों की तत्परता से करीब 30 मिनट में पानी निकाल दिया गया और यात्रियों के लिए



मार्ग को फिर से सामान्य कर दिया गया।

प्रशासन ने कहा कि अचानक हुई अत्यधिक तेज बारिश के कारण यह अस्थायी स्थिति उत्पन्न हुई थी। जल निकासी के बाद टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र के बीच यात्रियों की आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रही।

### उड़ानों और यात्रियों की आवाजाही सुचारु

एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक, जलभराव की इस अस्थायी स्थिति का उड़ानों के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। हवाई अड्डे से उड़ानों और यात्रियों का आवागमन सामान्य रूप से जारी रहा। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

प्रशासन ने बताया कि मौसम संबंधी परिस्थितियों को देखते हुए एयरपोर्ट की संचालन टीमों को सतर्क रखा गया है। भारी बारिश अथवा मौसम में अचानक बदलाव की स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार रखी जा रही हैं।

### मौसम पर लगातार नजर

एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मौसम की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए संबंधित टीमें पूरी तरह तैयार हैं। मूसलाधार बारिश के बीच महज आधे घंटे में जलभराव दूर कर मार्ग को सामान्य किए जाने को एयरपोर्ट की संचालन टीम की तत्परता के तौर पर देखा जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की आवाजाही और हवाई अड्डे के संचालन को प्रभावित न होने देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# 12 अगस्त को नोएडा में फेडरेशन ऑफ पंजाबी एसोसिएशन का होगा भव्य 'संकल्प' समारोह

## देशभर से जुटेंगे पंजाबी समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य लोग

**पंजाबी समाज रचेगा इतिहास**

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। पंजाबी समाज की एकता, सामाजिक शक्ति, सांस्कृतिक विरासत और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ पंजाबी एसोसिएशन द्वारा सेक्टर 51 स्थित शेवरॉन हॉल में बुधवार, 12 अगस्त 2026 को एक भव्य 'संकल्प' समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े गणमान्य व्यक्तित्व विशेष रूप से शामिल होंगे।

### विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

संकल्प समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद, गौतमबुद्ध नगर डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के अतिरिक्त देश के विभिन्न राज्यों से पंजाबी समाज के अनेक प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, युवा एवं मातृशक्ति भी समारोह में भाग लेंगे।

फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता ने कहा कि संकल्प समारोह का उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को प्रतिस्थापित करना नहीं, बल्कि देशभर के पंजाबी समाज को एक साझा मंच पर लाना है, उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज ने हमेशा देश को देने का काम किया है। आज आवश्यकता है कि समाज की अलग-अलग संस्थाएं अपने छोटे-छोटे मतभेदों से ऊपर उठकर एक बड़े उद्देश्य के लिए एकजुट हों इसलिए अब समय मतभेदों का नहीं, समाज को एक मंच पर लाने का है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन देशभर की पंजाबी संस्थाओं को जोड़कर यूनिटी - हेरिटेज - स्ट्रैंथ के सिद्धांत पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प अपने समाज को मजबूत करने का है। पंजाबी समाज की पहचान, संस्कृति, भाषा, विरासत



और नई पीढ़ी को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर हम आज एकजुट नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियां हमसे सवाल करेंगी कि जब समय था तब हमने क्या किया?"

फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सुनील मेहता ने कहा कि संकल्प समारोह देशभर की पंजाबी संस्थाओं के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन का प्रयास रहेगा कि विभिन्न शहरों और राज्यों में सक्रिय पंजाबी संस्थाओं को एक साझा मंच मिले तथा सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रूप से बड़े कार्य किए जाएं।उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संख्या बढ़ाना मात्र नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक शक्ति को सही दिशा देना है।

फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुभाष जैन ने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन की वास्तविक ताकत उसकी सेवा भावना और पारदर्शी कार्यप्रणाली होती है।उन्होंने कहा कि फेडरेशन आने वाले समय में जरूरतमंद परिवारों की सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा और समाज के कमजोर वर्गों के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### मातृशक्ति और युवा शक्ति की रहेगी विशेष भूमिका

संकल्प समारोह में फेडरेशन की मातृशक्ति और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। फेडरेशन का मानना है कि पंजाबी समाज की सामाजिक शक्ति को मजबूत करने में महिलाओं और युवाओं की भूमिका निर्णायक है। मातृशक्ति के माध्यम से समाज की महिलाओं को सामाजिक सेवा, संस्कार, शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों से जोड़ने का अभियान भी आगे बढ़ाया जा रहा है।

### संकल्प समारोह में लिया जाएगा सामाजिक एकता का संकल्प

समारोह के दौरान पंजाबी समाज की एकता, संस्कृति और विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदों की सहायता, महिला सशक्तिकरण, युवा सहभागिता और सामाजिक संस्थाओं के बीच समन्वय बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा।

फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, महासचिव सुनील मेहता एवं कोषाध्यक्ष सुभाष जैन ने सभी पंजाबी संस्थाओं, समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति से इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर एकता और सामाजिक संकल्प की इस मुहिम को मजबूत करने का आह्वान किया है।

# ई-रिक्शा की बैटरियां चुराने वाले गिरोह का पदार्फाश, चार गिरफ्तार

## 13 स्मार्ट लिथियम बैटरियां, 414 सेल और 11,800 रुपये बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 11 अगस्त। थाना फेस-1 पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 13 स्मार्ट लिथियम बैटरियां, 414 लिथियम बैटरी सेल और 11,800 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपित दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा के आसपास के क्षेत्रों में एकांत स्थानों पर खड़े ई-रिक्शाओं को निशाना बनाते थे।

पुलिस के मुताबिक, 10 अगस्त को स्थानीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की सहायता से कार्रवाई करते हुए चारों आरोपितों को सेक्टर-14 और सेक्टर-15 के बीच बने पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कासिम उर्फ लक्की (21), रहीशउल्ला (29), शाहनवाज (28) और रिजवान (23) के रूप में हुई है।

### रैकी कर बनाते थे ई-रिक्शा को निशाना

पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे पहले ई-रिक्शाओं की रैकी करते थे। इसके बाद सुनसान स्थानों पर खड़े ई-रिक्शाओं से




बैटरियां चोरी कर उन्हें छिपाकर रख देते थे। जरूरत पड़ने पर चोरी की बैटरियों को अपनी मजबूरी बताकर कबाड़ियों को एक-एक करके बेचते थे और उससे मिले पैसे आपस में बांट लेते थे।

पुलिस के अनुसार, आरोपितों ने पूर्व में दक्षिण दिल्ली के जैतपुर थाना क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में बैटरियां चोरी की थीं। इस मामले में भी वे जेल जा चुके हैं।

### चारों आरोपित दिल्ली-गाजियाबाद के रहने वाले

गिरफ्तार कासिम उर्फ लक्की और रहीशउल्ला इकरामनगर, लोनी, गाजियाबाद के रहने वाले हैं। वहीं शाहनवाज भागीरथी विहार, दयालपुर, दिल्ली और रिजवान ओल्ड मुस्तफाबाद, दयालपुर, दिल्ली का निवासी है।

### दो मुकदमे दर्ज

पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ थाना फेस-1 में मु0अ0सं0 424/2026, धारा 305(ए), 331(4), 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसके अलावा दक्षिण दिल्ली के जैतपुर थाने में भी उनके खिलाफ धारा 3(5), 305, 317(2), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने बरामद बैटरियों और सेल को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपितों से गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# हरौला और सेक्टर-32 में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान

## स्वच्छता रैली और एंटी प्लास्टिक अभियान में नागरिकों व दुकानदारों को किया जागरूक



समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्राम हरौला और सेक्टर-32 स्थित लॉजिक मॉल के पास स्वच्छता रैली, एंटी प्लास्टिक अभियान और डस्टबिन जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान नागरिकों और दुकानदारों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, कूड़ेदान के नियमित उपयोग तथा एकल उपयोग वाली प्लास्टिक से बचने के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे कूड़ा इधर-उधर न फेंकें और निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें। प्राधिकरण की टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के साथ नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# सैलून में चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 11 अगस्त। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने सैलून में चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की नकदी व सामान से संबंधित 8,200 रुपये नकद और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 10 और 11 अगस्त की मध्यरात्रि को स्थानीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को सेक्टर-18 स्थित लाल पैथ लैब के सामने पार्क से गिरफ्तार किया गया। आरोपित की पहचान साजन पुत्र संतोष कुमार (22) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से हाथरस जिले का रहने वाला है और




वर्तमान में बहलोलपुर, थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में रह रहा था।

पुलिस ने बताया कि आरोपित के कब्जे से बरामद 8,200 रुपये सेक्टर-18 स्थित सैलून से चोरी किए गए सामान और नकदी से संबंधित हैं। इसके अलावा उसके पास से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया।

### दो मुकदमे दर्ज

पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में चोरी के मामले में मु0अ0सं0 337/2026, धारा 305(ए), 331(4), 317(2) बीएनएस तथा अवैध चाकू रखने के आरोप में मु0अ0सं0 338/2026, धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपित से चोरी की घटना तथा अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# संगठन सृजन अभियान के तहत जिला/शहर कांग्रेस की संयुक्त बैठक संपन्न

## संगठन की मजबूती और भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष का लिया संकल्प

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय मिलन स्थली, मोढ़ा, फिरोजाबाद पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस की पर्यवेक्षक संजीता सिंह तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक राजेश राज जीवन, प्रशांत तिवारी एवं संगीता सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।




बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों से संगठन की स्थिति की जानकारी ली और कार्यकताओं को पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच जाकर कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में श्रीमती संजीता सिहाग ने कहा कि कांग्रेस का संगठन लगातार जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा है। आज देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं और आम जनता के अधिकारों को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों तथा युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

राजेश राज जीवन ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन को गांव, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रशांत तिवारी एवं संगीता सिंह ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस का संघर्ष देश के संविधान, लोकतंत्र और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के कारण आम जनता को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि फिरोजाबाद में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय करते हुए कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के बीच जाएंगे और आम लोगों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।

बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को मजबूत करने, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने तथा आगामी समय में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

बैठक में महानगर अध्यक्ष सफात खान राजू , वरिष्ठ नेता हाजी सईद पटेल, धर्मसिंह यादव, राजवीर सिंह यादव, उजामदेवी गुप्ता , शैलेन्द्र शुक्ला, गुलाम जिलानी, हाजी नसीर अहमद, जितेन्द्र तिवारी, प्रदीप शर्मा, अजय यादव, आशीष तिवारी , लाला राईन, अनिल यादव, बी. एस. गौतम, संजय यादव, जहिर खाकसार, संदीप ओझा, डा. आसिफ, अजय शर्मा, यश दुबे, वकार खालिक, कल्याण सिंह, आलोक यादव, शांति शंखवार, उमर फारूक, लक्ष्मी प्रकाश वार्ष्णेय, जयपाल सिंह, सुरजीत यादव, रामनाथ सिंह, प्रवीन कुमार, राहुल शर्मा, विराट दिवाकर, मीनाक्षी पचौरी, सतीश चंद्र, पूरन सिंह प्रजापति, जयराम प्रजापति, चन्द्र प्रकाश, भूपेन्द्र यादव आदि कॉंग्रेसी उपस्थित हुए।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा में उमडा जनसैलाब

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद । भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को आयोजित की जसराना मे गई। भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान नगर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों की संख्या में मौजूद युवाओं और भाजपा कार्यकताओं के जोश से पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। हाथों में तिरंगा थामे युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



तिरंगा यात्रा का विधिवत शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया। यात्रा एलआर डिग्री कॉलेज से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजारों से गुजरी। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों और राष्ट्रगीतों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के गूंजते जयकारों से पूरा माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। मुख्य बाजार में स्थानीय नागरिकों ने भी जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। मुख्य मार्ग से होते हुए तिरंगा यात्रा तहसील के समीप स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान पहुंची, जहाँ यह एक जनसभा में तब्दील हो गई। रामलीला मैदान में एकत्र हुए समूह को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने देश की एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने का आह्वान किया। यात्रा के सफल आयोजन पर कार्यक्रम संयोजक शुभम सैनी ने उपस्थित सभी कार्यकताओं, युवाओं और क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के कई प्रमुख चेहरे शामिल हुए। मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी, डॉ. उम्मेद सिंह राजपूत, अवनीश गुप्ता, राजीव राजपूत, राजीव गुप्ता, देवेंद्र शाक्य और डॉ. सत्यपाल सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय नेता और सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में निकली तिरंगा यात्रा, 500 से अधिक छात्र हुए शामिल

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल के निर्देशन और डॉ. नितिन तिवारी के नेतृत्व में निकली यात्रा में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं, फैकल्टी और स्टाफ ने भाग लिया।




यात्रा से पहले चिकित्सकों ने छात्रों को तिरंगे के इतिहास और महत्व की जानकारी दी। डॉ. तुली, डॉ. मुकेश शर्मा सहित अन्य चिकित्सकों ने राष्ट्रीय ध्वज के रंगों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. गोविंद ने कहा कि केसरिया रंग त्याग और बलिदान, सफेद रंग शांति तथा हरा रंग समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। इसके बाद छात्र-छात्राएं एकेडमिक ब्लॉक से गेट नंबर एक होते हुए जलेसर रोड पहुंचे। यहां से गेट नंबर दो होते हुए झंडा एरिया में यात्रा पहुंची। विद्यार्थियों ने एकजुट होकर देशभक्ति के नारे लगाए और गीत गाए। इसके बाद यात्रा वापस एकेडमिक ब्लॉक पहुंची, जहां सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया।

तिरंगा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह दिखाई दिया। आयोजन के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, महत्व और उसके रंगों के प्रतीकात्मक अर्थ की जानकारी दी गई।

# पांच साल की कानूनी लड़ाई के बाद माया देवी सागर पर गिरी गाज

## आयु विवाद में अध्यक्ष पद से पदच्युत, हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था मामला; शैक्षणिक अभिलेखों में जन्मवर्ष 1988 मिलने पर शासन ने की कार्रवाई

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । नगर पंचायत एका की अध्यक्ष माया देवी सागर को लेकर वर्ष 2017 के चुनाव से शुरू हुआ आयु विवाद आखिरकार उनके पदच्युत होने तक पहुंच गया। शिकायत, जिलाधिकारी की जांच, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई तथा शासन में हुई कई चरणों की सुनवाई के बाद उत्तर प्रदेश शासन ने आठ अगस्त 2026 को उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष पद से हटा दिया। शासन के आदेश के बाद सोमवार को उप जिलाधिकारी जसराना ऋषभ पुंडीर ने नगर पंचायत पहुंचकर अध्यक्ष के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार संभाल लिए।



**2021 में हाईकोर्ट पहुंचा मामला**

शिकायतकर्ता उमेश चंद्र ने वर्ष 2021 में इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट याचिका संख्या 6549/2021 दाखिल कर माया देवी की आयु पर सवाल उठाए थे। आरोप था कि वर्ष 2002 में उत्तीर्ण हाईस्कूल परीक्षा के अभिलेख में दर्ज जन्मतिथि के अनुसार 10 नवंबर 2017 को नामांकन के समय उनकी उम्र 30 वर्ष पूरी नहीं थी।

हाईकोर्ट ने मामले की जांच के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी फिरोजाबाद ने 26 दिसंबर 2022 को रिपोर्ट भेजी। इसमें हाईस्कूल अंकपत्र में दर्ज एक अगस्त 1988 की जन्मतिथि को प्रमाणिक माना गया। रिपोर्ट के अनुसार नामांकन के समय उनकी आयु करीब 29 वर्ष तीन माह थी।

**डीएम की जांच से बढ़ी मुश्किल**

जिलाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर शासन ने वर्ष 2023 में कार्रवाई के निर्देश दिए। चार सितंबर 2023 की रिपोर्ट में भी आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच के बाद धारा 48 के तहत कार्रवाई की संस्तुति की गई। मामला यहीं नहीं रुका। वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में एक और याचिका दाखिल हुई। इसके बाद शिकायतकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। एसएलपी संख्या 11767/2024 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को नियमानुसार उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए।

**माया देवी ने दी अलग जन्मतिथि की दलील**

शासन के समक्ष माया देवी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हाईस्कूल की मार्कशीट और सनद वर्ष 2010 में खो गई थी और इसकी प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। उन्होंने आधार कार्ड, वोटर आइडी, पैन कार्ड, परिवार रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों में जन्मवर्ष 1986 दर्ज होने का हवाला दिया।

उनका कहना था कि हाईस्कूल का फार्म भरते समय जन्मतिथि में गलती हुई होगी। नामांकन के समय उनके पास हाईस्कूल प्रमाणपत्र नहीं था और रिटर्निंग अधिकारी ने भी उसे नहीं मांगा था। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2017 में उनकी उम्र 30 वर्ष पूरी थी।

माया देवी ने शिकायतकर्ता पर चुनावी प्रतिद्वंद्विता के कारण शिकायत करने का आरोप भी लगाया और शासन से कार्रवाई समाप्त करने की मांग की।

**2026 में फिर हुई अभिलेखों की जांच**

शासन ने वर्ष 2026 में मामले की दोबारा जांच कराई। जिलाधिकारी की 17 जून 2026 की रिपोर्ट में कक्षा पांच और आठ के अभिलेखों में जन्मवर्ष 1988 दर्ज होने तथा हाईस्कूल संबंधी अभिलेख में जन्मतिथि एक अगस्त 1988 होने की बात सामने आई। रिपोर्ट में किसी शैक्षणिक अभिलेख में वर्ष 1986 दर्ज नहीं मिलने का उल्लेख किया गया। शासन ने हाईस्कूल अभिलेख को अधिक प्रमाणिक मानते हुए निष्कर्ष निकाला कि 10 नवंबर 2017 को नामांकन के समय माया देवी निर्धारित 30 वर्ष की आयु पूरी नहीं करती थीं।

**आठ अगस्त को शासन ने जारी किया आदेश**

पूरी जांच, जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के बाद शासन ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 48 के तहत माया देवी सागर को नगर पंचायत एका के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से पदच्युत करने का आदेश जारी किया।

**सोमवार को एसडीएम ने संभाले अधिकार**

शासन के आदेश के बाद सोमवार को उप जिलाधिकारी जसराना ऋषभ पुंडीर नगर पंचायत एका पहुंचे। उन्होंने अध्यक्ष के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार संभाल लिए।

एसडीएम ऋषभ पुंडीर ने बताया, जिलाधिकारी के आदेश से मैंने प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार लिए हैं। मामले की पूर्ण जानकारी मुझे नहीं है।

अधिशासी अधिकारी योगेंद्र कटिहार ने बताया कि आयु संबंधी मामले में अध्यक्ष को पदमुक्त करने का आदेश हुआ है। इसी के अनुपालन में सोमवार को उप जिलाधिकारी जसराना नगर पंचायत पहुंचे और प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार संभाल लिए।

**अब उपचुनाव तक प्रशासन संभालेगा कामकाज**

शासन के आदेश के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक नगर पंचायत अध्यक्ष की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग जिलाधिकारी फिरोजाबाद अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी करेंगे। नामित अधिकारी का स्तर उपजिलाधिकारी से नीचे का नहीं होगा।

इस तरह वर्ष 2017 के चुनाव में उम्र को लेकर शुरू हुआ विवाद करीब पांच वर्ष बाद अध्यक्ष पद से माया देवी सागर की विदाई और नगर पंचायत के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार एसडीएम जसराना को सौंपे जाने के साथ नए पड़ाव पर पहुंच गया है।

# टोल प्लाजा के पास खड़े ट्रक में घुसा दूसरा ट्रक, आग लगी, कंडक्टर घायल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद।टूंडला टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर दूर फिरोजाबाद की ओर मंगलवार को खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक जा घुसा। टक्कर के बाद एक ट्रक में आग लग गई। हादसे में दूसरे ट्रक का कंडक्टर घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया।



पुलिस के मुताबिक ट्रक संख्या NL01AF2220 का चालक अजय पुत्र छोटेलाल निवासी प्रतापगढ़ कोलकाता से गुरुग्राम जा रहा था। टोल प्लाजा के पास उसने सड़क किनारे खड़े ट्रक संख्या RJ02GB5818 में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई।

दूसरे ट्रक में चालक मोहम्मद जैन और कंडक्टर इब्राहिम पुत्र खुर्शीद निवासी नूंह, राजस्थान मौजूद थे। चालक को चोट नहीं आई, जबकि करीब 20 वर्षीय इब्राहिम घायल हो गया। सूचना पर उपनिरीक्षक हर्षित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

हादसे के बाद मौके पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस के अनुसार मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है और कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

# 151 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, शिवमहापुराण कथा शुरू

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जलेसर रोड स्थित मां काली मंदिर परिसर में मंगलवार से शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इससे पहले जीवाराम चौक स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर से 151 सौभाग्यवती महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। पीत वस्त्रों में सजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ यात्रा में शामिल हुईं।



कलश यात्रा सदर बाजार और सेंट्रल चौराहा होते हुए जलेसर रोड स्थित मां काली मंदिर पहुंची। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह पेय पदार्थों की व्यवस्था भी की गई थी। बैंड-बाजों पर बज रहे धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। मुख्य यजमान श्रीमती एवं श्री पं. सुधाकर शिवपुराण को सिर पर धारण कर यात्रा में शामिल हुए। वृंदावन धाम से आए कथा व्यास पं. सुनील शास्त्री सरस रथ पर सवार होकर यात्रा के साथ चल रहे थे।

मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन कराया गया और कलशों की स्थापना की गई। इसके बाद कथा व्यास ने शिवमहापुराण कथा का रसपान कराते हुए भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र माना गया है। यह माह तप, त्याग, साधना और जनकल्याण की भावना को जीवन में उतारने का अवसर देता है। कथा के समापन पर भगवान शिव की आरती की गई। मंदिर परिसर में कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अधिशासी अभियंता ने किया बाढ सुरक्षात्मक कार्यो का निरीक्षण

## अधीनस्थों को दिये सतत निगरानी रखने के निर्देश।

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

नगीना (बिजनौर) । मानसूनी बारिश के बीच संभावित बाढ़ के खतरों से निपटने और तटबंधों की मजबूती परखने के लिए अफजलगढ सिंचाई खंड धामपुर अलर्ट मोड पर है । अधिशासी अभियंता अरुण सचदेव ने अपनी तकनीकी टीम के साथ उपखंड प्रथम नगीना के अंतर्गत आने वाले अति-संवेदनशील बाढ़ क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान खो नदी पर स्थित सारंगवाला तटबंध, सुन्दरवाली तटबंध और मार्जिनल बंध सहित आसपास के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों और तटबंधों की स्थिति का जायजा लिया। तथा सम्बन्धित अधीनस्थ सहायक अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर्स को बाढ़ संभावित क्षेत्रों और तटबंधों पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए। नदी के जलस्तर और तटबंधों की स्थिति की पल-पल की जानकारी उच्चाधिकारियों को देने को कहा गया । बाढ़ के दौरान किसी भी विषम या आपातकालीन परिस्थिति से तुरंत निपटने हेतु पूरी टीम को सामग्री व श्रम बल के साथ अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान जूनियर इंजीनियर देवेन्द्र कुमार शर्मा चन्द्रकुश चौहान आदि मौजूद रहे।

# मार्केट में अवैध कब्जे का मामला शासन तक पहुंचा।

## नगर विकास विभाग ने निगम और अग्निशमन विभाग को भेजा पत्र।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शास्त्री-चंद्रशेखर आजाद मार्केट में अवैध कब्जा, जर्जर स्थिति का मामला शासन तक पहुंच गया है। शासन ने नगर निगम से शास्त्री-चंद्रशेखर आजाद मार्केट से जुड़ा ब्योरा तलब किया है। वहीं अग्निशमन विभाग से भी रिपोर्ट मांगी है।




नगर निगम के स्वामित्व वाले शास्त्री-चंद्रशेखर आजाद मार्केट में दुकानदारों द्वारा भूतल और प्रथम तल की गैलरी पर पक्का निर्माण वहीं शास्त्री एवं चंद्रशेखर आजाद पार्क में भी अतिक्रमण व अवैध कब्जा से अछूता नहीं रह गया है। सबसे खास अतिक्रमण के चलते शहर के सबसे प्रमुख बाजार की मरम्मत का काम प्रभावित है। यही कारण है कि दोनों बाजारों का 80 फीसदी जर्जर एवं गिराऊ स्थिति में है।

प्रदेश के नगर विकास विभाग ने नगर निगम को पत्र भेजा है। पत्र में शास्त्री एवं चंद्रशेखर आजाद मार्केट में कुल दुकानों की संख्या, मानचित्र मार्केट की वस्तुस्थिति का ब्योरा मांगा गया है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिन दुकानों के बाहर गैलरी पर अतिक्रमण जैसी स्थिति है। उनकी रिपोर्ट भी अलग से तैयार की जा रही है। वहीं अग्निशमन विभाग से भी आपात स्थिति में राहत कार्यों में होने वाले रुकावट आदि के बारे में जानकारी मांगी गई है।

# ईट भट्टे पर लूट करने वाला एक बदमाश गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। पांच अगस्त दिन बुधवार को जावेद पुत्र मोहम्मद आरिफ मोहल्ला बाजार कला कस्बा मडावर निवासी ने मंडावर थाने में चार अज्ञात बदमाशो के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया था कि मेरे ईट भट्टे पर चौकीदारी कर रहे। चौकीदार से बदमाशो ने डरा धमकाकर 1800 सौ रुपए नगद एक मोबाइल एलईडी लूटकर ले गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था, और जांच पड़ताल में जुड़ गई थी। पुलिस की जांच में अंकुश पुत्र सुनील गांव इनामपुरा निवासी नाम प्रकाश में आया था।वही मडावर थाना पुलिस ने मंगलवार को आरोपी अंकुश को एलईडी सहीत गिरफ्तार कर उचित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया है।वही थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत का बक्सा नहीं जाएगा।



# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटे अधिकारी, बिजनौर को प्रदेश में प्रथम लाने का लक्ष्य

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की तैयारियों की समीक्षा, स्वतंत्रता दिवस और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन को लेकर दिए निर्देश

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर, 11 अगस्त। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर तिरंगा-2026 अभियान, स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप सभी तैयारियां समय से पूरी कर कार्यक्रमों को भव्य एवं सफल बनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा-2026 अभियान के तहत निर्धारित पोर्टल पर अधिक से अधिक लोगों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी तस्वीर अपलोड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर को इस अभियान में प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सक्रियता और समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने तिरंगा रैली को भी प्रभावी ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि 14 अगस्त को जनपद स्तरीय तिरंगा रैली, 12 एवं 13 अगस्त को विकासखंड और नगर निकाय स्तर पर तथा 15 अगस्त को विद्यालयों के माध्यम से तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

**विद्यालयों में होंगी क्विज और देशभक्ति गतिविधियां**

जिलाधिकारी ने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को आगामी 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को परिषदीय विद्यालयों और इंटर कॉलेजों में दीवार पेंटिंग, रंगोली सहित विभिन्न देशभक्ति एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 15 अगस्त से जुड़े सभी कार्यक्रमों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सरकारी कार्यालयों में होगी विशेष सजावट**

जिलाधिकारी ने 14 से 17 अगस्त तक कलेक्ट्रेट, विकास भवन, सभी खंड विकास कार्यालयों, अधिशासी अधिकारी कार्यालयों सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में विशेष सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का आयोजन कराया जाएगा।

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पीड़ित परिवार होंगे सम्मानित**

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त को तिरंगा रैली आयोजित की जाएगी। इसी दिन शाम 4:30 बजे विकास भवन सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन होगा। कार्यक्रम में भारत विभाजन की विभीषिका का दंश झेल चुके लोगों और उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# बाह्य न्यायालय नजीबाबाद में कैंटीन एवं फोटोस्टेट ठेके की नीलामी हेतु निविदाएं आमंत्रित

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर, 11 अगस्त। अध्यक्ष, नीलाम समिति सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम० नजीबाबाद, बिजनौर अरुण सिंह राठौर ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में बाह्य न्यायालय नजीबाबाद में कैंटीन एवं फोटोस्टेट ठेके की नीलामी हेतु सीलबंद निविदाएं 17 से 27 अगस्त, 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि तक बंद लिफाफे में निविदा बाह्य न्यायालय नजीबाबाद में जमा कर सकते हैं। नीलामी से संबंधित शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य बाह्य न्यायालय नजीबाबाद की नजारत से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त जानकारी जनपद न्यायालय बिजनौर की वेबसाइट ecourts.gov.in/bijnor पर भी उपलब्ध है।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अपने पहचान पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो सहित निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निविदा प्रस्तुत करनी होगी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# नोएडा के आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था का निरीक्षण

## सेक्टर-105, 108, 91, 137 और 83 का अधिकारियों ने किया दौरा, कहीं नहीं मिला जलभराव

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 11 अगस्त। बारिश को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) ए.के. अरोड़ा ने मंगलवार को शहर के विभिन्न आवासीय, संस्थागत और औद्योगिक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-105, 108, 91, 137 और 83 में जलनिकासी व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सभी क्षेत्रों में जलनिकासी की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। अधिकारियों को किसी भी स्थान पर जलभराव की स्थिति नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक रोहित सिंह और संबंधित अवर अभियंता विक्रम मोंगा भी मौजूद रहे।







महाप्रबंधक (सिविल) ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बारिश के दौरान जलनिकासी व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में शहर के आवासीय, संस्थागत अथवा औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नालियों और जलनिकासी मार्गों की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि बारिश के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। (प्रेस विज्ञप्ति, नोएडा प्राधिकरण)

# सोरखा जाहिदाबाद में 9.82 करोड़ से विकसित हो रहा पुष्कर्णी तालाब

## जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और पर्यावरण विकास को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से ग्राम सोरखा जाहिदाबाद में करीब 9.82 करोड़ रुपये की लागत से पुष्कर्णी तालाब के विकास एवं निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य प्रगति पर है।

परियोजना के तहत तालाब के विकास के साथ जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और पर्यावरणीय सुधार से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के अनुसार निर्माण कार्य निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप कराया जा रहा है।

तालाब के विकसित होने के बाद क्षेत्र में वर्षाजल संरक्षण और भूजल



स्तर को बनाए रखने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही आसपास हरित क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों को एक विकसित एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल की सुविधा भी उपलब्ध होगी।


प्राधिकरण के अनुसार, परियोजना का उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण के साथ क्षेत्र के पर्यावरण को बेहतर बनाना और स्थानीय लोगों के लिए उपयोगी सार्वजनिक सुविधा विकसित करना है।

# डीएससी मार्ग और सेक्टर-79 टी-पॉइंट बनेगा ‘मॉडल रोड’

## यातायात सुगम बनाने और शहर की सुंदरता बढ़ाने की तैयारी, 25.53 करोड़ रुपये होंगे खर्च

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 11 अगस्त। नोएडा के प्रमुख संपर्क मार्ग डीएससी (डिस्ट्रिक्ट सेंटर) मार्ग और सेक्टर-79 टी-पॉइंट से डीएससी मार्ग तक के हिस्से को ‘मॉडल रोड’ के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसका उद्देश्य यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ शहर की सुंदरता बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



डीएससी मार्ग नोएडा के महत्वपूर्ण औद्योगिक, व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को जोड़ता है। यह मार्ग एनएसईजेड, फेस-2, सेक्टर-80, 81 और हॉजरी कॉम्प्लेक्स जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों नागरिक, कर्मचारी, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि और छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं।

### जाम से मिलेगी राहत

विशेष रूप से सिंचाई नाले से कुलेसरा पुल तक का मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि एलिवेटेड मार्ग से आने वाले भारी यातायात के कारण सुबह और शाम के समय यहां जाम की स्थिति बनती है। इससे वाहन चालकों और आम नागरिकों को परेशानी होती है।

यातायात को सुचारु बनाने के उद्देश्य से इस पूरे मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही सेक्टर-79 टी-पॉइंट से डीएससी मार्ग तक के हिस्से को भी मॉडल रोड के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है।

### 25.53 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव

प्रस्तावित कार्यों के लिए करीब 25.53 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इसमें सिंचाई नाले से कुलेसरा पुल तक मॉडल रोड विकसित करने पर 14.96 करोड़ रुपये तथा सेक्टर-79 टी-पॉइंट से डीएससी मार्ग तक के हिस्से पर 10.57 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अधिकारियों के अनुसार, परामर्शदाता द्वारा तैयार प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति के लिए सक्षम स्तर पर भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद दोनों कार्यों को छह माह के भीतर पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। मॉडल रोड विकसित होने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ मार्ग की सुंदरता और नागरिक सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।






# नोएडा में यूवाईबीए 33 बास्केटबॉल टूनार्मेंट का समापन

## 20 राज्यों की 150 से अधिक टीमों ने लिया हिस्सा, 800 से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय यूवाईबीए 33 बास्केटबॉल टूनार्मेंट का रविवार को समापन हो गया। 8 और 9 अगस्त को आयोजित प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों की 150 से अधिक टीमों के 800 से ज्यादा युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और परिवार के सदस्यों सहित आयोजन से जुड़े लोगों की संख्या 1,200 से अधिक रही। दो दिनों में 200 से ज्यादा मुकाबले खेले गए।

उल्हास के.एस. के नेतृत्व में उल्हास यूवीपीप बास्केटबॉल अकादमी (यूवाईबीए) द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-10, अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-19 आयु वर्ग में बालक और बालिका वर्ग की स्पधाएं हुईं। स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों से आए खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा की।

बेंगलुरु, हैदराबाद, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, कोलकाता, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों की टीमें नोएडा पहुंचीं।

### इन खिलाड़ियों ने जीते खिताब

अंडर-10 बालकः अयांश, रीवंश, नक्ष, शौरद्यो – टॉपशॉट अकादमी
अंडर-10 बालिकाः शनाया, गुंजन, अनाया, मेहर – एलीट अकादमी द्वारका

अंडर-12 बालकः दैविक मावी, गर्वित चौधरी, एकम, रेयार्थ डे – टॉपशॉट अकादमी
अंडर-12 बालिकाः ताश्वी खंडेलवाल, अकीरा अग्रवाल, आराध्या फोगाट – डीडीबीए मिराबेला

अंडर-14 बालकः रोनक कुमार, जसवंत सिंह, शौर्य शर्मा – जयपुर किंग्स
अंडर-14 बालिकाः आद्रिका शर्मा, पिहू शर्मा, नेहरिका चक्रवर्ती – आईबी स्पोर्ट्स अकादमी

अंडर-19 बालकः ऋषि राजोरा, जुबेर खान, माहिन मंसूरी, रजा खान – राजस्थान की कोहिनूर टीम
अंडर-19 बालिकाः शेरिल प्रधान, जया दादिच, रिद्धि सिंह, कोमल कंवर – राजस्थान की कोहिनूर टीम

### मेजर दीपक यादव ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक मेजर दीपक यादव 9 अगस्त को प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मुकाबलों का अवलोकन किया और प्रतियोगिता के व्यापक स्तर की सराहना की। उन्होंने यूवाईबीए अध्यक्ष उल्हास के.एस. के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का बेहतर मंच देने के साथ देश में जमीनी स्तर पर बास्केटबॉल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





### सभी आठ वर्गों में दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि

प्रतियोगिता को खेल क्षेत्र से जुड़े साझेदारों का सहयोग मिला। निविया की ओर से खिलाड़ियों को बास्केटबॉल जूते, गेंद और बैग उपलब्ध कराए गए। यूवाईबीए की ओर से आधिकारिक जर्सी, पदक और ट्रॉफियां प्रदान की गईं। प्रतियोगिता के सभी आठ वर्गों में कुल दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। एरिना साझेदार स्पोर्ट्स सोल ने प्रतियोगिता के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं और सहयोग उपलब्ध कराया। आयोजकों ने बास्केटबॉल के विकास में उसके योगदान की सराहना की।

### युवा खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर पैदा करना लक्ष्य

यूवाईबीए अध्यक्ष उल्हास के.एस. ने कहा कि पहले यूवाईबीए 33 बास्केटबॉल टूनार्मेंट को मिली प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही। उन्होंने कहा कि दो दिनों में 20 राज्यों से 800 से अधिक खिलाड़ियों और 1,200 से अधिक प्रतिभागियों को एक मंच पर लाना तथा 200 से अधिक मुकाबलों का आयोजन देश में बास्केटबॉल के प्रति बढ़ते उत्साह को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि यूवाईबीए का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रतिस्पर्धात्मक अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे बड़े आयोजनों का अनुभव हासिल कर अपनी प्रतिभा और कौशल को कम उम्र से ही निखार सकें।

उन्होंने खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए निविया और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्पोर्ट्स सोल का आभार जताया। प्रतियोगिता ने जमीनी स्तर पर 33 बास्केटबॉल की बढ़ती लोकप्रियता को भी सामने रखा। आयोजकों के अनुसार, 20 राज्यों, 150 से अधिक टीमों और 800 से ज्यादा खिलाड़ियों की भागीदारी यूवाईबीए के उस लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत देश के युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच और आगे बढ़ने के अधिक अवसर उपलब्ध कराना है।

# नोएडा की सोसायटी में 16वीं मंजिल से गिरकर नवविवाहिता की मौत

## शादी को हुए थे महज एक माह, मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

नोएडा। नोएडा की एक आवासीय सोसायटी में 24 वर्षीय नव विवाहिता कामिनी कुमारी की 16वीं मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला की शादी करीब एक महीने पहले ही हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना शाम करीब 5:30 बजे की बताई जा रही है। ऊंचाई से गिरने के बाद कामिनी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

महिला के पति ने पुलिस को बताया कि कामिनी अवसाद से जूझ रही थी और उसका उपचार चल रहा था। हालांकि, मृतका के मायके पक्ष ने इस दावे पर सवाल उठाते हुए पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों ने महिला की मौत की परिस्थितियों की भी जांच की मांग की है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के कारणों का वास्तविक पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

# बलूचिस्तान के स्वतंत्रता दिवस और हिंदू-सिख एकता पर डॉ. परविंदर सिंह का बयान

## बोले- बलूच लोगों को अपनी स्वतंत्रता की भावना व्यक्त करने का अधिकार, सामाजिक सद्भाव के लिए संवाद जरूरी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुंबई। वर्ल्ड पीस यूनाइटेड के एंबेसडर डॉ. परविंदर सिंह ने 11 अगस्त को बलूचिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बलूचिस्तान के इतिहास और वहां के लोगों की स्वतंत्रता की भावना को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान ने 11 अगस्त 1947 को अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी। हालांकि, बलूचिस्तान के इतिहास और 1947 की राजनीतिक घटनाओं को लेकर विभिन्न पक्षों के अलग-अलग दावे रहे हैं।

एक समाचार एजेंसी से बातचीत में डॉ. परविंदर सिंह ने कहा कि 1947 के बाद बलूचिस्तान के पाकिस्तान में विलय को लेकर विवाद रहा है। उनके अनुसार, क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद स्थानीय लोगों को विकास में अपेक्षित भागीदारी नहीं मिली। उन्होंने बलूचिस्तान में विदेशी निवेश, विशेषकर चीनी कंपनियों की परियोजनाओं को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि यदि बलूचिस्तान के लोग अपनी स्वतंत्रता और इतिहास को याद करते हुए कार्यक्रम आयोजित करना चाहते हैं तो उनके विचारों को शांतिपूर्ण तरीके से अभिव्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। डॉ. सिंह ने इसे वैश्विक शांति और संवाद की दिशा में सकारात्मक पहल के रूप में देखने की बात कही।

### हिंदू-सिख एकता पर दिया जोर

डॉ. परविंदर सिंह ने बातचीत के दौरान हिंदू-सिख एकता और सामाजिक सद्भाव पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों की साझा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की जरूरत है। उनके अनुसार, समाज में भाईचारे और आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के लिए संवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।




उन्होंने कहा कि सामाजिक स्तर पर गलतफहमियां पैदा करने वाले प्रयासों का जवाब आपसी बातचीत और एकजुटता से दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न सामाजिक और धार्मिक मंचों पर सिख समुदाय को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि समुदाय के लोग अपनी बात खुलकर रख सकें और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा सके।

डॉ. सिंह ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे समाज में सद्भाव, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना मजबूत होगी। रिपोर्ट : रवींद्र आर्य

# टीएमयू फिजिकल एजुकेशन के चार छात्रों की ऊंची छलांग

## शैलेंद्र सिंह चौहान ने यूपी टीजीटी में हासिल की सातवीं रैंक, आंचल कश्यप और सुधांशु तोमर भी चयनित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू), मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के तीन पूर्व छात्रों समेत चार विद्यार्थियों ने विभिन्न शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वहीं, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की टीजीटी परीक्षा में भी कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी का चयन हुआ है।

उत्तर प्रदेश टीजीटी परीक्षा में फिजिकल एजुकेशन विषय के विद्यार्थी शैलेंद्र सिंह चौहान ने प्रदेश स्तर पर सातवीं रैंक हासिल की। शैलेंद्र ने इसी कॉलेज से बीपीएड और एमपीएड की पढ़ाई की है और वर्तमान में पीएचडी कर रहे हैं। उच्च शिक्षा और शोध कार्य के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हुए प्रदेश के शीर्ष दस अभ्यर्थियों में स्थान बनाना उनकी मेहनत और लगन का प्रमाण है। कॉलेज की पूर्व छात्रा आंचल कश्यप ने भी उत्तर प्रदेश टीजीटी परीक्षा में सफलता हासिल की है। आंचल ने टीएमयू के कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन से बीपीएड और एमपीएड की उपाधि प्राप्त की है। वहीं, बीपीएड के पूर्व छात्र सुधांशु तोमर ने भी यूपी टीजीटी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

### हरियाणा टीजीटी में डॉ. अनुभव गुप्ता का चयन

कॉलेज के पूर्व छात्र डॉ. अनुभव गुप्ता का हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित टीजीटी परीक्षा में चयन हुआ है। डॉ. अनुभव ने टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन से बीपीएड, एमपीएड के साथ पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की है।

उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक यात्रा पूरी करने के बाद शिक्षक भर्ती परीक्षा में सफलता हासिल करना उनके निरंतर परिश्रम और शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि शैलेंद्र सिंह चौहान और डॉ. अनुभव गुप्ता के मार्गदर्शक फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा रहे हैं।




### खेल के साथ शिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता

प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने कहा कि टीएमयू के विद्यार्थियों ने साबित किया है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थी भी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, शोध और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों का केवल खिलाड़ी के रूप में नहीं, बल्कि कुशल शिक्षक, शोधकर्ता, प्रशिक्षक और जिम्मेदार पेशेवर के रूप में समग्र विकास करना है।

प्रो. मिश्रा ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने यह साबित किया है कि शारीरिक शिक्षा केवल खेल के मैदान तक सीमित विषय नहीं है। विद्यार्थी शिक्षण, उच्च शिक्षा, शोध, खेल प्रशासन, खेल प्रबंधन और विभिन्न सरकारी सेवाओं में भी बेहतर करियर बना सकते हैं। कॉलेज में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण के साथ खेल, शिक्षण कौशल, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं। संस्थान का मानना है कि यही समग्र शैक्षणिक दृष्टिकोण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए तैयार करता है।

# महागुन मायवुड्स सोसायटी में पानी-बिजली की समस्या, कार्रवाई की मांग

## निवासी बोले- मूलभूत सुविधाओं के लिए विरोध प्रदर्शन करना मजबूरी क्यों ?

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा एक्सटेंशन स्थित महागुन मायवुड्स सोसायटी में पानी और बिजली की समस्या को लेकर एक निवासी ने प्राधिकरण और बिल्डर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से समस्या उठाते हुए कहा गया कि पानी और बिजली कोई विलासिता नहीं, बल्कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताएं हैं।



पोस्ट में संबंधित अधिकारियों और बिल्डर से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि निवासियों को अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए बार-बार विरोध प्रदर्शन करने की स्थिति नहीं आनी चाहिए।

निवासी ने नोएडा प्राधिकरण को टैग करते हुए सोसायटी की स्थिति पर नाराजगी जताई और समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। मामले में प्राधिकरण अथवा बिल्डर की ओर से तत्काल कार्रवाई या आधिकारिक प्रतिक्रिया की जानकारी सामने नहीं आई है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, आवासीय सोसायटियों में पानी और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना संबंधित प्राधिकरण और रखरखाव व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

# गुरु चलते फिरते तीर्थ हैं : आचार्य आर्जव सागर

**समाज जागरण बागपत।**

अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में मंगल प्रवचन के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य भगवन श्री आर्जवसागर जी महामुनिराज ने कहा कि इस जगत में गुरुओं का उपकार बहुत महान है। गुरु तो सबके नगर, सबके सामने आते हैं और सबका उद्धार चाहते हैं।आपको धर्म मार्ग में बढ़ने हेतु गुरु रुपी निमित्त तो मिलता है लेकिन पुण्य रूपी उपादान नहीं मिल पाता। आपकी इस बड़ौत नगर से भी अनेक भव्य लोग मोक्ष पथ पर निरंतर चल रहे हैं।और प्रतिमाधारी व्रती आदि बनकर जीवन को महान बना रहे हैं।और जैन धर्म




की परंपरा को आगे बढाकर जैन धर्म की प्रभावना कर रहे हैं।

देव शास्त्र गुरु हमें सम्यकदर्शन के लिए निमित्त होते हैं। गुरु चलते-फिरते तीर्थ हैं; जो मोक्षपथ की राह बताते हैं ।वीतराग,सर्वज्ञ, हितोपदेशी ही हमारे भगवान हैं। आचार्य श्री ने और भी कहा कि बंधुओ निमित्त के साथ उपादान भी जरूरी है। जैसे मिट्टी अगर चिकनी ना हो तो वह घड़ा नहीं बन सकती।भले वहां पर कुंभकार हो, चाक हो आदि सभी सभी निमित्त क्यों ना हो, लेकिन अगर चिकनी नहीं है तो वह घड़ा रूप नहीं ले सकती। इसी तरह सम्यकदर्शन के लिए भी अनेक निमित्तों की आवश्यकता होती है। जैसे भव्य होने के साथ-साथ सैनी, पर्याप्तक,जागृत साकार उपयोग आदि होना भी आवश्यक है। आचार्य गुरुदेव ने भव्य का लक्षण बताते हुए कहा कि जो प्रीतिचित्त के साथ धर्म की बात को सुनते हैं वह निश्चित रूप से भव्य होते हैं। जिसे रत्नत्रय पाने की लालसा रहती है।गुरुओं का सान्निध्य अच्छा लगता है वे भव्य आत्मा होते हैं। गुरु हमारा किस तरह उपकार करते हैं इसे समझाते हुए आचार्य श्री ने गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज रचित कृति मूकमाटी से घड़े की शिक्षा का उदाहरण भी सुनाया। दोपहर में 3 बजे से स्वामी कार्तिके यानुप्रेक्षा का स्वाध्याय, तत्वचर्चा एवं सायंकाल में साढ़े छह बजे से गुरुभक्ति, पाठशाला, आरती, शंका समाधान, प्रश्नमंच, पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आदि कार्यक्रम हुआ। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि आगामी 12,13 सितंबर को द्वि दिवसीय आध्यात्मिक राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन डॉक्टर श्रेयांस जैन एवं संघस्त ऋषिका दीदी के निर्देशन में किया जाएगा। सभा में मुकेश जैन, महेंद्र जैन, जितेंद्र जैन, राकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन आदि उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक

**समाज जागरण बागपत।**

महाशिवरात्रि के मौके पर जगह-जगह मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और उन्होंने भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक कर घर-परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला मंत्री नितिन गोस्वामी भी शिवालय में पहुंचे और उन्होंने भगवान आशुतोष पर रुद्राभिषेक किया। ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर बालैनी, चकबंदी देवता मंदिर समेत गांव, कस्बे, शहर व देहात क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु आने शुरू हो गए थे और रात तक वह



भगवान आशुतोष पर जल चढ़ाने के लिए आते जाते रहे। मंदिरों के बाहर जल चढ़ाने के लिए शिव भक्तों व कांवड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे। हर कोई श्रद्धालु अपनी बारी आने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान मंदिरों को बिजली की झालरों से बहुत ही भव्य तरीके के साथ सजाया गया था, जिसकी रौनक रात को देखते ही बनती थी। ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजन- पाठ संपन्न कराया गया। मंदिर भगवान भोले शंकर के उदघोषों से गूंज उठे। इस मौके पर नितिन गोस्वामी ने कहा कि जो भी भक्त भगवान भोले शंकर की सच्ची श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना करता है तो भगवान भोलेशंकर उसकी सब मनोकामना पूरी करते हैं।

# कुंडु खाप उत्तर प्रदेश ने कावड़ियों के लिए लगाया सेवा कैंप

**समाज जागरण बागपत।**

कुंडू खाप उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में गौरीपुर मोड़ बागपत से हरियाणा की ओर जाने वाली सभी शिव भक्तों के लिए गौरीपुर जवाहर नगर बागपत में सेवा कैंप का आयोजन किया गया। शिव भक्तों के लिए सेवा कैंप के आयोजक उत्तर प्रदेश कुन्डु खाप चौधरी गजेंद्र सिंह कुंडू एडवोकेट व कार्यक्रम के




संयोजक चौधरी लोकेंद्र सिंह हेवा रहे। सेवा कैंप में केला, शिकंजी, शीतल जल व जल जीरे से शिव भक्तों की सेवा की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कुन्डु खाप चौधरी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि सभी शिव भक्तों के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वे कुशलतापूर्वक अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे और महादेव उनकी अराधना को स्वीकार करे। इस मौके पर अंकित कुंडू, सीमा कुंडू, श्रेया कुंड, अमित कुमार, सहित बड़ी संख्या में समाज के श्रद्धालु और भक्तगण उपस्थित रहे।

# तालाब ओवरफ्लो होने से आधा दर्जन से अधिक मकानों में घुसा पानी

**-दीवार गिरने से ग्रामीण का हजारों का नुकसान**

कांधला।(फुरकान जंग)

पिछले कई दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते देहात क्षेत्र में जलभराव की समस्या बढ़ती जा रही है। कैराना रोड स्थित वैष्णो देवी मंदिर के पीछे बने तालाब के ओवरफ्लो होने से आसपास के आधा दर्जन से अधिक मकानों में पानी भर गया। घरों में पानी घुसने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पानी भरने के कारण एक मकान की दीवार भरभराकर गिर गई, जिससे पीड़ित को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। बताया गया कि लगातार हो रही बारिश के चलते वैष्णो देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब पानी से लबालब हो गया। तालाब में पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी आसपास के आबादी क्षेत्र की ओर फैल गया। देखते ही देखते पानी कई मकानों में घुस गया। घरों में पानी भरने से ग्रामीणों को घरेलू सामान सुरक्षित स्थान पर रखने



के साथ ही अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी दौरान तनवीर पुत्र एजाज हसन के मकान की एक दीवार पानी भरने के कारण अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि दीवार गिरने के दौरान कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। दीवार गिरने से मकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पीड़ित को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान हर वर्ष तालाब का पानी ओवरफ्लो होने से आसपास के मकानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से तालाब के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था कराने और भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। मामले में ग्राम पंचायत सचिव अनुज कुमार ने बताया कि तालाब ओवरफ्लो होने और मकानों में पानी भरने का मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही पानी निकालने की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को परेशानी से राहत मिल सके।

# मां की लंबी आयु के लिए 71 लीटर गंगाजल लेकर हरिद्वार से पैदल बागपत पहुंचा गौरव भोला

## परिवार और नगरवासियों ने फूलों, डीजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों से किया भव्य स्वागत

**250 किमी की कठिन यात्रा बनी मातृभक्ति की मिसाल**

**समाज जागरण बागपत।**

श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर आस्था और मातृभक्ति का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। जनपद बागपत के गौरव भोला अपनी मां की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए हरिद्वार से 71 लीटर गंगाजल की कांवड़ लेकर 250 किलोमीटर पैदल यात्रा कर बागपत पहुंचे। उनके साथ अन्य शिवभक्त भी गंगाजल की कांवड़ लेकर बागपत पहुंचे। नगर में प्रवेश करते ही परिवार और नगर के लोगों ने सभी भोलों का फूलों, डीजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। करीब 250 किलो मीटर की इस कठिन पैदल यात्रा में गौरव भोला ने अपने कंधों पर 71 लीटर गंगाजल लेकर लगातार सफर



तय किया। उनकी यह यात्रा श्रद्धा, संकल्प और मातृभक्ति का प्रतीक बन गई। रास्ते में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने गौरव के इस अद्भुत संकल्प की जमकर सराहना की। बागपत पहुंचने के बाद गौरव भोला और अन्य सभी भोलों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपनी मां की लंबी आयु और परिवार की खुश हाली के लिए प्रार्थना की।श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसे श्रद्धालुओं की आस्था समाज के लिए प्रेरणा का संदेश देती है,

जो अपने माता-पिता के प्रति समर्पण की मिसाल पेश करते हैं। इस कांवड़ यात्रा में सोनू भोला, सन्नी भोला, अंकित भोला, आयुष भोला, रामेश्वर भोला, पुनीत भोला, सचिन भोला, दिनेश भोला सहित परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

# राष्ट्र वंदना चौक पर ब्रह्माकुमारी बहनों-भाइयों का व्यापारियों ने किया स्वागत

**समाज जागरण बागपत।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ब्रह्माकुमारी मेडिटेशन सेंटर की बहनों और भाइयों का मंगलवार को राष्ट्र वंदना चौक पर व्यापारियों ने श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में स्वागत किया।इस दौरान जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने परमपिता शिव के स्वरूप और आध्यात्मिक शक्ति



के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परमपिता शिव ज्योति स्वरूप, निराकार और सर्वशक्तिमान हैं।परमात्मा इस समय धरती पर अपने दिव्य कार्य के माध्यम से नए विश्व की स्थापना का कार्य कर रहे हैं। ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति को परमात्मा के इस महान कार्य में सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमपिता शिव से सुख, शांति और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त कर जीवन को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है।सकारात्मक विचार, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाकर समाज में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। इस मौके पर ब्रजमोहन शर्मा, नरेश शर्मा, नंदलाल डोगरा, नीरज वर्मा, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# कलयुग के श्रवण कुमारों ने जीता ग्रामीणों का दिल, मां-दादी को कांवड़ में बैठाकर पहुंचा गांव

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में कांवड़ यात्रा के दौरान भक्ति,श्रद्धा और मातृ-पितृ सेवा की अनूठी मिसाल देखने को मिली। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। कांवड़ियों के गांव में प्रवेश करते ही पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान गांव निवासी गौरव व खुशी पुत्र जयभगवान अपनी माता को कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार से पैदल गांव लेकर पहुंचे। वहीं बादल व शिवम पुत्र अरविंद भी अपनी दादी को कांवड़ में बैठाकर सकुशल गांव



पहुंचे। युवाओं की इस सेवा भावना को देखकर ग्रामीण भावविभोर हो गए और उन्हें आधुनिक युग का श्रवण कुमार बताते हुए सराहना की।कांवड़ यात्रा के दौरान गांव निवासी लाला पुत्र बबलू भी आकर्षण का केंद्र रहे। वह 144 किलो पवित्र गंगाजल की भारी-भरकम कांवड़ लेकर गांव पहुंचे। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया और धूमधाम से शिवरात्रि का त्यौहार मनाया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में छह बाइक सवार घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र कें अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में छह बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मंगलवार को बुढ़ाना मार्ग पर गांव भभीसा के निकट गांव सुन्ना निवासी सावन और सचिन बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गांव अटटा निवासी रोहित की बाइक से उनकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल उपचार के लिए भर्ती कराया। दुसरी और शामली सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाड़ निवासी राजीव, अजय और छोटू बागपत स्थित पुरा महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बाइक से घर लौट रहे थे। थाना क्षेत्र के भारसी मोड़ के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए।दोनों हादसों में घायल लोगों का सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों नें गंभीर हालत को देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।खबर लिखे जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# अमर नव्या सेवा समिति ने कांवड़ियो को किया पानी व फ्रूटी का वितरण

**समाज जागरण बागपत।**

अमर नव्या सेवा समिति हिसावदा द्वारा बालैनी रोड निकट पुरामहादेव पर शिव भक्त कावड़ियों को पानी की बोतल, फ्रूटी और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतल का वितरण किया गया। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी विक्रम सिंह ने कांवड़ियो की सेवा करते हुए कहा कि कांवड़ियो की सेवा करना ही सच्ची शिवभक्ति है। इस पवित्र सावन मास में हमसे जितना भी हो पाये ,सबको सच्चे मन से कांवड़ियो की सेवा करनी चाहिए। कांवड़ियो की सेवा करने से भगवान शंकर बहुत ही खुश होते हैं। सावन में हरिद्वार से लाखों की संख्या में जो कावड़िये पवित्र गंगा जल लेकर अपनी मंजिल की ओर जाते हैं, उनकी सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। समाज के सभी लोगों को इस पुण्य कार्य के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर विक्रम सिंह, मोहित कुमार, मोहित दक्ष, सोनू सहदेवा, बालकिशोर, रामवीर सूद, मोंटी राजपूत, दीपक भाटिया, नवीन शर्मा, राहुल, शिवा और अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगन में खेल रहे पांच वर्षीय बालक को सांप ने डसा, जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुग्गड़ा में मंगलवार को घर के आंगन में खेल रहे पांच वर्षीय बालक को सांप ने डस लिया। बालक की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुग्गड़ा निवासी मुनव्वर का पांच वर्षीय पुत्र शमी मंगलवार को घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान अचानक एक सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने के बाद बालक



की हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया। सरकारी अस्पताल के चिकित्सक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बालक का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## मंगलौर में सामने से आ रही बाइक से हुई आमने-सामने की टक्कर, परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी 27 वर्षीय युवक की हरिद्वार गंगाजल लेने जाते समय सड़क हादसे में मौत हो गई। उत्तराखंड के मंगलौर क्षेत्र में सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे मंगलौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गमगीन माहौल में गांव में युवक का अंतिम संस्कार



किया गया। गांव किवाना निवासी संदीप मलिक (27) सोमवार को बाइक से हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए निकला था। बताया गया कि मंगलौर क्षेत्र में पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से संदीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल संदीप को उपचार के लिए मंगलौर के सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही संदीप के परिजन और ग्रामीण मंगलौर के लिए रवाना हो गए। युवक की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। मंगलवार को मंगलौर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शव गांव पहुंचने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बाद में गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर शिव भक्तों की सेवा में लगे भोजन शिविर समाप्त

**महाशिवरात्रि पर प्रसाद वितरण के साथ भंडारों का हुआ समापन नीलकंठ महादेव सेवा समिति ने किया प्रसाद वितरण, मंदिरों में गूंजे शिव जयकारे**

**समाज जागरण बड़ौत।**

बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर शिव भक्तों की सेवा में लगे भोजन शिविर आज विधि-विधान के साथ समाप्त हो गए। महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी शिव भक्तों को प्रसाद वितरण करते हुए भंडारों का समापन किया गया। शहर के प्रमुख पंचमुखी शिव मंदिर में शिव भक्तों की सेवा के लिए नीलकंठ महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भंडारे का समापन समिति के प्रधान अशोक भारद्वाज ने प्रसाद वितरण कर किया। महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों को दूध, केला, मीठी लस्सी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इसके अलावा नगर के दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे रोड पर लगे सभी भंडारों में भी प्रसाद वितरण किया गया और विधिवत समापन हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में भारी भीड़ रही। लाखों शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव का गुणगान किया। सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक मंदिरों में शिवलिंग पर लगातार जलाभिषेक होता रहा। हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आए शिव भक्तों ने भी अपने-अपने शिवालयों में जलाभिषेक कर शिव की महिमा का गुणगान किया और भगवान शिव की आरती उतारी। पूरे दिन चारों ओर "बोल बम" और "हर हर महादेव" के जयकारों से शिवालय गूंजते रहे।

# आवारा कुत्तों ने हिरण पर किया हमला, तालाब में फंसा

## --वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर बचाई जान, घायल हिरण का कराया उपचार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर में मंगलवार को आवारा कुत्तों के झुंड ने एक हिरण को घेरकर उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले में हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया। जान बचाने के लिए हिरण भागकर गांव के तालाब में जा घुसा, लेकिन तालाब में फंस गया।ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी योगेंद्र मलिक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की



मदद से रेस्क्यू अभियान चलाकर हिरण को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाला।टीम ने मौके पर ही घायल हिरण का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद बेहतर उपचार के लिए घायल हिरण को नगर कें पशु अस्पताल में भर्ती कराया। पशु चिकित्सालय में वन विभाग व डॉक्टरों की टीम द्वारा घायल हिरण का उपचार कराया जा रहा है।

# शिवभक्तों की सेवा कर सरताज खान ने पेश की हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग)थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में सावन माह के पावन अवसर पर ग्राम प्रधान पद के भावी प्रत्याशी सरताज खान ने अपनी टीम के साथ हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की। टीम सरताज खान ने गांव में गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्त कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उन्हें जलपान वितरित कर सेवा की।सावन माह में शिवभक्त कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को इस्लामपुर घसौली में पहुंचे शिवभक्तों के स्वागत के लिए सरताज खान और उनकी टीम ने सेवा शिविर लगाया। इस दौरान शिवभक्तों को फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया और



जलपान कराकर उनकी सेवा की गई। सरताज खान ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। सावन के पावन माह में शिवभक्तों की सेवा करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम सभी समुदायों के लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव के साथ मिलकर रहना चाहिए। धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन इंसानियत और भाईचारा सभी को एक-दूसरे से जोड़ता है।इस दौरान हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर शिवभक्तों की सेवा की और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। सेवा कार्य को लेकर ग्रामीणों ने भी सरताज खान और उनकी टीम की पहल की सराहना की। इस दौरान उनके साथ दोनों समुदाय के दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गाछपाड़ा में निकली भव्य रैली

## प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला, रंगोली और वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा क्षेत्र, करीब 700 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा




**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

11 अगस्त। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत मंगलवार को किशनगंज प्रखंड की ग्राम पंचायत गाछपाड़ा में देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हाई स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रैली, प्रभात फेरी एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक देशभक्ति एवं तिरंगा थीम पर रंगोली भी बनाई।

कार्यक्रम का नेतृत्व उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रदीप कुमार झा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मवीर कुमार ने किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ करीब 700 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालयों से निकली प्रभात फेरी एवं रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। इस दौरान वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश भी दिया। वहीं, रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने तिरंगे और राष्ट्रप्रेम की आकर्षक झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर डीडीसी प्रदीप कुमार झा एवं बीडीओ कर्मवीर कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देने की अपील की।

बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान-2026 का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आम लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान गाछपाड़ा का वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# हर घर तिरंगा अभियान से कोचाधामन में गूंजा देशभक्ति का संदेश

## प्रभात फेरी, तिरंगा रैली और मानव श्रृंखला में शामिल हुए छात्र-छात्राएं व ग्रामीण, आवास लाभार्थियों के बीच बांटे गए राष्ट्रीय ध्वज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

11 अगस्त। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को कोचाधामन प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में देशभक्ति एवं जनजागरूकता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभात फेरी, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला और तिरंगा वितरण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

ग्राम पंचायत डेरामारी के मोहनमारी एवं यूएचएस धनपुरा विद्यालय में मुखिया शाहबाज आलम की अध्यक्षता में प्रभात फेरी, तिरंगा रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने देशभक्ति के नारे लगाए। ह्यभारत माता की जयह्ल के नारों से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान प्रधानाध्यापक अरुण कुमार यादव एवं अरशद आजमी फारुकी सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

वहीं, बुआलदह पंचायत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया। ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक राम प्यारे एवं आवास सहायक कर्मियों के माध्यम से लाभार्थियों को तिरंगा उपलब्ध कराया गया, ताकि वे अपने नए आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकें। इस दौरान सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन भी किया गया। तिरंगा मिलने से लाभार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।



इधर, कोचाधामन प्रखंड मुख्यालय में आम लोगों को मुफ्त सोलर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर सौर ऊर्जा आधारित विद्युत सुविधा की जानकारी ली। पात्र लाभार्थियों को कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई और पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों से कोचाधामन प्रखंड में देशभक्ति का माहौल बना रहा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

# युवती ने लगाया अपहरण व दुष्कर्म का आरोप, प्राथमिकी के बाद जांच में जुटी पुलिस



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

11 अगस्त। टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती ने अपहरण के बाद दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़िता के मुताबिक, 6 अगस्त की सुबह करीब पांच बजे वह घर के बाहर सफाई कर रही थी। इसी दौरान सफेद रंग की एक चारपहिया गाड़ी वहां आकर रुकी। युवती का आरोप है कि गाड़ी से उतरे दो लोगों ने उसे जबरन वाहन में बैठाया और कलियागंज रेलवे स्टेशन के दक्षिण की ओर एक सुनसान जगह पर ले गए।

युवती ने पुलिस को बताया कि सुनसान स्थान पर ले जाने के बाद उसके मुंह पर गमछा बांध दिया गया। इसके बाद उसकी मर्जी के खिलाफ दुष्कर्म किया गया। शिकायत में बेलालनगर निवासी आबिद आलम (28) को नामजद करते हुए दो अज्ञात लोगों के भी घटना में शामिल होने की बात कही गई है।

पीड़िता के अनुसार, घटना के बाद उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई और आरोपी उसे वहीं छोड़कर भाग निकले। करीब दो घंटे बाद परिजन उसकी तलाश करते हुए मौके पर पहुंचे और उसे बेहोशी की हालत में बरामद किया। इसके बाद उसे टेढ़ागाछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, किशनगंज रेफर कर दिया।

इलाज के दौरान होश आने पर युवती ने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। उसने यह भी बताया कि उसके कान में पहना सोने का चांदनुमा आभूषण घटना के बाद नहीं मिला। युवती ने आशंका जताई है कि आभूषण भी आरोपियों ने छीन लिया।

शिकायत में युवती ने दो अन्य आरोपियों की पहचान से अनभिज्ञता जताई है। हालांकि, उसने पुलिस को बताया कि सामने आने पर वह दोनों की पहचान कर सकती है।

महिला थाना अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया कि युवती के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपों की सत्यता के साथ-साथ घटना में शामिल लोगों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बीएसएफ ने निकाली भव्य साइकिल रैली

## 188 जवानों ने तिरंगे के साथ दिया देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश



**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

11 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) क्षेत्रीय मुख्यालय किशनगंज की ओर से भव्य साइकिल रैली निकाली गई। सुबह छह बजे आयोजित रैली का शुभारंभ डीआईजी गणेश कुमार ने किया। रैली में क्षेत्रीय मुख्यालय के साथ 132वीं, 63वीं एवं 80वीं वाहिनी के कुल 188 बीएसएफ कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर से शुरू होकर स्टेडियम, खगड़ा चौक और विशाल मेगा मार्ट होते हुए पुनः क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल बीएसएफ जवान हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ आगे बढ़े। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। रैली में कमांडेंट (प्रशासन) रामचंद सहित 132वीं, 63वीं एवं 80वीं वाहिनी के कमांडेंट और अन्य अधिकारी व जवान शामिल रहे। रैली के दौरान जवानों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का उत्साह देखने को मिला।

रैली के समापन पर डीआईजी गणेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के साथ देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना हम सभी का दायित्व है।

# महानंदा नदी में डूबा आठवीं का छात्र, तलाश में जुटी एसडीआरएफ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

11 अगस्त। किशनगंज में मंगलवार को महानंदा नदी में नहाने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। नदी में नहाने गया आठवीं कक्षा का 13 वर्षीय छात्र गहरे पानी में डूबने के बाद लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही



पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। बाद में एसडीआरएफ की टीम ने भी पहुंचकर नदी में छात्र की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, टाउन थाना क्षेत्र स्थित बेथल मिशन स्कूल में पढ़ने वाले चार किशोर मंगलवार दोपहर घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद चारों चकला क्षेत्र स्थित महानंदा नदी के किनारे पहुंचे और वहां नहाने लगे। इसी दौरान खगड़ा निवासी अब्दुल हादिर गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबकर लापता हो गया।

लापता छात्र की पहचान अब्दुल हादिर (13) के रूप में हुई है। वह कक्षा आठवीं का छात्र था। उसके साथ मौजूद तीन दोस्तों विश्वजीत कुमार, अनुपम कुमार और जीके पासवान ने बताया कि हादिर के डूबने के बाद उन्होंने काफी देर तक नदी में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस और स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ को भी बुलाया गया। एसडीआरएफ के जवानों ने नदी में रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। स्थानीय गोताखोर भी छात्र की तलाश में जुटे हुए हैं। नदी में तेज बहाव और गहराई के कारण रेस्क्यू टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही अब्दुल हादिर के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। बेटे के नदी में डूबने और अब तक पता नहीं चलने की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी हुई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने के साथ ही लापता छात्र की तलाश में जुटी है।

# रुदियाय पंचायत में एक पेड़ मां के नाम अभियान, किसानों के बीच 2000 फलदार पौधों का वितरण




**समाज जागरण**

चांडिलः सरायकेला-खरसावां जिले के रुदिया पंचायत भवन में मंगलवार को GRSE कोलकाता एवं TRCSC जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया सुबोधिनी महली, उपमुखिया करमू सिंह सरदार, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य वार्ड सदस्य सहित संस्था के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुरेश प्रसाद साहू ने स्वागत भाषण के साथ किया। इसके बाद संस्था के सचिव मानस कुमार दास ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फलदार पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण एक पुण्य कार्य है। एक पेड़ मां के नाम अभियान मां के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारे दायित्व का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि पेड़ हमें बिना किसी भेदभाव के फल, फूल, पत्ते, पौधा, छाया, ऑक्सीजन और जलवायु संतुलन जैसी अनेक महत्वपूर्ण चीजें प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां की स्मृति और सम्मान में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से पौधों को जीवित रखने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया गया। किसानों को बताया गया कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित सिंचाई एवं सुरक्षा भी जरूरी है, ताकि आने वाले समय में ये पौधे फलदार वृक्ष बन सकें।इसके बाद कार्यक्रम में GRSE कोलकाता के प्रतिनिधि ने पौधों के संरक्षण एवं देखभाल को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पौधों को उचित दूरी पर लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने से वे जल्द विकसित होंगे और आने वाले समय में किसानों को फल प्राप्त होंगे।पंचायत की मुखिया सुबोधिनी महली ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि TRCSC एवं अन्य संस्थाओं द्वारा किसानों के हित में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने किसानों से फलदार पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।कार्यक्रम में रुड़िया पंचायत के करीब 200 किसानों के बीच लगभग 2,000 फलदार पौधों का वितरण किया गया। किसानों को आम, अमरूद और नींबू सहित विभिन्न फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए। प्रत्येक किसान को करीब 10-10 पौधे दिए गए।इस अवसर पर संस्था के जगबंधु महतो, दीनबंधु महतो, आभूषण महतो, अधिवक्ता सिंह मुंडा, सुमोजित सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधायक सविता महतो ने विधानसभा में उठाए स्टेडियम, पर्यटन और हाथियों के आतंक के मुद्दे




**समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने मानसून सत्र के तारांकित प्रश्न पर विधानसभा में चांडिल अनुमंडल में स्टेडियम निर्माण, पर्यटन विकास और शून्यकाल में जंगली हाथियों के आतंक का मुद्दा उठाया। सरकार ने बताया कि नीमडीह, चांडिल और ईचागढ़ में पूर्व से स्वीकृत स्टेडियम की अवधि पूरी हो चुकी है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया है, जबकि कुकड़ू समेत अन्य प्रखंडों से भूमि विवरण सहित प्रस्ताव मांगे गए हैं। ओड़िया और मुरु गांव को पर्यटन स्थल बनाने के सवाल पर सरकार ने बताया कि चांडिल डैम के कारण यहां पर्यटन की संभावनाएं हैं। दोनों गांवों को पर्यटक स्थल घोषित करने का प्रस्ताव जिला पर्यटन संवर्धन परिषद को भेजा गया है। क्षेत्र में पर्यटन विकसित होने से युवाओं को रोजगार मिलेगा।

*वहीं, शून्यकाल में विधायक ने हाथियों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों की सुरक्षा और फसल-मकान के नुकसान को रोकने के लिए स्थायी समाधान की मांग की।

# किराना दुकान में अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

पदमा, हजारीबाग। पदमा ओपी थाना कांड संख्या 277/2026 के प्राथमिकी अभियुक्त सरैयाडीह निवासी सतीश कुमार मेहता (30 वर्ष), पिता महेंद्र प्रसाद मेहता को किराना दुकान में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब की बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया।



पुलिस ने छापेमारी के दौरान दुकान से विभिन्न कंपनियों की कुल 71 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब में 650 मिलीलीटर की 32 बोतल, 500 मिलीलीटर की 20 बोतल तथा 375 मिलीलीटर की 19 बोतल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था।

छापेमारी दल में पदमा ओपी प्रभारी, अवर निरीक्षक राजेश हजरा, अवर निरीक्षक आलोक सोरेन, अवर निरीक्षक संदीप कुमार तथा पदमा ओपी सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# नगर पंचायत के सहयोग शिविर का दीप प्रज्वलित कर हुआ उद्घाटन




**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**


नबीनगर (बिहार )नबीनगर नगर पंचायत द्वारा गौतम बुद्ध नगर भवन में आयोजित सहयोग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि एमएलसी दिलीप सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती,अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह एवं वार्ड पार्षदों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि एमएलसी दिलीप सिंह ने कहा कि इस तरह के सहयोग शिविर से आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने नगर पंचायत के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मिलकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।सहयोग शिविर में नबीनगर और आसपास के क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि बिपिन सिंह ने लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।वहीं मौके पर आवेदन भी लिए गए।नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पंचायत के कर्मी और वार्ड पार्षदों ने अहम भूमिका निभाई। इस दौरान वार्ड पार्षद मुरारी सिंह,अजय प्रसाद,इंदल सिंह, ओबिंद राम, विकास कुमार,दीपक कुमार, राहुल रावत , दुबे जी,नगर पंचायत के कर्मी सहित क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे

# नबीनगर पुलिस की कार्रवाई, भीड़ द्वारा पिटाई के मामले में 1 गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार )नबीनगर थाना पुलिस ने हत्या मॉब लिंचिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चंदन चौहान के रूप में हुई है, जो नबीनगर थाना क्षेत्र के फुटहरवा गांव का निवासी है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गुप्त सूचना पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है का



# बिहार में कल मौसम का बदलेगा मिजाज, 18 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट

पटना। बिहार में बुधवार, 12 अगस्त को मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने राज्य के करीब 18 जिलों में मेघ गर्जन, वज्रपात और बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम खराब रहने की आशंका को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**इन जिलों में मौसम रहेगा सक्रिय**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर-पश्चिम बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और सारण में मौसम प्रभावित हो सकता है। वहीं उत्तर-पूर्व बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार में मेघ गर्जन के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम बिहार के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल में भी मौसम खराब रहने का अनुमान है।

**40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है हवा की रफ्तार**

इन जिलों में गरज-चमक और वज्रपात के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने आकाशीय बिजली के दौरान लोगों को विशेष सावधानी बरतने तथा खुले स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी है।

# बिहार में शराबबंदी पर फिर उठे सवाल, NCAएफकी रिपोर्ट ने नीति खत्म करने की दी सलाह

**समाज जागरण**

पटना। बिहार में अप्रैल 2016 से लागू शराबबंदी के करीब एक दशक पूरा होने के बीच इस नीति को लेकर बहस एक बार फिर तेज हो गई है। राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की हालिया शोध रिपोर्ट ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी खत्म करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार शराबबंदी अपने प्रमुख सामाजिक उद्देश्यों, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा और अपराध में कमी लाने के मामले में अपेक्षित परिणाम देने में सफल नहीं दिखी।

**शोध में क्या कहा गया?**

एनसीएईआर के शोधकताओं के अनुसार शराब पर पूर्ण प्रतिबंध के बाद शराब की मांग पूरी तरह समाप्त नहीं हुई। मांग का एक हिस्सा अवैध शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की ओर स्थानांतरित हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शराबबंदी के कारण राज्य को राजस्व का नुकसान हुआ, जबकि इन संसाधनों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता था।

रिपोर्ट का प्रमुख सुझाव है कि बिहार को पूर्ण शराबबंदी की नीति वापस लेकर शराब की बिक्री को नियंत्रित और विनियमित व्यवस्था के तहत लाने पर विचार करना चाहिए।

**लेकिन दूसरी शोध रिपोर्टें क्या कहती हैं?**

यहां तस्वीर पूरी तरह एकतरफा नहीं है। बिहार में शराबबंदी पर पहले प्रकाशित कुछ अकादमिक शोध इसके कुछ सकारात्मक प्रभाव भी बताते हैं। 2024 के एक अध्ययन में पाया गया कि शराबबंदी के बाद रिपोर्ट किए गए हिंसक अपराधों में कमी आई, जबकि गैर-हिंसक अपराधों पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं मिला।

# पत्नी से विवाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के बड़ेपुर बेलवा गांव में मंगलवार सुबह 21 वर्षीय युवक का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथमदृष्टया मामला घरेलू विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।



मृतक की पहचान गांव निवासी जितेंद्र गौड़ के बड़े बेटे राजू गौड़ (21) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार राजू मजदूरी के साथ निजी नौकरी भी करता था। परिजनों के मुताबिक राजू ने पिछले वर्ष प्रेम विवाह किया था। कुछ समय पहले पत्नी से अनबन के बाद वह मायके चली गई थी। राजू कुछ दिन पहले पत्नी को मनाकर वापस घर लाया था। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद राजू कमरे में चला गया।

मंगलवार सुबह परिजनों ने कमरे में राजू का शव फंदे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। घर में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहले पीआरवी और बाद में फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई की।फूलपुर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला घरेलू कलह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाव संचालन बंद होने पर नाविकों ने किया विरोध

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। जिले के गंगा नदी में जलस्तर खतरे के निशान से नीचे होने के बावजूद नौका और मोटर बोट संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर नाविक समाज में आक्रोश है। नाविकों का कहना है कि प्रतिबंध के कारण करीब 40 हजार नाविकों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।नाविक समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से प्रतिबंध पर पुनर्विचार कर नौका संचालन की अनुमति देने की मांग की है। उनका कहना है कि नाविक समाज अनादिकाल से गंगा में नौका संचालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता आ रहा है।काशी आने वाले तीर्थ यात्रियों और कांवरियों को नौका सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ घाटों पर डूबने वाले लोगों को बचाने में भी नाविक और गोताखोर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नाविकों ने कहा - नौका संचालन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाता है और उन्हें लाइफ जैकेट पहनाकर ही नौकायन कराया जाता है। उनका कहना है कि बाढ़ अथवा किसी बड़ी आपदा के समय जब गंगा का पानी खतरे के निशान तक पहुंच जाता है, तब भी नाविक समाज अपनी नावों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में प्रशासन का सहयोग करता है।नाविक समाज के लोगों ने सवाल उठाया कि जब गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है तो नौका संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का औचित्य क्या है। उनका कहना है कि अन्य परिवहन साधनों पर परिस्थितियों के अनुसार प्रतिबंध लगाए जाते हैं, लेकिन केवल नाविकों की आजीविका प्रभावित होने से उनके परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।नाविक प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि जलस्तर और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए नौका संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध की समीक्षा की जाए तथा आवश्यक सुरक्षा नियमों के साथ नाविकों को अपनी आजीविका चलाने की अनुमति दी जाए।

बैठक में दुर्गा मांझी (अध्यक्ष, राजघाट), राम किशन मांझी, ऋतिक साहनी, देव आनंद मांझी, पतलु साहनी, पिंटू साहनी, पप्पू साहनी, देवेंद्र साहनी, विजय मांझी, सुनील साहनी, सौरभ साहनी, राहुल साहनी और दीपक साहनी सहित अन्य नाविक मौजूद रहे।

# माँ का दूध का दुनिया में कोई विकल्प नहीं:हर्षिता राय

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




रामेश्वर वाराणसी। काशी सेवा शोध समिति की ओर से स्तनपान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। काशी हॉस्पिटल भिखारीपुर डीएलडब्लू में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने मां के दूध को अमृत बताया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काशी सेवा शोध समिति के उपाध्यक्ष डॉ हर्षिता राय ने कहा कि माँ के दूध का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है। यह बच्चे को मजबूत बनाती है।रोगों से लड़ने की शक्ति माँ के दूध के द्वारा ही प्राप्त होती है। स्तनपान से माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। इस दौरान यहां पर एकत्रित महिलाओं को स्तनपान कराने के वैज्ञानिक तरीके बताए गए।स्तनपान का प्रशिक्षण देते हुए शिखा श्रीवास्तव ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की बात कही। ब्रेस्ट फीडिंग के उचित तरीके की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। कहा कि नवजात शिशुओं को संक्रमण का भी खतरा रहता है ऐसे में स्तनपान कराते समय कई प्रकार की सावधानियां बरतनी जरूरी है। कार्यक्रम को प्रिया यादव, प्रीति, अनुपमा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गुड़िया,शिवांश,यशाब, मिथलेश, सपना चौरसिया सहित ढेर सारी महिलाएं अपने बच्चों व नवजात शिशुओं के साथ उपस्थित थी।

# डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर, गाजीपुर ने ब्रांज मेडल प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया

**अंडर-14 वर्ग में टीम ने हासिल किया तृतीय स्थान, विद्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत**

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**



गाजीपुर सी बी एस इ क्लस्टर-5 कबड्डी प्रतियोगिता में डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर, गाजीपुर की अंडर-14 कबड्डी टीम ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान सेकेंड रनर-अप हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर, गाजीपुर ने अपने अभियान की शुरूआत देवस्थली विद्यापीठ, बलिया के विरुद्ध की। टीम ने बेहतरीन रणनीति और दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 26-12 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे मुकाबले में गुरुकुलम स्कूल, प्रतापगढ़ को 24-17 से पराजित कर टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

क्वार्टर फाइनल में टीम का सामना आर्मी पब्लिक स्कूल, वाराणसी से हुआ। डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर, गाजीपुर के खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही आक्रामक एवं प्रभावी खेल का प्रदर्शन किया और 40-17 के बड़े अंतर से शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सेमीफाइनल मुकाबला पिछले वर्ष की नेशनल चैंपियन देहरादून पब्लिक स्कूल, वाराणसी के खिलाफ हुआ। मुकाबला बेहद रोमांचक और कांटे का रहा। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और टीम भावना के साथ संघर्ष किया, हालांकि अंतिम क्षणों में डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर, गाजीपुर को हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ही बी एस इ क्लस्टर-5 में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों एवं टीम के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय के निदेशक हर्ष राय ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने पूरी टीम एवं उनके मार्गदर्शक प्रशिक्षक रामनारायण राय को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग की भावना विकसित करते हैं।

विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को मेहनत, एकजुटता और टीम भावना की जीत बताते हुए पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी।

# हरहुआ में निकली तिरंगा यात्रा, बनी देशभक्ति का प्रतीक।

## छात्रों, व्यापारियों और ग्रामीणों ने बढ़ाया मान।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी : 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत हरहुआ मण्डल भाजपा द्वारा मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा जिला महामंत्री एवं मण्डल प्रभारी संजय सोनकर तथा मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्र 'अजय ' के नेतृत्व में निकाला गया जो हरहुआ चौराहा से कोईराजपुर मोड़ व वापस हनुमान मंदिर हरहुआ चौराहा पर राष्ट्रगान के गायन,देशभक्ति के साथ समाप्त हुई।

**वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा हमारी आन -बान -शान है।**

यात्रा में सभी व्यापारी वर्ग एवं ग्रामीणों को तिरंगा वितरित किया गया। तिरंगा यात्रा में सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। साथ ही एस.आर. कॉन्वेंट हरहुआ व सनबीम बाबतपुर के सैकड़ों छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। हाथों में तिरंगा लिए नन्हे कदम और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। बच्चों की इस सहभागिता ने यात्रा को और भी भव्य बना दिया।

मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय' ने कहा कि तिरंगा देश का आन- बान-शान है।तिरंगा यात्रा हमे देश की आजादी में उन वीर सपूतों के त्याग और बलिदान की जिन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया की अमर गाथा को याद दिलाती है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख हरहुआ विनोद उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष अखंड सिंह, विनय सिंह हिटलर ,पूर्व जिला पंचायत श्रीमती अपराजिता सोनकर , गौतम सिंह,मधुवन यादव, दीपक चौहान, अरुणेंद्र सिंह, राजनारायण पटेल, भगत यादव ,आशीष राजभर, बांके लाल, कैलाश राय, धनंजय सरोज, वीरेन्द्र गुप्ता, प्रदीप सिंह,पंकज तिवारी,गौरव, शशांक रघुवंशी, नवीन चौबे, गगन चौबे, विजय वर्मा, धनंजय भारद्वाज, मनोज पटेल, अनिल पाण्डेय,स्वाति मिश्रा, प्रिया सिंह, रेखा पटेल, सुमन दुबे, सोनाली पाण्डेय, अखिलेश पटेल, प्रमोद पाण्डेय, रामआसरे सिंह, श्याम सुन्दर गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, मेराज खान, इरफान हाश्मी, संतोष गुप्ता, बिहारी पटेल, शिवबालक पटेल, विनोद पटेल सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजन, प्रधानगण एवं हरहुआ मण्डल के सभी कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा कार्यकताओं के साथ-साथ स्कूल प्रशासन, व्यापारी बंधुओं और ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

# ग्रामप्रधान अनौरा दीपक चौहान ने बच्चों संग ली मिड डे मील का स्वाद,की तारीफ

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत अनौरा के प्रधान दीपक प्रधान ने आज मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी के बच्चों सँग मिड डे मील का स्वाद लिया। बच्चों से रोज के भोजन की जानकारी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रधान दीपक चौहान को विद्यालयों में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण भोजन के सम्बंध में जानकारी मिली कि कुछ स्वाधीन भोजन परोसा जा रहा है। योजना के मुताबिक आज मंगलवार को अचानक प्राथमिक विद्यालय पहुंचे और बच्चों सँग भोजन करने की हेडमास्टर से वार्ता की। उन्होंने सहर्ष ले जाकर रसोईघर और आस पास साफ सफाई का अवलोकन के पश्चात बच्चों के साथ आज के मीनू के अनुसार चावल दाल थाली में लेकर पेटभर खाया। उन्होंने कहा कि स्वादपूर्ण कई हरी सब्जियों के साथ पूरी तरह पकी छौका लगा तड़कायुक्त दाल और मोटे चावल की पकी भर्रा चावल अजीब स्वादयुक्त भोजन कर खुश हुए। कार्यरत रसोइयों से वार्ता कर उनके परेशानियों ,सामग्री पूरी तरह से मिलने,ईंधन की समस्या सहित व्यक्तिगत समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। शिक्षकों, शिक्षिकाओं से पठन पाठन सहित हर बिंदुओं पर वार्ता किया और हर छोटी बड़ी समस्या का तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। बच्चों के खेल रुचि और उसकी उपलब्धता ,ड्रेस ,जूता मोजा ,किताब और शुद्ध पेयजल ,साफ सुथरा शौचालय के प्रति बच्चों के रुझान को उनके मुंह से जाना। कहा कि मैंने भी इसी तरह की पढ़ाई भोजन व क्रिकेट खेल में अभ्यास से अवगत कराते हुए एक कहानी सुनाकर उनके जिज्ञासा को शांत का प्रयास किया। बच्चों ने प्रधान को हाथ हिलाकर बाय बाय प्रधान जी मधुर शब्दों से अभिवादन किया।हर महीने एक बार स्कूल आने का बचन दिया।

# कजरी गायन कार्यक्रम सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**





साहित्य चेतना समाज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नगर के गोलाघाट स्थित बाबा जागेश्वरनाथ मंदिर के सभागार में कजरी गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ बी.एस.डी.पब्लिक स्कूल रेवतीपुर की छात्राओं खुशी चौधरी,यशस्विनी पाण्डेय और आर्या राय द्वारा प्रस्तुतशिव वन्दना से हुआ ।कार्यक्रम में आये कलाकारों एवं श्रोताओं का स्वागत कार्यक्रम संयोजक संगीता त्रिपाठी एवं रागिनी त्रिपाठी ने किया।

संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कजरी गायन केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान की प्रतीक है।पूर्वांचल में कजरी गायन का विशेष महत्व है।लोकगीतों एवं पारम्परिक गीतों की हमारी समृद्ध परम्परा है।इन्हीं के आँचल में हमारी लोक संस्कृति सुरक्षित है। आधुनिकता के आज के दौर में नई पीढ़ी पाश्चात्य संगीत की ओर आकर्षित हो रही है।ऐसे परिवेश में हमें अपने लोकगीत व लोक संगीत को जीवंत बनाये रखना है जिससे आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे।इसी को दृष्टिगत कर संस्था प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित करती है।

कार्यक्रम में आये कलाकारों ने अपनी कजरी सुनाकर श्रोताओं को रससिक्त कर दिया।उनकी प्रस्तुति पर श्रोताओं की ओर से भी करतल ध्वनि के रूप में स्नेह-गंगा उमड़ती रही।सुपरिचित लोक गायिका शाम्भवी उपाध्याय ने 'कइसे खेले जइबू सावन में कजरिया,बदरिया घिर आइल सजनी' और 'अरे रामा भिंगेले मोरी चुनरिया,बदरिया बरसे रे हरि' सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।राजूजी मौर्य ने 'श्याम नहीं घर आये,पानी बरसन लागे ना' सुनाकर खूब वाहवाही लूटी।वर्तिका पाण्डेय ने 'हरे रामा कृष्ण बने मनीहारी,पहिन के सारी ना' एवं राजेश निराला ने 'सखिया सावन बहुत लुभावन' सुनाकर श्रोताओं को आनन्दित किया।अंकित आर्या ने 'छोटकी ननदी के बात ना सहाई,हो जाई लड़ाई पिया ना' प्रस्तुत कर श्रोताओं को अपने सुर,लय एवं ताल पर झूमने के लिए बाध्य कर दिया।राजन तिवारी ने 'पिया मेंहदी लिया दा मोतीझील से,जाके साईकिल से ना' एवं अनीता यादव ने 'गये मथुरा से श्याम नहीं आये,जीया घबराये सखी ना' सुनाकर अतीव प्रशंसा अर्जित की।राकेश शर्मा ने 'झूला पड़ गईलें अमवा की डाल पर' एवं गायत्री साहू ने 'झूला झूले महादेव' सुनाकर श्रोताओं को प्रभावित किया।इसके अतिरिक्त संजू पाण्डेय,चिन्ता यादव एवं नीतू यादव की भी प्रस्तुति सराहनीय रही।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के सचिव हीरा राम गुप्त व संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी, डॉ. संतोषसिंह, डॉ.संजय राय, डॉ. रामनारायण तिवारी,साक्षी सक्सेना, अरुण कुमार तिवारी,संतोष तिवारी, आनन्द प्रकाश अग्रवाल, आनन्द तिवारी, कल्पना,नीलम श्रीवास्तव, रिंकू सिंह, डॉ.विनीता राय,पूजा श्रीवास्तव, विद्यानिवास पाण्डेय, अर्चना राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।संचालन संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेन्द्र तिवारी ने किया।

# सारी दुनिया खफा नहीं होती,जिन्दगी बेवफा नहीं होती, प्यार की बात क्या करूं यारो, इससे बढ़कर सजा नहीं होती

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में 'चेतना-प्रवाह' कार्यक्रम के अन्तर्गत जंगीपुर स्थित राजेश वर्मा के आवास पर कवि-सम्मेलन आयोजित किया गया।सोमवार की देर रात तक चले कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता आचार्य शरद शर्मा एवं संचालन विद्युत प्रकाश ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संजय पाण्डेय की सरस्वती वंदना से हुआ।

इसके बाद कवियों ने अपने काव्य-पाठ से श्रोताओं को रससिक्त कर दिया।युवा शायर गोपाल गौरव ने 'भूख की प्यास की मत कहानी लिखो/अब वतन को तुम अपनी जवानी लिखो' सुनाकर देश भक्ति की भावना का संचार किया।हण्टर गाजीपुरी ने 'इश्क है,हुस्न है,जवानी है/सारा बाजार पानी पानी है' सुनाकर श्रोताओं को आनन्दित किया।वरिष्ठ शायर कुमार नागेश ने 'जब चराग में रौशनी का जलवा आया है/सिमट के उसके तलवे में अन्धेरा आया है' सुनाकर सार्थक संदेश दिया।बादशाह राही ने 'आवाज आ रही है यही हर मकान से/महंगाई बात करने लगी आसमान से' सुनाकर बढ़ रही महंगाई की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।व्यंग्यकार आशुतोष श्रीवास्तव ने 'बहुत ईमानदारी से वे बेईमानी का काम करते हैं/रिश्वत दी हो जिसने,पहले उसका काम करते हैं' सुनाकर बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर करारा व्यंग्य किया।वरिष्ठ कवि सुदर्शन कुशवाहा चिराग ने 'सारी दुनिया खफा नहीं होती,जिन्दगी बेवफा नहीं होती/प्यार की बात क्या करूं यारो,इससे बढ़कर सजा नहीं होती' सुनाकर श्रोताओं की ढेर सारी वाहवाही लूटी।साहित्य चेतना समाज के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने 'आ गया आज फिर स्वतन्त्रता दिवस का पावन पर्व/होने लगा हमें अपनी उपलब्धियों पर गर्व' सुनाकर देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन किया। इसके अतिरिक्त डॉ.शशांक शेखर पाण्डेय,मनोज यादव बेफ्रिक,दिनेश चन्द्र शर्मा,डॉ.अरविन्द शाह ने भी काव्य-पाठ कर श्रोताओं को प्रभावित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहित्य चेतना समाज के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी,लालजी गुप्ता,अजय तिवारी,गंगा विशुन यादव,अर्जुन सेठ,उमेश वर्मा,राजेश गुप्ता,रामजी वर्मा,गणेश जायसवाल,राजेश वर्मा, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन राजेश वर्मा ने किया।

# हथियाराम मठ में आयोजित रूद्राभिषेक में सत्यदेव परिवार, ने लिया भाग





- पूरे परिवार ने बुढिया भाई और सिद्धीदात्री का किया दर्शन
- पूज्य श्री भवानी नन्दन यति जी के सानिध्य में रूद्राभिषेक का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

सावन मास के द्वितीय सोमवार को हथियाराम मठ में आयोजित रूद्राभिषेक में सत्यदेव परिवार ने भाग लिया। रूद्राभिषेक के पश्चात हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर श्री श्री महामण्डलेश्वर पूज्य श्री भवानी नन्दन यति जी से सत्यदेव ग्रुप्स की ट्रस्टी श्रीमती सावित्री सिंह,सी एम डी सत्यदेव ग्रुप्स प्रोफेसर आनंद सिंह, प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स प्रोफेसर सानंद सिंह, डाक्टर प्रीति सिंह,अमित रघुवंशी समेत अन्य लोगों ने आशिर्वाद प्राप्त किया।

# नशामुक्त युवा, विकसित भारत की थीम पर मीरजापुर में प्रतियोगिताओं का आयोजन

## जीडी बिनानी पीजी कॉलेज में जनपद स्तरीय आयोजन, युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण**

मीरजापुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा मेरा युवा भारत (माई भारत), मीरजापुर के संयुक्त तत्वावधान में जीडी बिनानी पीजी कॉलेज के प्रांगण में नशामुक्त युवा, विकसित भारत विषय पर जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष



आयु वर्ग के सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह ने की। ब्रह्मकुमारीज, मीरजापुर की बहन बिंदु दीदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

आयोजन के दौरान लोकगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं माइम, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु वीडियो निर्माण, नारा लेखन तथा काव्य पाठ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। युवाओं ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया।

# मीरजापुर में टीबी मरीजों के लिए आगे आए उत्तर प्रदेश मंत्री हंसराज विश्वकर्मा

**समाज जागरण**



मीरजापुर/ प्रदेश में चल रहे टीबी उन्मूलन अभियान के तहत आज मझवां विकास खंड क्षेत्र के 151 टीबी मरीजों को उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म लघु एवं उद्यम राज्य मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा जी के उपस्थिति में पोषण पोटली भेंट करके मरीजों को सहयोग देने हेतु कछवा क्रिश्चियन अस्पताल प्रांगण में गोद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में कछवा क्रिश्चियन अस्पताल द्वारा 85, हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन चितईपुर वाराणसी द्वारा 50, पूर्व कछवा नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर पंधारी यादव द्वारा 11 एवं पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर एवं एल एस मिश्रा द्वारा 5 तथा मीरजापुर डिप्टी सीएमओ डाक्टर सुदीप कुमार सिंह द्वारा 5 तथा राकेश कुमार टीबी चैंपियन द्वारा 2 मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराते गोद लेने का सराहनीय कार्य किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा द्वारा टीबी उन्मूलन के तहत किए गए उपरोक्त प्रयास की सराहना करते हुए कहां कि पहले के जमाने में इस रोग का बहुत भय था लेकिन अब योग्य डॉक्टरों एवं उपलब्ध सरकारी जांच इलाज आदि की सुविधाओं से यह रोग असाध्य नहीं साध्य हो चुका है उक्त क्रम में ही मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खान पान, साफ सफाई, वह डॉक्टरों के उचित सुझाव तथा नियमित दवा सेवन पर विशेष ध्यान देने को बोला गया।

मा0 मंत्री जी द्वारा मरीज के हित में सभी सहयोगी निःक्षय मित्रों के सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। तथा उनके द्वारा मीरजापुर में आगामी टीबी मरीजों के गोद कार्यक्रम में स्वयं द्वारा 50 टीबी मरीजों को गोद लेने का आश्वासन भी दिया गया।

वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर के के मिश्रा द्वारा कहा गया कि टीबी रोग के लक्षण मिलने पर आधी अधूरी जानकारी रखने वाले झोला छाप डाक्टरों से इलाज कतई मत लें, बल्कि ऐसे रोग के लिए सरकारी अस्पताल से संपर्क कर उचित जांच इलाज की निः शुल्क सुविधा प्राप्त करते हुए अपने साथ साथ देश को भी टीबी मुक्त बनाने में सहयोगी बनने का प्रयास करें।

पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एलएस मिश्रा द्वारा कहा गया कि टीबी के रोगी को यह बात सदैव ध्यान रखना आवश्यक है कि दवा सेवन में एक दिन का भी गैप न हो साथ ही खांसते छिंकते बोलते समय मुंह पर मास्क, रुमाल, गमछा अवश्य रखें।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला क्षय रोग कोऑर्डिनेटर एवं रेडक्रास सोसायटी मीरजापुर के सदस्य सतीश शंकर यादव द्वारा लोगों टीबी के लक्षणों एवं सरकारी स्तर पर विभिन्न निःशुल्क सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

# 12वें वेतन समझौते की वार्ता समिति के गठन को लेकर गरजा संयुक्त श्रम संघ

## AITUC, HMS, INTUC और CITU ने किया जोरदार प्रदर्शन , महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन ; जल्द वार्ता शुरू करने की मांग

**समाज जागरण**

जमुना-कोतमा। कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सहायक कंपनियों के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए 12वें वेतन समझौते (JBCCI-XII) की वार्ता समिति के गठन में हो रही देरी को लेकर संयुक्त श्रम संघ ने जमुना-कोतमा क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया। AITUC, HMS, INTUC और CITU से जुड़े श्रमिक नेताओं एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगें रखीं और महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर वार्ता समिति का गठन जल्द कराने की मांग की। इस संयुक्त श्रम संघ में इटर शामिल नहीं है। संयुक्त श्रम संघ ने अपने ज्ञापन में कहा कि 12वें वेतन समझौते की प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों में असंतोष और चिंता की स्थिति बनी हुई है। लंबे समय से वार्ता समिति के गठन में हो रही देरी को समाप्त करते हुए जल्द समिति गठित की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर वेतन समझौते की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। श्रमिक संगठनों का कहना है कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच वार्ता जल्द शुरू होना आवश्यक है



**श्रीकांत शुक्ला ने कहा- कर्मचारियों के हित में जल्द शुरू हो वार्ता**

HMS के श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि 12वां वेतन समझौता कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण विषय है। वार्ता समिति के गठन में अनावश्यक विलंब से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन को श्रमिक संगठनों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द वार्ता समिति का गठन करना चाहिए, ताकि वेतन समझौते की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ सके। उन्होंने श्रमिक हितों के साथ औद्योगिक शांति और उत्पादन व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संवाद को आवश्यक बताया।

**रमेश कुशवाहा बोले- समयबद्ध तरीके से पूरी हो वेतन समझौते की प्रक्रिया**

INTUC के रमेश कुशवाहा ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा शर्तों से जुड़ी प्रक्रिया को अनिश्चितकाल तक लंबित रखना उचित नहीं है। 12वें वेतन समझौते के लिए वार्ता समिति का गठन जल्द किया जाना चाहिए और इसके बाद श्रमिक संगठनों के साथ नियमित रूप से वार्ता कर समझौते की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने अधिकारों और जायज मांगों को लेकर लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रबंधन को सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

**अयाज अली ने कहा- देरी से कर्मचारियों में बढ़ रही चिंता**

AITUC के अयाज अली ने कहा कि 12वें वेतन समझौते की वार्ता समिति के गठन में हो रही देरी को लेकर कर्मचारियों में चिंता और असंतोष है। उन्होंने कहा कि श्रमिक संगठनों की मांग स्पष्ट है कि जल्द से जल्द वार्ता समिति गठित कर बातचीत शुरू की जाए। कर्मचारियों के हित में वेतन समझौते की प्रक्रिया को समयबद्ध किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रमिक संगठन अपने अधिकारों और मांगों को लेकर एकजुट हैं तथा प्रबंधन से सकारात्मक पहल की अपेक्षा रखते हैं।

**इंद्रपती सिंह बोले- औद्योगिक शांति के लिए संवाद जरूरी**

उक्ळव के इंद्रपती सिंह ने कहा कि श्रमिकों और प्रबंधन के बीच नियमित संवाद ही औद्योगिक शांति का आधार है। 12वें वेतन समझौते की वार्ता समिति के गठन में देरी को दूर कर जल्द बातचीत शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर समय रहते निर्णय होने से कर्मचारियों में विश्वास बढ़ेगा और उत्पादन व्यवस्था भी बेहतर तरीके से चल सकेगी। संयुक्त श्रम संघ ने इसी उद्देश्य को लेकर महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है।

**जोरदार प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन**

प्रदर्शन में HMS से श्रीकांत शुक्ला एवं कौशलधीस द्विवेदी, AITUC से अयाज अली, प्रमोद खांडई एवं निशा मिश्रा, CITU से इंद्रपती सिंह एवं अनिल शर्मा तथा INTUC से रमेश कुशवाहा एवं संजय पटेल सहित संयुक्त श्रम संघ से जुड़े पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए 12वें वेतन समझौते के लिए वार्ता समिति का गठन जल्द करने और वार्ता प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की गई। संयुक्त श्रम संघ ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं होने की स्थिति में श्रमिक संगठन आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। संगठनों ने उम्मीद जताई कि कोल इंडिया प्रबंधन एवं संबंधित स्तर पर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, हरित भविष्य के लिए लिया संकल्प

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहडोल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी गौरव सिरोदिया भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश चतुवेर्दी के साथ पौधारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।



वृक्षारोपण के दौरान पर्यावरण के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा गया कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं। वृक्ष हमें प्राणवायु प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने, तापमान को नियंत्रित करने, वर्षा चक्र को प्रभावित करने तथा मिट्टी के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज तेजी से बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरणीय परिस्थितियों के बीच पौधारोपण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में पौधारोपण को एक जिम्मेदारी के रूप में अपनाए और कम से कम एक पौधे को बड़ा करने का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। संभाग प्रभारी गौरव सिरोटिया श्रीमती अमिता चपरा एवं श्री सुरेश चतुवेर्दी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़ना चाहिए। बच्चों और युवाओं को भी पौधारोपण के प्रति जागरूक कर उन्हें प्रकृति के महत्व की जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और स्वच्छ पर्यावरण का आधार बन सकता है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं एवं नागरिकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।

कार्यक्रम में कहा गया कि पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा-भरा भविष्य बनाएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया गया।

# हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने निकाली भव्य विशाल तिरंगा यात्रा

## भूतपूर्व सैनिकों अधिवक्ताओं एवं भाजपा कार्यकताओं ने दिया देश भक्ति का संदेश

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी के आह्वान पर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार 9 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना था को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 अगस्त दिन मंगलवार को शहडोल नगर में जय स्तंभ चौक में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी के नेतृत्व में भव्य विशाल तिरंगा यात्रा



का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा संभाग संगठन प्रभारी श्री गौरव सिरोठिया जी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए यह तिरंगा यात्रा नगर के जस्तंभ चौक से धूमधाम गाजे बाजे के साथ निकल गई यात्रा नगर के जयस्तंभ चौक, से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड ,अंबेडकर चौक, राजेंद्र टॉकीज चौक ,होते हुए चौपाटी, पुराना नगर पालिका, रघुराज स्कूल, होते हुए नगर के न्यू गांधी चौक में देश भक्ति गाने की धुन पर नाचते गाते छात्र-छात्राओं एवं सैनिकों व आम जनमानस सहित भाजपा कार्यकताओं ने विशाल तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का दिया संदेश। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जैतपुर विधायक श्री जयसिंह मरावी जी, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संतोष लोहानी राकेश सोनी,भूपेंद्र मिश्रा, दौलत मनमानी, महामंत्री पुष्पेंद्र पटेल,अमित मिश्रा विनय केवट ,सौरभ गोले, श्रीकृष्ण गुप्ता,अमित गुप्ता बंटी, एवं भूतपूर्व सैनिकों में विष्णु विश्कर्मा ,जे पी गुप्ता, चंद्र प्रताप गोस्वामी, मजूमदार जी, जगदीश पटेल,श्रीकांत तिवारी, प्रभु दयाल, हीरा नायक, अजय तिवारी, गोपाल तिवारी एवं अधि वक्ताओं में प्रमुख रूप से दिलीप चतु वेर्दी ,आलोक राय, नवदुर्गेश मिश्रा शिवकांत मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, प्रत्यूष रजक, शैलेश गुप्ता, चंदन मिश्रा, सन्तोष गुप्ता, विष्णु पांडेय, विनोद शर्मा,अंजना चौधरी,लक्ष्मी मौर्या, अंकिता टेकाम,यशोदा चंद्रा,तमन्ना अली, लालाबाबू ,अन्य द्विवेदी, शिव प्रसाद साकेत,यदुनंदन प्रसाद यादव अनिकेत प्रताप सिंह,संतोष कुमार चौरसिया, रमेश गुप्ता, घनश्याम सोनी, अजय द्विवेदी, संध्या राज्य, पार्वती देवी, जय अमृत, शशांक मिश्रा, अजय राज वर्मा अतुल गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के प्रियम त्रिपाठी, मृदुल मिश्रा, राजीव शर्मा, राकेश कुशवाहा,अजय शर्मा,जयश्री कचेर, धर्मेंद्र दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर प्रताप सिंह,पुष्पेंद्र ताम्रकार, दिनेश दीक्षित, निलेश निगम,सुभाष सोनी,विजय गुप्ता, प्रवीण शर्मा डोली,शक्ति लक्ष्यकार, चंद्रेश द्विवेदी, नीलम चतुवेर्दी,सुरेश चतुवेर्दी, राकेश कनौजिया, नरेंद्र तिवारी, नितिन सिंह राणा, दीपक माझी, राकेश सैनी, त्रिभुवन गोस्वामी सचिन गुप्ता,पिंकू शुक्ला,आदित्य पांडे, अनमोल सोनी नागेंद्र गोले, सत्यभामा गुप्ता, कविता सिंह मार्को,पुष्पा द्विवेदी, छाया गुप्ता, रंजना सिंह सरिता शर्मा, मौसमी केवट, राखी शर्मा, संचिता सरवटे, संगीता निगम, रचना श्रीवास्तव, रेखा त्रिपाठी, दीपा सिंह, जागृति, कुसुम ,शशि साहू, मधु श्रीवास्तव निशा गौतम,अंजना गुप्ता, शिप्रा, निभा गुप्ता, कल्याणी वाजपेई सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर भारत माता की जय के नारे लगाते लगाते हुए देशभक्ति का दिया संदेश।

# GNS के खिलाफ दूसरी FIR, अमलाई में 4 एजेंटों पर केस

## पहले बुढार, अब अमलाई... GNS से जुड़े एजेंटों पर शिकंजा, SIT जांच के बीच दूसरी FIR से बढ़ा मामला

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। निवेश के नाम पर कथित धोखाधड़ी को लेकर GNS से जुड़े एजेंटों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का सिलसिला बढ़ता नजर आ रहा है। पहले बुढार थाना क्षेत्र में मामला सामने आने के बाद अब अमलाई थाना क्षेत्र में भी निवेश के नाम पर लाखों रुपये की कथित ठगी का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ FIR दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है।

बताया जा रहा है कि पीड़ित को निवेश की गई रकम पर आकर्षक रिटर्न का भरोसा दिलाया गया था। आरोप है कि 10 लाख रुपये निवेश करने पर 20 लाख रुपये वापस देने का दावा किया गया। भरोसे में आकर पीड़ित द्वारा रकम निवेश किए जाने के बाद जब पैसा वापस नहीं मिला तो मामला पुलिस तक पहुंचा।

**अमलाई थाने में चार एजेंटों के खिलाफ मामला**

पीड़ित की शिकायत के आधार पर अमलाई पुलिस ने मामले में चार आरोपियों/एजेंटों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि निवेश के नाम पर कितनी रकम लोगों से ली गई, कितने लोगों को भुगतान किया गया और कितने निवेशकों की रकम कथित रूप से अटकी हुई है।

**SIT जांच के बीच दूसरी FIR से बढ़ी हलचल**

GNS से जुड़े निवेश प्रकरणों को लेकर पहले से ही जांच का दौर चल रहा है। ऐसे में अमलाई थाना क्षेत्र में दूसरी FIR सामने आने से पूरे मामले की गंभीरता बढ़ गई है। पुलिस जांच में यदि और निवेशकों की शिकायतें सामने आती हैं तो मामले का दायरा और बढ़ सकता है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि निवेश के नाम पर लोगों से कितनी रकम जुटाई गई और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं? पुलिस की जांच और दस्तावेजों की पड़ताल के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर साफ हो सकेगी। फिलहाल अमलाई पुलिस द्वारा दर्ज FIR के बाद GNS से जुड़े एजेंटों पर कानूनी शिकंजा कसता दिखाई दे रहा है।

# सेवा और समर्पण से ही बनेगा सशक्त भारत: जिम्मी मिश्र

**समाज जागरण**

बैंकॉक हिन्दू स्वयंसेवक संघ थाईलैंड के प्रचार प्रमुख जिम्मी मिश्रा ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी हमें विरासत में मिली है, इसे बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का सही अर्थ तभी है जब हम समाज सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलें। थाईलैंड



में रह रहे भारतीय समुदाय भी तिरंगा फहराकर और राष्ट्रगान गाकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मना रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद और भगत सिंह के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। हिंदू स्वयंसेवक संघ थाईलैंड के प्रचार प्रसार प्रमुख जिमी मिश्रा ने कहा कि आइए हम सब मिलकर सेवा, एकता और अनुशासन का संकल्प लें और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान दें।

# गौरव दिवस पर ₹ 890 लाख के विकास कार्यों की सौगात

## नगर पालिका परिषद उमरिया की 107वीं वर्षगांठ पर हुआ विशेष आयोजन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया। नगर पालिका परिषद उमरिया के स्थापना की 107वीं वर्षगांठ गौरव दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक अजय सिंह के विशिष्ट आतिथ्य मे आयोजित हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 890 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक शिव नारायण सिंह ने कहा कि नगर के विकास मे लगी प्रत्येक ईंट मे हमारे पूर्वजों से लेकर वर्तमान जनप्रतिनिधियों तक सभी का योगदान है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति प्रगति की मुख्य धारा से जुड़े और योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उमरिया को नंबर एक शहर बनाने मे हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



**सभी के सहयोग से पूरा होगा विकसित शहर का संकल्पः रश्मि**

अपने उद्बोधन मे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह ने नगरवासियों को गौरव दिवस की बधाई दी। उन्होंने नगर पालिका के विकास मे योगदान देने वाले समस्त जनप्रतिनिधियों का स्मरण करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और वित्तीय कठिनाइयों के बावजूद परिषद ने सभी के सहयोग से नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों मे बेहतर प्रयास किए हैं। उन्होंने सहयोग और मार्गदर्शन के लिए विधायक शिवनारायण सिंह, पूर्व विधायक अजय सिंह, समस्त पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया, और विश्वास जताया कि परिषद उमरिया को विकसित नगर बनाने के संकल्प को अवश्य पूरा करेगी।

**आदर के साथ मिले योजनाओं का लाभः अजय सिंह**

पूर्व विधायक अजय सिंह ने कहा कि नगर पालिका ने सीमित संसाधनों के बावजूद विकास के जो कार्य किए हैं, उनका श्रेय सभी पार्षदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जाता है। इससे साबित होता है कि जनप्रतिनिधियों मे अपने नगर और जनता के प्रति प्रेम तथा कुछ कर गुजरने की भावना है। उन्होंने कहा कि कई कार्य हो चुके हैं और कई अभी भी किए जाने हैं। श्री सिंह ने कहा विकास के सांथ ही जनता के प्रति आदर का भाव रखते हुए परिसर मे आने वाले व्यक्ति की समस्या का त्वरित एवं समाधानकारक निदान होना चाहिए। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिले, तभी सुशासन की परिकल्पना साकार हो सकेगी।

**वातानुकूलित होगा बैंक्वेट हॉल**

गौरव दिवस कार्यक्रम के दौरान 417 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त बैंक्वेट हॉल का शिलान्यास भी किया गया। स्वागत भाषण मे सीएमओ किशन सिंह ठाकुर ने बताया कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैवाहिक आयोजनों के लिए बनने वाले इस हॉल में आधुनिक रूम सहित पूरा भवन वातानुकूलित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के सांथ हुआ। इस मौके पर स्वच्छता को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। सांथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव ने किया। कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि शंभूलाल खट्टर, सांसद प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र सिंह गहरवार,पं.रामकिशोर चतुवेर्दी, एल्डरमैन एवं पार्षद ,इंजीनियर दीपक सोनी, त्रिभुवन प्रताप सिंह, सहित समाजसेवी मुकेश सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर, स्वच्छता प्रभारी नारायण दुबे, उपयंत्री चंदन सिंह, दीपक उइके, अनिल पुरी, अखिलेश सिंह एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# माधवनगर, बड़वारा, बहोरीबंद और स्लीमनाबाद थानों में नई पदस्थापना

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने जिले के पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए चार थाना प्रभारियों सहित एक चौकी प्रभारी की पदस्थापना में बदलाव किया है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे को पुलिस लाइन भेजा गया है। उनके स्थान पर शैलेन्द्र यादव को माधवनगर थाना प्रभारी बनाया गया है। बड़वारा थाने की जिम्मेदारी बिलहरी चौकी में पदस्थ सुयश पांडे को सौंपी गई है, जबकि बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल को माधवनगर थाने में पदस्थ किया गया है। इसी तरह बहोरीबंद थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा को स्लीमनाबाद थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन को बहोरीबंद थाने की कमान सौंपी गई है। माधवनगर थाने में पदस्थ नवीन नामदेव को बिलहरी चौकी प्रभारी बनाया गया है।

# लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा, फरियादी ही निकला साजिश का मुख्य सरगना

## दमोह देहात पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी की कलेक्शन राशि लूटने की घटना का किया पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। दमोह देहात थाना पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी की कलेक्शन राशि लूटने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि जिस व्यक्ति ने खुद को लूट की घटना का फरियादी बताया था, वही पूरी साजिश का मुख्य सरगना निकला। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 5 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। इसके साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। बरामद सामग्री की कुल कीमत करीब 1.83 लाख रुपये बताई गई है।

**करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले**

लूट की घटना की सूचना मिलते ही दमोह देहात पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।



पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों पर लगे करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर संदिग्ध गतिविधियों और आरोपियों की आवाजाही की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया गया।

इसके साथ ही पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लेते हुए मोबाइल फोन और अन्य उपलब्ध जानकारियों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान पुलिस को घटना की कहानी में कुछ ऐसे तथ्य मिले, जिनसे फरियादी की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होने लगी।

**पूछताछ में खुली पूरी साजिश**

पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए फरियादी से पूछताछ की। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस के सामने लूट की घटना की पूरी साजिश धीरे-धीरे सामने आ गई। पुलिस के अनुसार फरियादी ने ही अन्य आरोपियों के साथ मिलकर माइक्रो फाइनेंस कंपनी की कलेक्शन राशि को हड़पने की योजना बनाई थी और घटना को लूट का रूप देने का प्रयास किया गया। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने ₹1,05,000 नगद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए।

**तकनीकी जांच से आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

मामले के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों के फुटेज को जोड़कर आरोपियों की गतिविधियों का पता लगाया। इसके बाद संदिग्धों से पूछताछ की गई, जिसमें घटना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य पुलिस के सामने आए। पुलिस की सतर्कता, तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई के चलते लूट की वारदात के पीछे रची गई कथित साजिश का पदार्फाश हो सका।

**पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप**

लूट के मामले में फरियादी का ही साजिश में शामिल होना सामने आने के बाद पुलिस कार्रवाई की चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और उपलब्ध फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाते हुए घटना की वास्तविकता सामने लाई गई। मामले में बरामद नगदी और अन्य सामग्री को जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है।

# तिरंगा यात्रा को लेकर हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने ली बैठक

## 13 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा, अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्व

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा। आजादी पर्व के आयोजन के क्रम में 13 अगस्त को हटा में प्रस्तावित तिरंगा यात्रा को लेकर हटा एसडीएम श्री राकेश मरकाम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में तिरंगा यात्रा के सफल, व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम श्री मरकाम ने संबंधित अधिकारियों से आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली तथा तिरंगा यात्रा की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए सभी विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे।

एसडीएम ने कहा कि आजादी पर्व देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ ही आयोजन को अनुशासित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में तिरंगा यात्रा के मार्ग, सहभागिता, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। संबंधित विभागों को उनके दायित्वों के अनुसार समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को विद्यार्थियों एवं बच्चों की सहभागिता से संबंधित व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई, वहीं नगर पालिका को साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को यात्रा के दौरान आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया। राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को भी आयोजन से जुड़े दायित्व सौंपे गए। एसडीएम श्री मरकाम ने कहा कि तिरंगा यात्रा में देशभक्ति की भावना के साथ आमजन की सहभागिता महत्वपूर्ण है। सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि 13 अगस्त को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव भी दिए तथा सौंपे गए दायित्वों को निर्धारित समय में पूरा करने की बात कही।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा रॉबर्ट्सगंज

## मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा में किया प्रतिभाग

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत आज जनपद सोनभद्र में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनमानस ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा तहसील परिसर रॉबर्ट्सगंज से प्रारंभ होकर बढ़ौली चौराहा तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित देशभक्ति के नारों से पूरा मार्ग गूंजता रहा। देशभक्ति गीतों और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत नारों ने पूरे वातावरण को जोश एवं उत्साह से भर दिया। तिरंगा यात्रा में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, डीसी मनरेगा रविंद्र सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय तथा अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं एवं आमजन के साथ हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में प्रतिभाग किया और नागरिकों को राष्ट्रध्वज के सम्मान तथा राष्ट्रप्रेम की भावना से जुड़ने का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा देशभक्ति के अन्य नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। देशभक्ति गीतों से वातावरण पूरी तरह राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर रहा। मार्ग में आम नागरिकों ने भी तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। हर घर तिरंगा अभियान - 2026 का उद्देश्य जन-जन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को मजबूत करना तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के भाव से जोड़ना है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र को भी तिरंगे के रंग में सजाया गया, जिससे पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा सजावट और यात्रा में लहराते राष्ट्रीय ध्वज ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। तिरंगा यात्रा ने जनपद में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव के माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। चारों ओर लहराते तिरंगे, देशभक्ति के गीत और भारत माता के जयघोष से रॉबर्ट्सगंज नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत आदेशिका की तामील कराई गई

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत आदेशिका की नियमानुसार तामील कराई गई। आज दिनांक 11.08.2026 को थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-1100 /2025, धारा 109(1), 61(2) बीएनएस, 3/25 आर्म्स एक्ट, 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित अभियुक्तगण 1. मल्लू उर्फ अफसर पुत्र दल्लू उर्फ निसार, निवासी ग्राम तकिया सुकृत, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र एवं 2. इबरार उर्फ झोटा पुत्र स्व0 इजहार, निवासी ग्राम बहुअरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत आदेशिका धारा 84 बीएनएसएस की नियमानुसार तामील कराई गई।
पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मल्लू उर्फ अफसर के निजी आवास के मुख्य द्वार पर तथा गांव के प्रवेश द्वार पर सहज दृश्य स्थान पर समक्ष गवाहान आदेशिका चस्पा/तामील की गई। वहीं अभियुक्त इबरार उर्फ झोटा के निजी आवास के मुख्य द्वार पर समक्ष गवाहान माननीय न्यायालय से निर्गत आदेशिका धारा 84 बीएनएसएस की तामील कराई गई। सोनभद्र पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय से निर्गत आदेशों का प्रभावी एवं नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में तेज होंगे प्रयास, जिला टास्क फोर्स की बैठक में सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने, बाल एवं किशोर श्रमिकों के प्रभावी चिन्हांकन, रेस्क्यू, पुनर्वासन तथा बाल श्रम उन्मूलन अभियान में विभिन्न विभागों की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों को वर्ष 2027 तक तथा आकांक्षी जनपदों सहित 16 जनपदों को वर्ष 2026 तक बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाना है। इसी क्रम में सोनभद्र में श्रम विभाग,AHT एवं Association for Voluntary Action के समन्वय से जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान संचालित किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत जून एवं जुलाई माह में 33 बाल/किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया तथा 27 संस्थानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई। चिन्हांकित बच्चों के शैक्षणिक एवं आर्थिक पुनर्वासन तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने पर भी बैठक में चर्चा की गई। जनपद के 10 विकास खंडों की 621 ग्राम पंचायतों, 6 नगर पंचायतों एवं 1 नगर पालिका को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम मुक्त घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर की बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर की समितियों के माध्यम से बाल श्रम मुक्त प्रस्ताव पारित कराने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके उपरांत जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन किया जाएगा। बैठक में बाल एवं किशोर श्रमिकों के साथ-साथ बंधुआ श्रमिकों के चिन्हांकन, सड़कों पर रहने वाले एवं बेघर बच्चों के बचाव और पुनर्वासन के लिए गठित टीमों एवं नामित नोडल अधिकारियों की भूमिका के संबंध में भी जानकारी दी गई। सभी संबंधित विभागों को रेस्क्यू एवं पुनर्वासन अभियान में सक्रिय सहयोग करने तथा अपने-अपने स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्रम विभाग द्वारा विकास खंड अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों/पंचायत सचिवों तथा अधिशासी अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाल श्रम मुक्त प्रस्ताव पारित कराने हेतु आवश्यक बैठकों के आयोजन पर भी जोर दिया गया।
बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारी/प्रतिनिधि बैठक में जिला विद्यालय निरिक्षक, सीओ,डिप्टी सीएमओ, DLSA प्रतिनिधि, जिला बाल संरक्षण इकाई /बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि, पुलिस विभाग, चाइल्ड हेल्प लाइन को आर्डिनेटर, जिला कौशल प्रबन्धन, विकास खंड अधिकारी, जिला पूर्ती अधिकारी प्रतिनिधि, एएचटी, BDO प्रतिनिधि, श्रम विभाग के अधिकारी एवं NGO प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसानो के हित में सकारात्मक होगा ऊर्जा की राजधानी को ऊर्जावान अधिकारी मिलना : योगेन्द्र पाल सिंह

•~ सहायक आयुक्त ने संयुक्त आयुक्त विन्ध्याचल मंडल से की शिष्टाचार भेंट

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक विन्ध्याचल मंडल योगेन्द्रपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट की और पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
संयुक्त आयुक्त ने सहायक आयुक्त का स्वागत करते हुए कहा कि ऊर्जा की राजधानी सोनभद्र मे संजय वर्मा जैसे ऊर्जावान अधिकारी की नियुक्ति एक शुभ संकेत है तथा मुझे विश्वास है कि विभाग और किसानों के हित मे इसके सकारात्मक परिणाम होंगे। सहायक आयुक्त ने जनपद सोनभद्र मे चल रही योजनाओ की अद्यतन प्रगति से संयुक्त आयुक्त को अवगत कराया। इस अवसर पर आलोक, दिव्यांशु सिंह , दीपक इत्यादि कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# भाजपा घोरावल मंडल के तत्वाधान मे नगर मे निकला तिरंगा यात्रा

**संवाददाता- डा. अरूण पांडेय "गुरूजी"**

**दैनिक समाज जागरण**



घोरावल/ सोनभद्र। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को घोरावल नगर मे भाजपा मंडल अध्यक्ष सीमा गुप्ता के नेतृत्व मे सैकडो की संख्या मे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. इस दौरान पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग मे रंगा नजर आया. यात्रा मे घोरावल एचपी पेट्रोल पंप से होकर मुख्खा मोड तक सैकडो लोग हाथ मे तिरंगा लेकर कदम से कदम मिलाकर चलते हुए नजर आये. यात्रा के आगे डीजे पर देशभक्ति गाने और भारत माता की जय, वंदे मातरम की गूंज से पूरा नगर गुंजायमान रहा. इस अवसर पर भाजपा सोनभद्र के प्रभारी अनिल सिंह, घोरावल मंडल के प्रभारी अमरेश पटेल, पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार, बजरंग दल के विभाग संयोजक राजीव कुमार, राकेश ऊमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष पटेल, आनंद पटेल, कैलाश बैसवार, सुनिल चौबे, श्रवण सिंह, पंकज मिश्रा, लवकुश केशरी, अनुराग अग्रहरि, चंदन चौरसिया, दिनेश पटेल, बाबूलाल शर्मा, विद्या सागर मौर्या के साथ- साथ नगर के सम्मानित नागरिक तथा सोनांचल इंटर कालेज के बच्चे शामिल रहे।

# नशीली दवाओं के कारोबार पर ओबरा में बड़ा वार, मेडिकल स्टोरें पर पुलिस-ड्रग विभाग की छापेमारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**






ओबरा/ सोनभद्र। मादक पदार्थों की तस्करी और नशीली दवाओं के अवैध इस्तेमाल के खिलाफ ओबरा पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय और ड्रग इंस्पेक्टर राजेश मौर्या के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने ओबरा नगर क्षेत्र के कई मेडिकल स्टोरों की जांच की। जांच अभियान की भनक लगते ही कई मेडिकल स्टोर संचालक दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। अधिकारियों ने बंद दुकानों को भी खुलवाकर जांच करने की बात कही है। सीओ प्रभात राय ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त चेकिंग टीम और थाना ओबरा पुलिस के साथ मेडिकल स्टोरों की जांच की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सिरप और इंजेक्शन जैसी दवाओं के अवैध इस्तेमाल तथा इनके नशे के रूप में प्रयोग पर प्रभावी रोक लगाना है। उन्होंने बताया कि पूर्व में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें सिरप और इंजेक्शन का नशे के रूप में इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई थी। इसी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियान के दौरान टीम ने अब तक करीब पांच मेडिकल स्टोरों की जांच की है। अधिकारियों ने मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस की वैधता के साथ ही दवाओं की बिक्री से संबंधित जरूरी दस्तावेजों की भी जांच की। मेडिकल स्टोर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी दवा की बिक्री नियमों के विपरीत न की जाए और सिरप अथवा इंजेक्शन का नशे के लिए इस्तेमाल करने वाले लोगों को दवाएं न बेची जाएं। डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन और निर्धारित नियमों के अनुसार ही दवाओं की बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब बीते दिनों ओबरा पुलिस ने बिल्ली क्षेत्र के रविदास नगर वार्ड नंबर-01 में दबिश देकर 23 वर्षीय रितेश जायसवाल को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 27.10 ग्राम अवैध हेरोइन, 207 सीसी कोडिश्रीन सीरप और 650 सीसी एविल इंजेक्शन समेत अन्य सामग्री बरामद हुई थी। बरामद सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 3.27 लाख रुपये बताई गई थी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है। सीओ प्रभात राय ने कहा कि जो मेडिकल स्टोर जांच के दौरान बंद मिले हैं, उन्हें भी खुलवाकर जांच की जाएगी। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शुभम जायसवाल से किसी तरह के लिंक या कनेक्शन के सवाल पर सीओ ने कहा कि फिलहाल चेकिंग और जांच की कार्रवाई चल रही है। अभी तक ऐसा कोई तथ्य सामने नहीं आया है। जांच पूरी होने के बाद ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# आटो रिक्शा-स्कूटी की टक्कर में सहायक अध्यापिका घायल

•~ बिना लाइसेंस के नाबालिक द्रुत गति से बेतरतीब,अनियंत्रित चला रहे हैं ऑटो रिक्शा, आये दिन हो रही है दुर्घटना

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अंतर्गत मारकुंडी ग्राम सभा के बहेरा टोला के समीप मंगलवार की सुबह तकरीबन 8 बजे स्कूटी से घर से विद्यालय जाते समय तथा विपरीत दिशा से आ रही एक न्यू ऑटो रिक्शा से आमने-सामने टक्कर हो जाने से स्कूटी सवार सहायक अध्यापिका घायल हो गयी जिन्हें ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन मे प्राथमिक इलाज कराने के पश्चात वापस घर भेज दिया गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बिना लाइसेंस के नाबालिक द्रुत गति से बेतरतीब, अनियंत्रित ऑटो रिक्शा चला रहे है। इससे आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। नाबालिक बिना लाइसेंस के ऑटो रिक्शा चालक द्रुत गति से ऑटो चला रहा था जो टर्निंग पर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कूटी नं.यूपी 64 आर /3934 से जा टकराया गया। संजोग अच्छा था कि मारकुंडी ग्राम पंचायत के प्राइमरी पाठशाला पनिकिनिया में तैनात सहायक अध्यापिका कनकलता यादव (35 वर्ष ) पत्नी अखिलेश यादव निवासिनी मारकुंडी गुरमा मोड को चोटे आयी हैं। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में प्राथमिक इलाज के पश्चात वापस घर भेज दिया गया। बताते है कि सहायक अध्या पिका कनकलता यादव नित्य दिन की भांति मंगलवार को भी घर से विद्यालय बच्चों को पढ़ाने अपनी स्कूटी से जा रही थी कि बीच रास्ते में ही दुर्घटना घटित हो गया।

# भाजपा आरक्षण खत्मकर महंगाई, गरीबी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को जन्म देकर समाज के कमजोर, दबे, कुचले लोगों को करना चाहती है परेशान- रामआसरे विश्वकर्मा

**पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भाजपा हटाओ सपा की सरकार बनाओ का दिलाया संकल्प पीडीए जन पंचायत में कहा भाजपा की बेईमानी की साजिश से रहना होगा सतर्क**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पीडीए की कभी हितैषी नहीं हो सकती। यह इनके आरक्षण को खत्म करना चाहती है। संविधान की रक्षा के लिए इससे सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है।
उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव राम आसरे विश्वकर्मा ने मंगलवार को घोरावल विधान सभा क्षेत्र के शाहगंज स्थित एक लॉन में पीडीए जन पंचायत तथा जनसंवाद को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार झूठ बोलकर और बरगलाकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। इसका पीडीए के लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। यह महंगाई, गरीबी, भ्रष्टाचार तथा बेरोजगारी को जन्म देकर समाज के कमजोर, दबे और कुचले लोगों को परेशान करना चाहती है। भाजपा सरकार में पिछड़ों, दलितों पर अत्याचार बढ़ा है। समाज के इन तबके के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। गाजीपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक बिटिया के साथ सामंती लोगों द्वारा हुई शर्मसार घटना के आरोपी आज भी सुरक्षित हैं।पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार में पीडीए के साथ ही विश्वकर्मा समाज को सम्मान मिलता था। आज भाजपा सरकार भले ही पीडीए के सहयोग की बात करती है किंतु उन्हें अधिकार नहीं देना चाहती। प्रदेश में हजारों प्राइमरी स्कूलों को बंद कर भाजपा सरकार यह साबित कर दिया कि वह नहीं चाहती कि पीडीए के लोग शिक्षित बने उन्हें रोजगार मिले और अपने हक -अधिकार की मांग के लिए स्वतंत्र रूप से खुलकर बात रख सके। पूर्व मंत्री ने आगे यह भी कहा कि भाजपा सरकार की शिक्षा, चिकित्सा बिजली, पानी, किसान, रोजगार नहीं बल्कि पेपर लिक, शराब तथा नशीला पदार्थ प्राथमिकता में है।जन पंचायत को पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे, राजेंद्र सिंह पटेल, परमेश्वर दयाल आदि ने भी संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में भाजपा को हटाकर सपा की सरकार बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। जन पंचायत को पूर्व जिलाध्यक्ष संजय यादव, श्याम बिहारी यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 लोकपति सिंह पटेल, जय प्रकाश प्रकाश उर्फ चेखुर पाण्डेय, राजेश विश्वकर्मा, राम भरोसे सिंह, मो0 सईद कुरैशी, रामप्यारे सिंह पटेल, दिनेश विश्वकर्मा, त्रिपुरारी गोंड़ आदि ने भी सम्बोधित किया। इस मौके विश्वकर्मा ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा, अजीत कुमार मौर्य, मन्नू पाण्डेय, कुलभूषण, लाल बहादुर पाल, डॉ. विनोद विश्वकर्मा, विजेंद्र विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में पीडीए के लोग एवं सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव तथा संचालन विधान सभा अध्यक्ष घोरावल बाबूलाल यादव ने किया।

# म्योरपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा क्षेत्र

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**




म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड म्योरपुर मुख्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लेकर अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा ब्लॉक मुख्यालय म्योरपुर से प्रारंभ होकर म्योरपुर पंचायत भवन एवं शहीद स्थल होते हुए बिड़ला विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, म्योरपुर पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने मोदी जी के आह्वान पर हो रहे तिरंगा यात्रा में शामिल लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्र प्रेम को सर्वोच्च बताया म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गौड़ एवं जिला मंत्री शारदा खरवार ने भी तिरंगा यात्रा में संबोधित करते हुए देश के महापुरुषों को याद करते हुए देशभक्ति की भाव भरने का प्रयास किया मंडल अध्यक्ष रंजीत पनिका, तोमर, सुजीत अग्रहरि, दिनेश, खंड विकास अधिकारी रामविशाल चौरसिया ने तिरंगे के महत्ता को बताते हुए सदा सम्मान करने को कहा एडीओ पंचायत अजय सिंह, विष्णु कांत दुबे, अकाउंटेंट प्रेमनाथ चौबे, महागुरु एवं सुमित सिंह, प्रधानाचार्य दयाशंकर विश्वकर्मा, यस एन तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, अंकित शर्मा, प्रहलाद वर्मा, अजय यादव सहित विकासखंड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के कई विद्यालयों के अध्यापक-अध्या पिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने भी तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक सह भागिता की। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम, एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना का संदेश दिया गया। पूरे कार्यक्रम में तिरंगे के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण का भाव दिखाई दिया।

# चोपन पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त को किया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना चोपन पुलिस द्वारा दिनांक 10.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर डाला चढ़ाई के पास मेन रोड से अभियुक्त संतलाल पुत्र स्व0 गनेश, निवासी बरवसपुर, थाना प्रतापपुर, जनपद सूरजपुर, छत्ती सगढ़, उम्र करीब 30 वर्ष को समय करीब 18:22 बजे गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-305/2026, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर संख्या UP64AJ 9611 बरामद की गई। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसने उक्त मोटरसाइकिल को बारी, डाला, चोपन में एक घर के सामने से दिनांक 08.08.2026 की रात्रि में चोरी किया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं चोरी की मोटर साइकिल की बरामदगी के आधार पर अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चोपन पुलिस का स्पष्ट संदेश- अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस का अभियान लगातार जारी है। चोरी की घटनाओं के अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी की संपत्ति की बरामदगी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कठोर एवं प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पटना के दुल्हिन बाजार में धूमधाम से संपन्न हुआ 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम, गूंजा राष्ट्रप्रेम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर देश में देशभक्ति की लहर देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में पटना जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड अंतर्गत उलार सोरंगपुर पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान का बेहद सफल और भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार के आह्वान पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों और युवाओं ने इस कार्यक्रम में भारी उत्साह के साथ भाग लिया। लोगों ने अपने-अपने घरों की छतों और द्वारों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और गौरव की भावना का प्रदर्शन किया। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा, जिससे पूरे इलाके में एक अनूठा और प्रेरणादायी माहौल बन गया।आयोजन के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। इसे हर घर पर फहराने का मूल उद्देश्य देशवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना है, ताकि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों और बलिदानों को हमेशा याद रखें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने में ऐसे अभियानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस सफल आयोजन के बाद स्थानीय बुद्धिजीवियों और ग्रामीणों ने पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार तथा उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके इस सराहनीय प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और भावी पीढ़ी को देश की संस्कृति व स्वतंत्रता के महत्व की सीख मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की प्रगति और शांति के लिए संकल्प लिया।

# पटना के खगौल में केंद्रीय विद्यालय की 10वीं की छात्रा रहस्यमय तरीके से लापता रेलवे ट्रैक के पास मिले स्कूल ड्रेस और बैग


**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के खगौल स्थित केंद्रीय विद्यालय से सोमवार की दोपहर घर लौटने के दौरान लापता हुई 10वीं कक्षा की छात्रा सपना कुमारी का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस सनसनीखेज घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस महकमे में भी हड़कंप की स्थिति है। मंगलवार को रेलवे ट्रैक के पास लापता छात्रा का स्कूल ड्रेस और स्कूल बैग मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बिहार पुलिस की फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन (FSL) टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच कर अहम साक्ष्य जुटाए। इस दौरान खगौल थाना प्रभारी रंजन कुमार और आरपीएफ इंस्पेक्टर पी.के. वर्णवाल अपनी पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे। फॉरेंसिक जांच से पुलिस को इस गुत्थी को सुलझाने में कुछ अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। घटना की गंभीरता को देखते हुए दानापुर डीएसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल केंद्रीय विद्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने स्कूल के प्राचार्य से मुलाकात की और परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। साथ ही, अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए क्लास टीचर और खेल शिक्षक से भी अलग-अलग पूछताछ की गई है। खगौल पुलिस के साथ-साथ जीआरपी और आरपीएफ की टीमें भी छात्रा की खोजबीन में लगातार जुटी हुई हैं। लोको कॉलोनी निवासी रेलवे कर्मचारी संजय कुमार की 10वीं में पढ़ने वाली पुत्री सपना सोमवार को छुट्टी के बाद स्कूल से निकली थी, लेकिन घर नहीं पहुंची। बेटी के इस तरह अचानक गायब होने से माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां कौशिल्या देवी बार-बार अपनी बेटी को पुकारते हुए सुध-बुध खोकर अचेत हो जा रही हैं। पुलिस हर संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है और छात्रा को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद करने का प्रयास जारी है।

# पटना के बिहटा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त ग्रामीणों में भारी आक्रोश; पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सहवाजपुर बगीचा में स्थापित संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात उपद्रवियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात असामाजिक तत्वों ने सहवाजपुर बगीचा स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का सिर क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार की सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर टूटी हुई प्रतिमा पर पड़ी, तो इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और इस घिनौनी हरकत के खिलाफ जमकर रोष जताया। ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रतिमा पिछले कई वर्षों से यहां स्थापित थी और हाल ही में नगर परिषद द्वारा इस स्थल का सौंदर्यीकरण भी कराया गया था। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और जन प्रतिनिधियों को दी गई। सदिसोपुर पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश प्रसाद मौके पर पहुंचे और प्रशासन से मांग की कि इस घटना को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों की जल्द से जल्द पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज में सौहार्द बिगाड़ने वाली इस तरह की नीच हरकत को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को इस संबंध में सूचना मिल गई है। लिखित आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस साजिश के पीछे किन लोगों का हाथ है। मौके पर रमाकांत प्रसाद, संतोष राम, अमरजीत राम, गुड्डू राम और माले नेताओं समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पटना में दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर डॉक्टर से 2.03 करोड़ की ब्लैकमेलिंग राजीव नगर थाने में मामला दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां मुजफ्फरपुर की एक कोचिंग संचालिका और उसके पति ने मिलकर एक डॉक्टर को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस ब्लैकमेलिंग के जरिए आरोपियों ने डॉक्टर से कुल 2.03 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित डॉक्टर की पत्नी की शिकायत पर राजीव नगर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस गहराई से छानबीन कर रही है। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, साल 2024 में मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा स्थित एक कोचिंग संस्थान की संचालिका और उसके पति ने डॉक्टर से दोस्ती बढ़ाई थी। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। महिला ने पहले मां के इलाज के नाम पर 20 हजार रुपये की मदद मांगी, जिसे डॉक्टर ने दे दिया। इसके बाद मिठनपुरा में नया कोचिंग संस्थान खोलने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की गई, जिसे भी डॉक्टर ने चुकाने के आश्वासन पर दे दिया। लगातार पैसों की मांग से तंग आकर जब डॉक्टर ने और रकम देने से इनकार किया, तो नवंबर 2025 में आरोपियों ने उन्हें मुजफ्फरपुर में अपने कार्यालय के पास बुलाया और एक पुरानी सेल्फी फोटो दिखाई। महिला ने धमकी दी कि अगर और पैसे नहीं दिए गए, तो वह दुष्कर्म का झूठा केस दर्ज कराकर बदनाम कर देगी। खौफ के साये में आकर डॉक्टर ने विभिन्न बैंकों के माध्यम से कुल 2.03 करोड़ रुपये आरोपियों को दे दिए। यही नहीं, आरोपियों ने स्टांप पेपर पर यह लिखित घोषणा भी करवा ली कि दी गई राशि वापस नहीं मांगी जाएगी। डॉक्टर ने कोर्ट परिसर जाकर वह घोषणा पत्र भी दे दिया, इसके बावजूद आरोपियों की पैसों की भूख कम नहीं हुई और वे कभी आत्महत्या तो कभी रेप केस की धमकी देकर लगातार वसूली करते रहे। परेशान होकर डॉक्टर की पत्नी ने राजीव नगर थाने में कोचिंग संचालिका, उसके पति और एक अन्य के खिलाफ संगठित गिरोह चलाकर ब्लैकमेल करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# पंचायत चुनाव से पहले गांवों में बढ़ी राजनीतिक हलचल, उम्मीदवारों के लिए जरूरी हैं ये पात्रता नियम

**समाज जागरण**

पटना। बिहार में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर गांवों में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। वर्तमान मुखिया और सरपंचों का कार्यकाल नवंबर-दिसंबर 2026 के आसपास समाप्त होने की संभावना है। इसके बाद नए सिरे से पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव से पहले पंचायतों का परिसीमन भी किया जाना है। परिसीमन में वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर आबादी के अनुसार पंचायत और वार्डों का गठन किया जाएगा। परिसीमन के बाद बिहार में मुखिया के पदों की संख्या बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 8,053 मुखिया पद हैं, जिनकी संख्या बढ़कर लगभग 13 हजार तक पहुंचने की संभावना बताई जा रही है।

# पटना के मोकामा में शराब मामले में युवक को फंसाने के आरोप में चिंतामणिचक टीओपी प्रभारी निलंबित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के मोकामा इलाके में शराब बरामदगी और एक निर्दोष व्यक्ति की गिरफ्तारी के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। पटना पुलिस ने कर्तव्य में लापरवाही, मनमानेपन और संदिग्ध आचरण के आरोप में चिंतामणिचक टीओपी प्रभारी सह पुलिस उप-निरीक्षक राजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 7 अगस्त को टीओपी प्रभारी राजेश कुमार ने मोकामा थाना क्षेत्र में शराब बरामदगी और रंजन कुमार नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी दिखाते हुए कांड संख्या-414/26 दर्ज किया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद रंजन कुमार के परिजनों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष पहुंचकर यह मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी कि रंजन पूरी तरह निर्दोष है और उसे एक सोची-समझी साजिश के तहत इस मामले में फंसाया गया है। परिजनों के इन गंभीर आरोपों को संज्ञान में लेते हुए मोकामा थानाध्यक्ष ने पूरे मामले की अपने स्तर पर आंतरिक जांच की। जांच के दौरान परिजनों के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि टीओपी प्रभारी की यह कार्रवाई कर्तव्य के प्रति भारी लापरवाही और संदिग्ध आचरण को दशार्ती है, जिससे पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए ग्रामीण एसपी पटना, कुंदन कुमार ने बताया कि कर्तव्य निर्वहन में अनुशासन और जवाबदेही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाने वाले और अनुशासनहीन आचरण करने वाले किसी भी कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी टीओपी प्रभारी राजेश कुमार को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# पटना के मसौढ़ी में पिंडदान के पहले द्वार पुनपुन घाट पर पितृपक्ष मेले की तैयारियां शुरू, एसडीओ ने लिया जायजा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले को लेकर पिंडदान के प्रथम द्वार के रूप में विख्यात पुनपुन के ऐतिहासिक घाट पर तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। आगामी 25 सितंबर से शुरू होने वाला यह मेला 10 अक्टूबर तक चलेगा। मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को मसौढ़ी एसडीओ धनराज कुमार ने पुनपुन घाट का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओ धनराज कुमार ने घाट और उसके आसपास के इलाकों में साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, प्रकाश (रोशनी) और अन्य मूलभूत सुविधाओं को समय रहते हर हाल में दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर पंचायत पुनपुन को विशेष स्वच्छता अभियान चलाने को कहा है ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, बीडीओ उदय कुमार, अंचल अधिकारी (CO), सिटी मैनेजर और स्वच्छता पदाधिकारी सहित कई अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितरों के तर्पण और पिंडदान के लिए आने वाले श्रद्धालु सबसे पहले पुनपुन घाट पर अपनी पहली पिंडदान की क्रिया पूरी करते हैं, जिसके बाद वे गया के फल्गु नदी तट के लिए प्रस्थान करते हैं। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने भी अपने पिता राजा दशरथ का प्रथम पिंडदान इसी पवित्र पुनपुन नदी के तट पर किया था। इसी गहरे ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के कारण हर साल पितृपक्ष के दौरान देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। एसडीओ धनराज कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य आने वाले श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधामय वातावरण प्रदान करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# पटना के शाहपुर में ऑटो चोरी कांड का 48 घंटे में खुलासा पांच गिरफ्तार, एक ऑटो और ई-रिक्शा बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के नरगदा खगड़ी स्थित मंदिर के पास से खड़ी सीएनजी ऑटो चोरी की घटना का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया ऑटो और एक ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया है। एसडीपीओ अजीत कुमार ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 7 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने नरगदा खगड़ी के पास मंदिर के समीप खड़ी एक सीएनजी ऑटो चुरा ली थी। इस संबंध में पीड़ित ऑटो मालिक ने शाहपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी (पश्चिमी) के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व और थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह की देखरेख में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया था। एसआईटी टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ-साथ गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी की गई ऑटो को बेचने के लिए नीतीश नामक युवक ले जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नीतीश को चोरी के ऑटो के साथ धर दबोचा। मुख्य आरोपी नीतीश की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर चोरी का एक ई-रिक्शा भी बरामद किया और इस वारदात में शामिल उसके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार, गोपाल कुमार, रूपेश कुमार (सभी ब्रह्मचारी पोखरा, मनेर), चंदन कुमार (सत्तर, मनेर) और विशाल कुमार (भगवतीपुर अलीचक, शाहपुर) के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी चोरों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है ताकि यह पता चल सके कि वे पहले भी किन-किन वारदातों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों से आवश्यक पूछताछ पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# विधायक बनते ही प्रशांत किशोर का बड़ा ऐलान, बांकीपुर के 10 हजार युवाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य

## बेरोजगार युवाओं से मांगा सीवी और बायोडाटा, निजी कंपनियों में नौकरी दिलाने के लिए संपर्कों का इस्तेमाल करने की बात कही

**समाज जागरण**



पटना। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जाने के बाद जन सुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर ने रोजगार को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं से सीवी और बायोडाटा उपलब्ध कराने की अपील करते हुए अगले एक-दो वर्षों में करीब 10 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

प्रशांत किशोर ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने परिवारों से कहा कि उनके घर में यदि कोई पढ़ा-लिखा युवा बेरोजगार है तो उसका सीवी और बायोडाटा उनके कार्यालय तक पहुंचाया जाए। इसके बाद उनकी टीम युवाओं को उपलब्ध रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास करेगी।

**सरकारी नहीं, निजी क्षेत्र में रोजगार पर जोर**

प्रशांत किशोर ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य सरकारी नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अपने कामकाज के दौरान बड़े उद्योग समूहों और कंपनियों से बने संपर्कों का उपयोग बांकीपुर के युवाओं को रोजगार दिलाने में किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शुरूआती दौर में रोजगार के लिए कुछ युवाओं को बिहार से बाहर भी जाना पड़ सकता है। जहां रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, वहां युवाओं को नौकरी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। भविष्य में बिहार में ही रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर देने की बात भी उन्होंने कही।

**बांकीपुर को आदर्श विधानसभा बनाने का दावा**

प्रशांत किशोर ने बांकीपुर को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने का भी दावा किया। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा, पेंशन, मुफ्त अनाज, पेयजल और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ कार्य तत्काल शुरू किए जा सकते हैं, जबकि कुछ योजनाओं को पूरा होने में समय लगेगा।

**जीत के बाद युवाओं पर पहला बड़ा फोकस**

बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र को लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत क्षेत्र माना जाता रहा है। उपचुनाव में प्रशांत किशोर की जीत के बाद उनकी पहली बड़ी घोषणा रोजगार और युवाओं से जुड़ी है। अब देखना होगा कि 10 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य किस तरह जमीन पर उतरता है और कितने युवाओं को वास्तव में निजी क्षेत्र में नौकरी मिल पाती है।

# पटना में आर्म्स एक्ट मामले में दो अलग-अलग अदालतों का फैसला

## एक को तीन साल तो दूसरे को दो साल की सजा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के अलग-अलग थानों से जुड़े आर्म्स एक्ट के मामलों में अदालतों ने सख्त रुख अपनाते हुए अपराधियों को सजा सुनाई है। पटना सिटी और दानापुर कोर्ट के इन फैसलों से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पटना सिटी के न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) अनंत कुमार की अदालत ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त राजेश राय उर्फ राजू राय को दोषी करार दिया। अदालत ने उसे तीन वर्ष के कारावास और 10,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने की स्थिति में उसे 30 दिनों का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त को नदी थाना क्षेत्र के दीदारगंज स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। उसकी निशानदेही पर एक अमेरिकी निर्मित (मेड इन यूएसए) पिस्टल बरामद की गई थी। इस मामले में अभियोजन पक्ष की पैरवी मुख्य अभियोजन अधिकारी विद्या सागर प्रसाद और अधिकारी रवीना ने की, जिनके प्रयासों से आरोपी को सजा मिल सकी। वहीं, दूसरे मामले में दानापुर अदालत ने मनेर थाना क्षेत्र के आर्म्स एक्ट मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त विजय सिंह को दो साल के कठोर कारावास और 10,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोषी विजय सिंह मनेर के बलुआ इलाके के रहने वाले हैं। अदालत के इन फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि अवैध हथियार रखने और कानून का उल्लंघन करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

# बिहार में यूपी से नाव के जरिए लाई जा रही खेप

## कोइलवर पुल के पास 77 लीटर शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद तस्करों द्वारा नए-नए पैंतरे अपनाने का सिलसिला जारी है। सड़क मार्ग पर पुलिस की कड़ी सख्ती और लगातार छापेमारी से बचने के लिए अब तस्करों ने जल मार्ग को अपना सुरक्षित ठिकाना (सॉफ्ट जोन) बना लिया है। उत्तर प्रदेश से नाव के जरिए बिहार में शराब की तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे



की नींद उड़ गई है। ताजा मामले में बिहटा के कोइलवर पुल के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नाव से लाई जा रही 77 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब फ्रूटी टेट्रा पैक के रूप में एक बैग के अंदर चालाकी से छिपाई गई थी। पुलिस ने मौके पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छोटकी कोंपा निवासी लक्की उर्फ विनय कुमार (पिता रविंद्र वर्मा) को गिरफ्तार कर लिया है। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि शराब की यह खेप उत्तर प्रदेश से नाव के रास्ते बिहार की सीमा में लाई गई थी, जिसे पटना जिले के नौबतपुर इलाके में किसी को डिलीवर किया जाना था। पुलिस अब इस पूरे सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। सड़क मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान से घबराए तस्कर अब गंगा और सोन नदी जैसे जल मार्गों का इस्तेमाल कर रहे हैं। तस्करों का मानना है कि सड़क मार्गों की तरह नदियों और घाटों पर नियमित जांच नहीं होती, जिसका वे आसानी से फायदा उठा रहे हैं। कोइलवर पुल के पास हुई इस कार्रवाई ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि तस्करों के निशाने पर अब जल मार्ग हैं। इस संबंध में डीएसपी अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल मार्ग से शराब तस्करी की सूचना मिलने के बाद अब नदियों और संदिग्ध घाटों पर पुलिस की निगरानी और गश्त को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# उर्दू, अरबी और फारसी शिक्षकों के तबादले पर तेजस्वी यादव ने उठाए सवाल, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## नेता प्रतिपक्ष ने तबादला प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा और लंबित वेतन के तत्काल भुगतान की मांग की

**समाज जागरण**

पटना। बिहार में सरकारी शिक्षकों के तबादले को लेकर चल रही बहस के बीच अब उर्दू, अरबी और फारसी विषयों के शिक्षकों का मुद्दा भी सामने आया है। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।



तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालयों में किसी विषय के केवल एक शिक्षक होने के बावजूद उन्हें भी अतिरिक्त शिक्षक बताकर तबादले की सूची में शामिल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यालय से किसी विषय का एकमात्र शिक्षक भी हटा दिया जाता है तो उस विषय की पढ़ाई प्रभावित होगी।

**नियम विरुद्ध तबादलों की दोबारा जांच की मांग**

तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री से ऐसे मामलों की दोबारा जांच कराने तथा नियमों के विरुद्ध पाए जाने वाले तबादलों को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने शिक्षकों के स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से उर्दू, अरबी और फारसी विषयों के शिक्षकों के साथ कथित भेदभाव की शिकायतों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही सरकारी विद्यालयों में उर्दू और संस्कृत विषय के शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा दोनों विषयों के साथ समान व्यवहार करने की बात कही है।

**मदरसा और संस्कृत विद्यालयों के लंबित वेतन का मुद्दा**

तेजस्वी यादव ने अनुदानित मदरसों और संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लंबित वेतन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने दावा किया कि कई कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। मुख्यमंत्री से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की गई है।

इसके अलावा उन्होंने पांच वर्ष से कम सेवा वाले शिक्षकों, संविदा शिक्षकों और हाल में स्थानांतरित किए गए शिक्षकों के मामलों की भी नियमानुसार समीक्षा कराने की मांग की है।

**शिक्षक तबादले के मुद्दे पर सियासत तेज**

बिहार में शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया को लेकर पहले से ही चर्चा चल रही है। ऐसे समय में तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री को पत्र लिखना राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों की शिकायतों का निष्पक्ष तरीके से समाधान करने और तबादला प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने की मांग की है। अब सरकार की ओर से इन आरोपों और मांगों पर क्या जवाब दिया जाता है, इस पर नजर रहेगी।

# जोगीवाला शिव मंदिर धाम में चार पहर की पूजा-अर्चना शुरू

## रात्रि 12 बजे तक होगी भगवान शिव की स्तुति, हजारों शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक : महंत वेदनाथ महाराज

: भगवान शिव शंकर आदि अनादि व कल्याण कारी हैं: महंत वेदनाथ महाराज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। छोटी काशी भिवानी के प्रसिद्ध जोगीवाला शिव मंदिर धाम में श्रावण शिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शिवरात्रि के अवसर पर गंगोत्री, गोमुख और हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने महंत वेदनाथ महाराज के सानिध्य में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। मंदिर परिसर में सुबह करीब 4 बजे से चार पहर की पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक का शुभारंभ हुआ, जो रात्रि 12 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान भगवान शिव के दरबार में महाआरती और कांवड़ पूजन भी किया गया। जोगीवाला शिव मंदिर धाम के मठाधीश महंत वेदनाथ



महाराज ने कहा कि गोमुख, गंगोत्री और हरिद्वार से बड़ी संख्या में कांवड़िए गंगाजल लेकर मंदिर पहुंचे हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यवस्था की गई है। वहीं कांवड़ियों के लिए प्रसाद, चिकित्सा सुविधा और ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि श्रावण मास की शिवरात्रि का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन के दौरान विष का पान कर सृष्टि की रक्षा की थी। उन्होंने देश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

शिवभक्तों ने कहा कि जोगीवाला शिव मंदिर धाम प्राचीन एवं आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर वर्ष हरिद्वार, गोमुख और गंगोत्री से कांवड़ लेकर श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। व्रत रखने वाली महिलाओं एवं युवतियों ने भी भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

**सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में भी हुआ गंगाजल अभिषेक**

छोटी काशी के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के शिवालय में भी श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया गया। श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित कर पूजा-अर्चना की। श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने कहा कि देशभर में श्रावण शिवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़िए जप, तप और श्रद्धा के साथ गंगाजल लेकर आते हैं। पवित्र भाव से लाए गए गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करना पुण्यदायी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को गंगाजल, दूध, जल और बेलपत्र सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर अभिषेक किया जाता है। भगवान भोलेनाथ सभी के लिए सहज और सुलभ हैं तथा सच्ची श्रद्धा से की गई पूजा को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भगवान शिव का विशेष स्थान है और देवताओं से लेकर सामान्य भक्त तक सभी भोलेनाथ की आराधना करते हैं।

**हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में भी उमड़ी श्रद्धा**

हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में भी श्रावण शिवरात्रि पर शिवभक्तों ने शिवालय में गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर महंत चरण दास महाराज ने कहा कि शिवरात्रि पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। भगवान शिव कल्याणकारी हैं और भक्तों द्वारा लोक कल्याण, शांति और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की जा रही है। श्रद्धालुओं व हरिद्वार से गंगा जल लेकर जोगीवाला शिव मंदिर धाम में पहुंचे कावड़ियों ने कहा कि उन्होंने भगवान शिव से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, देश में शांति, अमन-चैन और सभी के कल्याण की कामना की।

# स्वर्गीय गिंदो देवी अग्रवाल की स्मृति में परिवार ने ट्री गार्ड सहित किया पौधारोपण

पुण्यतिथि पर गोशाला परिसर में लगाए 100 पौधे श्री अलख गोशाला ट्रस्ट बहल में गोभक्तों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल। श्री अलख गोशाला ट्रस्ट, बहल परिसर में सोमवार को स्वर्गीय गिंदो देवी अग्रवाल, पत्नी स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल, पूर्व प्रधान की पुण्यतिथि पर उनके परिवार की ओर से 100 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाए गए। पौधरोपण में गोभक्तों ने सहभागिता करते हुए स्वर्गीय गिंदो देवी की स्मृति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का संदेश दिया। परिवार की ओर से किए गए इस पौधरोपण कार्यक्रम में गोशाला परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनकी सुरक्षा के लिए

ट्री गार्ड भी लगाए गए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में श्री अलख गौशाला प्रधान गजानंद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, जय कुमार शर्मा, मुकेश कुमार, मुन्ना तिवारी, चेतराम, राम सिंह, पवन सोनी, जय प्रकाश, राजेश, राम भगत, अशोक, जगदीश जावला सहित अन्य गोभक्त मौजूद रहे।

# एस एस जैन सभा में निःशुल्क कान, नाक व गला जांच शिविर 23 अगस्त को

**समाज जागरण**

कालांवाली 11 अगस्त (सुरेश जोरा सिया) एस .एस. जैन सभा कालां वाली में जैन संत महासाध्वी श्री श्रेष्ठा जी महाराज साहब एवं महासाध्वी श्री चंदना जी महाराज आदि ठाणे-5 के तत्वावधान में डॉक्टर ममता , ईएनटी,के सहयोग से 23 अगस्त रविवार को निःशुल्क कान, नाक एवं गला रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा। जैन सभा के प्रधान सन्दीप जैन ने बताया के शिविर एस.एस. जैन सभा भवन, महाजन धर्मशाला के नजदीक, कालांवाली में लगाया जाएगा। शिविर के दौरान ईएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक आधुनिक मशीनों की सहायता से मरीजों के कान, नाक व गले से संबंधित रोगों की जांच करेंगे तथा आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। इसके अलावा मरीजों को दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। सभा पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि कान, नाक अथवा गले से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री काका असीर एवं श्री चरणदास चन्नी रहेंगे। सभा के अध्यक्ष सन्दीप जैन, महामंत्री राकेश जैन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन, उपाध्यक्ष पवन जैन व मक्खन जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य व्यवस्थाओं में सहयोग करेंगे।

# प्रेम नगर के ग्रामीणों ने पेश की मानवता की अनुठी मिसाल

- हजारों छात्र-छात्राओं के लिए मीठे पानी का मार्ग हुआ प्रशस्त
- कुलगुरू प्रो. दीप्ति धमार्णी ने किया ग्रामीणों का आभार व्यक्त

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 11 अगस्त। मानवता की उच्च मिसाल कायम करते हुए गांव प्रेम नगर के ग्रामीणों ने धरनारत्त होते हुए भी चौधरी बंसी लाल विश्व विद्यालय के हजारों विद्यार्थियों एवं अन्य स्टाफ को मीठा पानी उपलब्ध करवाने के लिए डाली जा रही लाईन पर सहमति प्रदान कर दी है। इससे विश्वविद्यालय के हजारों छात्रों व अभिभावकों में जहां खुशी की लहर है वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने



ग्रामीणों के इस उदार फैसले पर आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि गांव प्रेम नगर में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए ग्रामीणों ने 131 एकड़ जमीन दी थी ताकि यहां क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खुल सकें। विश्वविद्यालय का एक भव्य भवन भी बनकर तैयार हो चुका है और इसमें कक्षाएं भी चल रहीं है। थोड़े ही समय में विश्व विद्यालय ने खेलों व शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्व विद्यालय में लंबे समय से पेयजल की किल्लत बनी हुई थी। विश्व विद्यालय की कुलगुरू प्रो. दीप्ति धमार्णी के अनुरोध पर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने निगाणा फीडर से विश्वविद्यालय तक नहरी पानी लाने के लिए एक पंप हाउस बनाने की भी अनापत्ति प्रदान की थी।

विश्वविद्यालय द्वारा 3 माह पूर्व निगाणा फीडर के साथ एक पंप हाउस का निर्माण शुरू किया गया और विश्वविद्यालय के जलघर तक पाईप लाईन डालने का कार्य भी शुरू किया। गत कुछ दिन से अपनी मांगों के समर्थन में विश्वविद्यालय द्वार के समीप धरने पर बैठे ग्रामीणों ने जब पाईप लाईन खुदाई का कार्य धरनास्थल के निकट पहुंचा तो इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई और काम एक बार रूकवा दिया गया।

बीती शाम विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. दीप्ति धमार्णी और गांव प्रेम नगर के मौजीज लोगों के बीच एक बैठक हुई। बैठक में कुलगुरू ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि पीने का पानी क्षेत्र के हजारों बच्चों व यहां कार्य करने वाले कर्मचारियों तथा शिक्षक वर्ग को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पढड़्ने वाले विद्यार्थियों में अधिकांश बेटियां हैं और जो कि सबकी सांझी है।

कुलगुरू के अनुरोध के बाद आज प्रातः ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर एक बैठक की और कहा कि मांगों के लिए संघर्ष अपनी जगह हैं, लेकिन बच्चों की समस्या का हल ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि छात्र हित में पेयजल लाईन का कार्य सुचारू रूप से चलने देने का निर्णय लिया है। कुलगुरू प्रो. दीप्ति धमार्णी ने ग्रामीणों के इस निर्णय का स्वागत किया है और कहा है कि ग्रामीणों ने मानवता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हजारों छात्र-छात्राओं की परेशानियों को समझा है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज दोपहर से पुनः पाईप लाईन का कार्य शुरू कर दिया और यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय गेट के पास धरनास्थल के समीप लगभग 40 फुट क्षेत्र में पानी की लाईन जेसीबी की बजाय मैन्युअली डाली जाए।

# शिवरात्रि पर पौधरोपण कर देखभाल का लिया संकल्प : रामपाल नकीपुर

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। गांव नकीपुर के युवा समाजसेवी रामपाल नकीपुर ने महा शिवरात्रि पर्व पर पौधे लगाकर धूमधाम से मनाया शिवरात्रि। रामपाल नकीपुर ने पौधा रोपण कर इनकी देखभाल का संकल्प लिया। ओर बताया कि इन पौधों को लगाने के साथ ही इनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पैदा होने वाली



ज्यादातर समस्याओं का समाधान पौधा रोपण में ही छिपा है। एक तरफ जहां प्राकृतिक संतुलन पेड़ों के कारण बना रहता हैं, वहीं दूसरी तरफ इन पेड़ों से सीधे तौर पर भी हमें कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। जीवन के दौरान सभी व्यक्तियों को पौधा रोपण करते हुए पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करनी चाहिए। समाजसेवी रामपाल नकीपुर ने इसी वर्ष विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लगातार निभा रहा है ।

## संभल

# निष्क्रिय बीएमएम एवं समूह सखियों को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई। जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने एजेंडा बिंदुओं एवं जनपद में स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लॉक मिशन मैनेजर (बीएमएम) के प्रतिदिन के समूह गठन के लक्ष्यों की जानकारी प्राप्त की तथा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर (डीएमएम) क्षेत्र में रहकर स्वयं सहायता समूहों के गठन की नियमित निगरानी करें तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन बीएमएम द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन्हें कार्यालय में उपस्थित होकर लक्ष्य पूर्ण न होने का कारण स्पष्ट करना होगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कार्य में निष्क्रियता बरतने वाले बीएमएम एवं समूह सखियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पात्र महिलाओं को अधिक से अधिक समूहों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। भट्टों पर रहने वाले परिवारों के बच्चों का विद्यालयों में कराया जाए पंजीकरण बैठक में भट्टों पर रहने वाले परिवारों के बच्चों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईंट-भट्टों पर रहने वाले परिवारों के बच्चों को आसपास के विद्यालयों में पंजीकृत कराने तथा उनके आधार कार्ड बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को ऐसे स्थानों को मैप करने के निर्देश दिए, ताकि संबंधित बच्चों के आधार कार्ड से जुड़ी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही श्रम विभाग की योजनाओं का पात्रता के आधार पर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलेक्टर नीरज द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कन्या सुमंगला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**समाज जागरण**

सम्भल। जिलाधिकारी कार्यालय, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कन्या सुमंगला योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र बालिकाओं को योजना का लाभ दिलाने तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आवेदन कराने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) संजीव राठौर को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ( सीएचसी) एवं जिला अस्पताल में जुलाई माह के दौरान जन्मे बच्चों की संख्या तथा उनमें जन्मी बालिकाओं की संख्या का विवरण तैयार कर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार से कन्या सुमंगला योजना के लक्ष्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत अभियान चलाकर आंगन बाड़ी केंद्रवार पात्र बालिकाओं का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों के ऑनलाइन आवेदन भी कराए जाएं।

बैठक में माध्यमिक, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा के अंतर्गत कन्या सुमंगला योजना के वार्षिक लक्ष्य की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने उच्च शिक्षा के प्रभारी अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों/प्रधानाचार्यों से अध्ययनरत छात्राओं का विवरण प्राप्त किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कितनी पात्र छात्राओं के कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत आवेदन कराए गए हैं। उन्होंने संबंधित संस्थानों से आवेदन संबंधी प्रमाण-पत्र भी प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी बनाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र बालिकाओं को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा योजना के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता उत्पन्न करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, डिप्टी कलेक्टर नीरज द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

चन्दौसी। भारतीय जनता पार्टी नगर चंदौसी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन गांधी पार्क से किया गया। तिरंगा यात्रा में प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सहभागिता कर कार्यकताओं एवं नगरवासियों का उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ पूरे उत्साह से शामिल हुए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं राष्ट्रभक्ति के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।यात्रा गांधी पार्क से प्रारंभ होकर फब्बारा चौक



मुरादाबाद गेट घंटाघर,सम्भल गेट होते हुए प्रारंभ स्थल पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह देश के वीर सपूतों के त्याग, बलिदान और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व और गौरव से जोड़ने का अभियान है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं एवं नगरवासियों से आह्वान किया कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं और देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करें। जिला महामंत्री भाजपा मनोज कठेरिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता सेनानियों और देश के वीर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इस अवसर पर नगर मंडल प्रभारी देवेंद्र चौधरी ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। भाजपा कार्यकर्ता ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान को सफल बनाने के लिए नगर के प्रत्येक वार्ड एवं प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर नागरिकों को अभियान से जोड़ेंगे। तिरंगा यात्रा में विनोद कुमार विन्नी,आमोद वार्ष्णेय,मंजू दिलेर, चंद्रपाल सिंह पप्पू,चंद्रसेन दिवाकर ,सुशील कुमार,तरुण कुमार नीरज, सुधीर मल्होत्रा,गिरीश रतन मनोज दिवाकर, हरेंद्र कोहली ,अमित अग्रवाल, रोहित दिवाकर,देवेंद्र गुप्ता मोनू, डॉ टी एस पाल,आशा गोस्वामी ,शीला सागर, इंदू रानी, आकाश आहूजा,प्रतिभा चौधरी, राजकुमार ठाकरे,पुष्पलता पाल,पुष्पेंद्र मौर्य, किरण शर्मा, कृष्णा शर्मा,प्रीति शर्मा, रेशमा रचना योगेश काजल संगीता शुभम अग्रवाल यश मदान सावन शर्मा,ज्ञान प्रकाश चिंटू,पप्पू मौर्य, आकाश,संजय बंसल,अंकुल देव ,सूर्यजीत सिंह,गोपेश,रक्षा रानी ,अनुभव,मनतेश, डॉ अमित, विनीत, बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# सम्भल में महिष्मति नदी का किया जा रहा है पुनरुद्धार जल्द पुराने स्वरूप में लौटेगी महिष्मति

**समाज जागरण**

सम्भल। कभी अपनी जलधारा के लिए पहचानी जाने वाली महिष्मति नदी में एक बार फिर पानी बहने लगा है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में संचालित एक जनपद-पांच नदियाँ अभियान के अंतर्गत नदी के अतिक्रमण वाले हिस्सों को मुक्त कराकर खुदाई एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया जा रहा है। अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं और नदी के पुनरुद्धार किए गए हिस्सों में जलधारा प्रवाहित होने लगी है।

महिष्मति नदी ( भैंस नदी) तहसील सम्भल के खग्गुपुरा, रसूलपुर सराय, नरोत्तम सराय, बदायूं दरवाजा एवं हबीबपुर गांवों से होकर गुजरती है। जनपद में नदी की कुल लंबाई करीब 12 किलोमीटर है। वर्तमान में लगभग 1.5 से 2 किलोमीटर हिस्से को उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र के निर्देशन में तहसी लदार



सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार भूड़ अरविंद कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराकर उसकी खुदाई एवं सफाई कराते हुए प्राचीन स्वरूप प्रदान किया गया है।

उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र ने बताया कि नदी के अतिक्रमण वाले हिस्सों को चिह्नित कर उन्हें मुक्त कराने के साथ ही पुनरुद्धार का कार्य कराया जा रहा है। पुनरुद्धार के बाद नदी के कुछ हिस्सों में पानी का प्रवाह शुरू हो गया है।

वर्धमार नदी में भी बह रही जलधारा जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने बताया कि एक जनपद-पांच नदियाँ अभियान के तहत जनपद में जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है। गुन्नौर क्षेत्र की वर्धमार नदी का भी पुनरुद्धार कराया जा रहा है , वहाँ भी जलधारा प्रवाहित हो रही है। इसी क्रम में महिष्मति नदी को भी चरणबद्ध तरीके से पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराकर उसके प्राचीन स्वरूप में लौटाया जाएगा। नदियों के पुनरुद्धार से जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन के इस प्रयास से क्षेत्र में जलधाराओं को पुनर्जीवित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिल रही है।

# जिला सीनियर बार एसोसिएशन ने किया एस.ओ.सी. अजय कुमार वर्मा का स्वागत, अधिवक्ताओं की समस्याओं पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**

संभल।जिला सीनियर बार एसोसिएशन, संभल के कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक नवनियुक्त एस. ओ. सी. (SOC) अजय कुमार वर्मा के आगमन पर एक परिचय वार्ता के रूप में आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रस्तोगी (एडवोकेट) ने की और संचालन सचिव शाहिद हुसैन (एडवोकेट) द्वारा किया गया।बैठक के मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे। भ्रष्टाचार मुक्ति की मांग चेयरमैन उमेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) ने नए एस.ओ.सी. के समक्ष चकबंदी प्रक्रिया में व्याप्त भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त करने और आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की।सकारात्मक दृष्टिकोणः वरिष्ठ अधिवक्ता माधव मिश्रा और अरविन्द सिंह ने कहा कि चकबंदी मामलों में न्याय हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण से और नियमानुसार किया जाना चाहिए।स्वागत और अभिनंदन



वरिष्ठ उपाध्यक्ष मौ० अरशद (एडवोकेट) ने नवागत एस.ओ.सी. साहब का बुके देकर और गर्मजोशी से स्वागत किया।पक्षकारों की सुनवाईः उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह (एडवोकेट) ने जोर देकर कहा कि किसी भी मामले में फैसला दोनों पक्षों की दलीलों को पूरी तरह और निष्पक्षता से सुनने के बाद ही लिया जाना चाहिए।जूनियर अधिवक्ताओं को प्राथमिकताः संयुक्त सचिव चौ० अजीत सिंह (एडवोकेट) ने नए और जूनियर अधिवक्ताओं को काम में प्राथमिकता देने और उन्हें सहयोग करने का विचार सामने रखा।

बैठक के अंत में चेयरमैन उमेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) ने मुख्य अतिथि और वहां मौजूद सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के कई अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# दमोह पुलिस ने निकाली भव्य तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा

## एसपी आनंद कलादगि के नेतृत्व में 150 से अधिक पुलिस मोटरसाइकिलें हुईं शामिल, शहर में गूंजा राष्ट्रप्रेम का संदेश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को दमोह पुलिस द्वारा भव्य तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में पुलिस विभाग की 150 से अधिक मोटरसाइकिलें शामिल हुईं। हाथों में तिरंगा थामे पुलिस अधिकारी और जवान पूरे उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति की भावना के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे।

तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा के दौरान शहर का माहौल देशभक्ति से सराबोर नजर आया। पुलिस जवानों ने मोटरसाइकिलों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर यात्रा में सहभागिता की। यात्रा के माध्यम से नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। मार्ग में लोगों ने भी तिरंगा यात्रा को उत्साह के साथ देखा और पुलिस जवानों का उत्साहवर्धन किया।

**एसपी के नेतृत्व में निकली यात्रा**

तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने किया। उनके साथ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिसकर्मी एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। निर्धारित मार्ग से गुजरते हुए पुलिसकर्मियों ने अनुशासन और एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज प्रत्येक भारतीय के गौरव और सम्मान से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष की याद दिलाता है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में जीवन जी रहे हैं।

**नागरिकों से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की अपील**

एसपी आनंद कलादगि ने जिले वासियों से स्वतंत्रता दिवस को गरिमा, उत्साह और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने तथा देशहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। पुलिस की इस तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शहर में देशभक्ति का माहौल बनाने के साथ ही एकता, अनुशासन और राष्ट्रगौरव का संदेश दिया। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की सहभागिता से आयोजित यह यात्रा शहरवासियों के बीच आकर्षण का केंद्र रही।

# जनसुनवाई में 247 आवेदनों पर हुई सुनवाई

### जय श्री की बिजली कनेक्शन की फरियाद पर कलेक्टर ने दिखाई तत्परता, ₹3 हजार की सहायता राशि का चेक देकर तत्काल कनेक्शन के दिए निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**




दमोह। कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। सामान्य जनसुनवाई में कुल 247 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 17 लोगों के आधार अपडेशन तथा 60 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न समस्याओं से संबंधित सामूहिक आवेदन भी प्राप्त हुए।

**जय श्री की फरियाद पर तत्काल कार्रवाई**

बजरिया वार्ड, दमोह निवासी जय श्री ठाकुर अपने घर में बिजली कनेक्शन की समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वे कई दिनों से कनेक्शन के लिए प्रयास कर रही हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर यादव ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाया और घर में तुरंत बिजली कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। साथ ही जय श्री ठाकुर को ₹3 हजार की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। समस्या का तत्काल समाधान होता देख जय श्री ठाकुर के चेहरे पर खुशी नजर आई। उन्होंने जनसुनवाई की सराहना करते हुए कहा कि वह बड़ी उम्मीद के साथ अपनी समस्या लेकर आई थीं और उनकी फरियाद पर तत्काल कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अपने घर में बिजली कनेक्शन लगने का सपना था, जो अब पूरा होने जा रहा है।

# अखंड भारत संकल्प दिवस को लेकर विहिप की बैठक

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। विश्व हिंदू परिषद सोनभद्र की बैठक मंगलवार को चोपन स्थित जिला अध्यक्ष के कार्यालय पर हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय ने की। उन्होंने सभी प्रखंड पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि 13 और 14 अगस्त को बजरंग दल के बैनर तले न्याय पंचायत



स्तर पर अखंड भारत संकल्प दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाए। उन्होंने कहा कि देश की जो सीमाएं विभिन्न परिस्थितियों में विभाजित हुई हैं, उन्हें पुनः प्राप्त करने के संकल्प को समाज के बीच पहुंचाना आवश्यक है। अपनी अखंडता और विभाजित सीमाओं का स्मरण करते रहना ही इस संकल्प को मजबूत बनाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से इस संकल्प को एक अभियान के रूप में जन-जन तक पहुंचाने और अपने हृदय में दृढ़ता से धारण करने का आह्वान किया। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष जनार्दन जी एवं प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, जिला धमार्चार्य संपर्क प्रमुख बृजेश मोदनवाल, जिला गोरक्षा प्रमुख जयप्रकाश धार दुबे, प्रखंड उपाध्यक्ष नागेश सिंह, प्रखंड मंत्री सोनू मोदनवाल, सह प्रखंड मंत्री श्याम सुंदर निषाद, प्रचार-प्रसार प्रमुख सुजीत शर्मा, गोरक्षा प्रमुख विकास गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला से छेड़छाड़ व धमकी के आरोपी को करमा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित मिशन शक्तिह्व अभियान के अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक करमा के कुशल नेतृत्व में थाना करमा पुलिस द्वारा महिला का पीछा कर उसका हाथ पकड़कर शादी के लिए दबाव बनाने, विरोध करने पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। दिनांक 10.08.2026 को आगन्तुका के प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर वादिनी द्वारा आरोप लगाया गया कि विपक्षी नरेन्द्र तिवारी पुत्र यदुवेन्द्र तिवारी, निवासी भरुहा, थाना करमा, जनपद सोनभद्र द्वारा अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से उसका पीछा किया गया तथा उसकी स्कूटी रोककर हाथ पकड़ते हुए शादी के लिए कहा गया। विरोध करने पर विपक्षी द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना करमा पर मु0अ0सं0-157/2026, धारा 74, 352, 351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। दिनांक 11.08.2026 को उ0नि0 मनोज सिंह मय हमराह हे0का0 विशाल चौहान द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में भरुहा माईनर के पास अभियुक्त नरेन्द्र तिवारी को उसकी मोटरसाइकिल संख्या UP64BD6826 के साथ पाया गया। अभियुक्त को मुकदमा उपरोक्त में शांति व्यवस्था एवं संज्ञेय अपराध के निवारण हेतु कारण गिरफ्तारी से अवगत कराते हुए धारा 170/ 126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत समय करीब 10:30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तथा नियमानुसार चालान कर माननीय न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त के कब्जे से मिली मोटरसाइकिल संख्या UP64BD6826 को ई-चालान एप के माध्यम से धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया।

थाना करमा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई लगातार की जा रही है।

# कावड़ लेकर युवाओं की टोली बांदकपुर रवाना

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



रनेह। सावन के पवित्र माह में बांदकपुर स्थित देवश्री जागेश्वरनाथ को जल अर्पित करने के लिए रनेह से कावड़ यात्रियों की टोली उत्साह और भक्ति के साथ रवाना हुई। सुबह 6 बजे कचौरा तालाब स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने कावड़ में जल भरा और यात्रा शुरू की। इसके बाद बजरंग आश्रम पहुंचकर आशीर्वाद लिया। यात्रा के दौरान बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। डीजे की धुनों पर युवा उत्साह के साथ नाचते हुए गांव के मुख्य मार्ग से बांदकपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान रोहित साहू, राजेंद्र साहू और सुरेंद्र सिंह लोधी ने कावड़ यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कावड़ यात्रा मंडली रनेह के संयोजक शिवांक राय ने बताया कि पिछले चार वर्षों से लगातार यह यात्रा निकाली जा रही है। शुरूआत में 15-20 श्रद्धाभागीदारी से यात्रियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। यात्रा में पुष्पेंद्र रैकवार, शुभम रैकवार, हल्ले अहिरवार, सुमित चौरसिया, हर्ष पटेल, सत्यम साहू और सूरज कड़ेरा सहित बड़ी संख्या में शामिल रहे

# युवक को अर्द्धनग्न कर घुमाने के मामले में दरोगा और हेड कांस्टेबल निलंबित

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बभनी/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के करकच्छी गांव में गुरुवार दोपहर युवक को अर्द्धनग्न कर बांध कर गांव में घुमाने के मामले में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने क्षेत्रीय दरोगा और एक सिपाही को निलम्बित कर दिया। बभनी थाना क्षेत्र के करकच्छी गांव में गुरुवार दोपहर पर गाली गलौज का आरोप



लगाकर युवक का हाथ रस्सी से हाथ बांधकर और जुते की माला पहनाकर गांव में घुमाने के अमानवीय व्यवहार की घटना पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेकर कार्यवाही का निर्देश दिया था इस प्रकरण में बभनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आगे प्रकरण में भी कार्यवाही चल रहा है। मारपीट के बाद घायल युवक भोला सहित उसके सरजू और कौशल्या को भी चोट लगी थी।घटना में गम्भीर घायल भोला प्रसाद का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। परिवार के लोग घटना को लेकर काफी आहत हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने लापरवाही पर क्षेत्रीय दरोगा अखिलेश पाठक और हेड कांस्टेबल मो सलीम को निलम्बित कर दिया।

# दो नाबालिग बच्चियों से लैंगिक अपराध के दोषी को उम्रकैद व ₹73 हजार अर्थदंड

## आरोप तय होने के महज 4 माह 4 दिन में सुनवाई पूरी कर सुनाई सजा

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। नाबालिग बच्चियों के साथ गंभीर लैंगिक अपराध के मामले में सोनभद्र की दो नाबालिग बच्चियों से लैंगिक अपराध के दोषी को उम्रकैद व ₹73 हजार अर्थदंड,सोनभद्र पॉक्सो कोर्ट का सख्त फैसला, आरोप तय होने के महज 4 माह 4 दिन में सुनवाई पूरी कर सुनाई सजा। नाबालिग बच्चियों के साथ गंभीर लैंगिक अपराध के मामले में सोनभद्र की पॉक्सो अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए अभियुक्त अली फैयाज उर्फ फैज पुत्र सलीमुद्दीन अंसारी, निवासी अनपरा, सोनभद्र को दोषसिद्ध कर शेष प्राकृतिक जीवन काल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं में कुल ₹73,000 का अर्थदंड भी लगाया है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र ओमकार शुक्ला की अदालत ने यह महत्वपूर्ण निर्णय थाना अनपरा के मुकदमा अपराध संख्या 70/2026 में सुनाया। अभियोजन के अनुसार अभियुक्त ने दो नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर उनके साथ लैंगिक अपराध किया था। मामले में अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(m), 65(2), 75(1)(i), 351(3) तथा POCSO Act की धारा 5(m)/6, 5L/6, 9L/10 एवं 9/10 के तहत आरोप विरचित किए गए थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने पीड़िताओं के महत्वपूर्ण बयानों के साथ-साथ चिकित्सकीय साक्ष्य, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज, पुलिस विवेचना एवं अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उपलब्ध साक्ष्यों का समग्र परीक्षण करने के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाया। अदालत ने पॉक्सो एक्ट के गंभीर अपराधों के लिए अभियुक्त को आजीवन कारावास अर्थात उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक कारावास की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त कुल ₹73,000 अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया। अर्थदंड जमा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया गया है। सजा के प्रश्न पर न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का उल्लेख करते हुए अपराध की प्रकृति, उसकी गंभीरता, पीड़िताओं पर पड़े प्रभाव तथा समाज पर उसके प्रभाव को दंड निर्धारण में महत्वपूर्ण माना। न्यायालय ने मामले की परिस्थितियों और अपराध की गंभीरता को देखते हुए माना कि कठोर दंड दिया जाना आवश्यक है। इस फैसले की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि अभियुक्त पर आरोप विरचित होने के बाद महज 4 माह 4 दिन में सुनवाई पूरी कर उसे दोषसिद्ध करते हुए सजा सुना दी गई। पॉक्सो जैसे गंभीर अपराध में त्वरित सुनवाई के माध्यम से पीड़िताओं को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले में राज्य की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस किया।

# स्वास्थ्य कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाने वाले ग्रामीण अब बैकफुट पर

**समाज जागरण/ अकबर अली**



सोनभद्र। बभनी के सतबहनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार रात गाना बजाने और शराब पार्टी का विरोध करने पर ग्रामीणों से मारपीट के आरोप का मामला मंगलवार को नया मोड़ ले लिया। सोमवार को चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ तहरीर देने वाले ग्रामीण अब किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहते हैं। इससे पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। बताया गया कि रविवार रात अस्पताल परिसर में गाना बजाने और शराब पार्टी को लेकर पूछताछ करने पहुंचे ग्रामीणों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों ने मारपीट की थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और चिकित्सक को हटाने के साथ विभागीय कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर मारपीट का आरोप भी लगाया था। मंगलवार को पुलिस की पूछताछ में पीड़ित ने कार्रवाई से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित अब मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहता है। आखिर आरोप लगाने के बाद पीछे क्यों हटे ग्रामीण? आरोप लगाए जाने के बाद अचानक शिकायतकर्ता के पीछे हटने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद पीड़ित ने सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखते हुए भावुक होकर घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र ने कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी मिली है। किसी की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डाला में गूंजा देशभक्ति का ज्वार, भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंगलवार को डाला मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल के नेतृत्व में नगर पंचायत क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए शहीद स्थल तक पहुंची, जहां जनसभा के साथ इसका समापन हुआ।तिरंगा यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पूरे नगर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के



जयकारे गूंजते रहे। तिरंगों से सजा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसका उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को भी याद किया जा रहा है, जिनके बलिदान की बदौलत आज हम स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक दुबे, मुकेश जैन, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह पटेल, विकास मिश्रा, शंभू सिंह गोंड़, मनीष तिवारी, बृजेश पांडेय, विशाल कुमार, कृपाशंकर पांडेय, संतोष कुशवाहा, सौरभ सिंह, धरमु बैगा, राजेश पटेल, जितेंद्र ठाकुर, प्रकाश चौधरी, सर्वेश पटेल, भोला चेरो आदि मौजूद रहे।

# बभनी में गूंजी भारत माता की जय, भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बभनी/ सोनभद्र। भाजपा कार्यकताओं ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत हीरो होण्डा एजेन्सी बभनी बाजार से सरकरी सस्ते गल्ले की दुकान तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान कार्यकताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए तथा लोगों से अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की गई। बभनी ब्लाक क्षेत्र मुख्य बाजार में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी बभनी मण्डल द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई।इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व राज्य सभा सांसद राम सकल द्वारा तिरंगा दिखा कर किया। यह तिरंगा यात्रा हीरो होण्डा एजेन्सी से शुरू होकर बभनी बाजार होते सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के पास समाप्त हुआ।इस तिरंगा यात्रा आजादी के अमृत महोत्सव में हम सब 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं आइये साथ चले तिरंगे का मान बढ़ाये। एक भारत श्रेष्ठ भारत आदि नारे लगाए गए। 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए गए नारे लगाए।लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की गई। भाजपा मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। मण्डल कार्यकताओं द्वारा 13 अगस्त गांव में घूमकर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जायेगा पूर्व राज्य सभा सांसद राम सकल ने कहा कि तिरंगा यात्रा देश के प्रति प्रेम, एकता और राष्ट्रीय गौरव को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह यात्रा नागरिकों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाती है और समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोकर देश की अखंडता का संदेश देती है। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में राष्ट्रीय विधान परिषद सदस्य राम सकल, जिला के पूर्व मंत्री श्री राम निवास तोमर, एससी एसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय जीत सिंह खरवार। इस तिरंगा यात्रा में प्रमोद दुबे, सूर्यकांत दुबे,अमर देव पांडेय, अरुण सिंह खरवार, दीप चन्द्र केशरी, जे पी जयसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, विकास सिंह खरवार, उमेश कुमार, शिव प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

# फर्जी खनिज परमिट गिरोह का पदार्फाश, लैपटॉप - प्रिंटर समेत चार गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। अवैध खनन और खनिजों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर परिवहन कराने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रॉबर्ट्सगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी सिक्योरिटी पेपर तैयार कर गिट्टी-बालू के अवैध परिवहन कराने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लैपटॉप, प्रिंटर, चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 5,900 रुपये नकद समेत फर्जी दस्तावेज तैयार करने में प्रयुक्त डिजिटल सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज रामस्वरूप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम चौकी हिन्दुआरी क्षेत्र के तेन्दु नहर के पास वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे से संबंधित आरोपी तेन्दु (मगुरही) स्थित हनुमान मंदिर परिसर में फर्जी दस्तावेज तैयार करने की तैयारी में एकत्र हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अश्विनी पटेल निवासी कूराकला, थाना पन्नूगंज, उमेश यादव निवासी अतरवा शमशेर, थाना नौगढ़, चंदौली, हिमांशु पाण्डेय निवासी प्रीतनगर, थाना चोपन और शक्तिमान कुमार निवासी हलिया बांध, थाना चकरघट्टा, चंदौली के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह द्वारा ब्लैंक सिक्योरिटी पेपर और फार्म-11 को डिजिटल माध्यम से एडिट कर फर्जी परमिट तैयार किए जाते थे। इनमें वाहन संख्या, चालक का विवरण, गिट्टी-बालू की मात्रा समेत अन्य जानकारियां दर्ज की जाती थीं। पुलिस के मुताबिक हिमांशु पाण्डेय ब्लैंक सिक्योरिटी पेपर उपलब्ध कराता था, जबकि अश्विनी पटेल और उमेश यादव इन्हें शक्तिमान कुमार के सहज जनसेवा केंद्र पर ले जाकर एडिट कराते थे। इसके बाद इन फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल खनिज लदे वाहनों के परिवहन में किया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एचपी कंपनी का लैपटॉप, कैनन प्रिंटर, चार्जर, चार मोबाइल फोन, 5,900 रुपये नकद और अन्य डिजिटल सामग्री बरामद की है। पूछताछ में 16 और 22 जून 2026 को भी फर्जी सिक्योरिटी पेपर तैयार कराने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस इन दस्तावेजों और उनसे कराए गए खनिज परिवहन की तकनीकी व विस्तृत जांच कर रही है। मामला थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 555 /2026 से संबंधित है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।